RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 237
फरीदाबाद, बुधवार, 05 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण







फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


## विजयदशमी की शुभकामनाएं



### अवकाश सूचना

विजयदशमी के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 05 अक्टूबर बुधवार को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 07 अक्टूबर शुक्रवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### बाजार


| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,065 | 1276 |
| निफ्टी | 17,274 | 386 |
| सोना | 51,718 | 980 /10 gm |
| चांदी | 61,997 | 3790 /kg |

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### साढौरा में दो युवकों को डंपर ने कुचला, मौत



**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में मौत बनकर घूमते डंपर लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। ताजा मामला यमुनानगर के साढौरा थाना क्षेत्र के गांव सरावा का है। जहां रेत से भरे डंपर ने बाइक पर जा रहे दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। भारी संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने डंपर को आग के हवाले कर दिया और सड़क पर जाम लगा दिया। बताया जा रहा है कि सचिन व कमल के परिवार में शादी है और वह सरावा अड्डे पर सामान लेने आए थे।

### एंबुलेंस से 25.80 करोड़ के जाली नोट मिले, तीन अरेस्ट



**गुजरात।** सूरत से पुलिस ने एक एंबुलेंस से 25 करोड़ 80 लाख रुपये के जाली नोट जब्त किए हैं। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामला 29 सितंबर का है, इसकी जानकारी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक, सूरत ग्रामीण हितेश कुमार हंसराज ने दी। उन्होंने बताया कि दो अभियुक्तों के घर से 52 करोड़ रुपये और 12 करोड़ रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि मुंबई से विकास जैन और दीनानाथ यादव ने ये कंसाइनमेंट भेजा था। मुंबई से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से जाली नोट बरामद किए गए हैं। टीम ने बताया है कि शातिरों से बरामद हुए 67 करोड़ रुपये के जाली नोट नोटबंदी से पहले के नोट हैं।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


### चुनावी स्कीम्स पर राजनीतिक दलों को ईसी का फरमान, कहा

# घोषणापत्र में चुनावी वादों के बारे में सटीक जानकारी दें पार्टियां

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**चुनाव** आयोग ने चुनावी वादों को लेकर राजनीतिक दलों को चिट्ठी लिखी है। इसमें आयोग ने कहा है राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्र में वोटर्स को चुनावी वादों के बारे में सटीक जानकारी दें। साथ ही यह भी बताएं कि वे जो वादे कर रहे हैं, उसे पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधन हैं भी या नहीं? आसान शब्दों में कहें तो आयोग ने राजनीतिक दलों से जनता को यह बताने के लिए कहा है कि वे अपनी घोषणाओं के लिए फंड कैसे जुटाएंगे।

देश के छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों के लिए उप चुनाव की घोषणा के बाद लिखी इस चिट्ठी में आयोग ने कहा है, पॉलिटिकल पार्टीज को एक तय फॉर्मेट में वोटर्स को बताना चाहिए कि जो वादे किए जा रहे हैं, वे कितने सही हैं? इसके अलावा, वोटर्स को यह भी बताएं कि इन्हें पूरा करने के लिए राज्य या केंद्र सरकार के पास क्या वित्तीय संसाधन हैं। चुनाव आयोग ने कहा, हम आंख मूंदकर नहीं बैठ सकते।

आयोग ने कहा कि हम इस मुद्दे पर आंख मूंदे नहीं रह सकते हैं। अगर राजनीतिक दल सिर्फ खोखले वादे कर रहे हैं, तो इसके दूरगामी असर होंगे। आयोग ने अपनी चिट्ठी में सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर 19 अक्टूबर तक अपना सुझाव देने को कहा है।

### फ्री स्कीम्स का मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग

**चुनाव** में फ्री स्कीम्स वादों पर सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है। 25 अगस्त को सुनवाई के बाद तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना ने इसे नई बेंच में ट्रांसफर कर दिया था। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने फ्री स्कीम्स पर रोक लगाने के लिए याचिका दाखिल की है।

### तीन नवंबर को छह राज्यों की सात सीटों पर होगा चुनाव

**छह** राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव होगा। ये उपचुनाव बिहार के मोकामा और गोपालगंज, महाराष्ट्र के अंधेरी (पूर्व), हरियाणा के आदमपुर, तेलंगाना के मुनुगोडे, यूपी के गोला गोरखनाथ और ओडिशा के धामनगर विधानसभा क्षेत्र में होंगे।

### आदमपुर उपचुनाव पर एक्शन में चुनाव आयोग

## उपायुक्त ने पार्टी नेता बुलाए उम्मीदवारों के लिए निर्देश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार

**हिसार** के डीसी उत्तम सिंह ने आदमपुर उप चुनाव को लेकर मंगलवार सभी पार्टियों के नेताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सभी पार्टी के नेताओं को आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्हें चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

चुनाव आयोग की ओर से एक ऐप चलाया जा रहा है। कोई भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर फोटो खींच कर उसमें अपलोड कर सकता है। पार्टी नेताओं ने कहा कि उम्मीदवार पोस्टर-बैनर कहा पर लगाएंगे। तब डीसी ने कहा कि जल्द ही इसके लिए स्थान निर्धारित किए जाएंगे। उम्मीदवार निर्धारित समय से अधिक खर्च नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है, जिसमें संबंधित व्यक्ति को एक वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माना भी हो सकता है।

### उत्तराखंड के पौड़ी में दर्दनाक हादसा

# 40 से ज्यादा बारातियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी

### आठ लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है

**एजेंसी।** देहरादून

**उत्तराखंड** के पौड़ी जिले में एक दर्दनाक बस हादसा हुआ है। मंगलवार शाम को बारातियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। धुमाकोट क्षेत्रान्तर्गत टिमरी गांव के पास बारात की बस गहरी खाई में गिरने से यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। घटना के तुरंत बाद एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए रवाना हो गई है।

बस हादसा धुमाकोट से 70 किमी आगे टिमरी गांव के पास हुआ है। हादसे के वक्त बारातियों से भरी बस, लालढांग हरिद्वार से कांडा गांव, पौड़ी जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस में 40 के करीब यात्री सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में आठ लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मंगलवार दोपहर को जनपद हरिद्वार के लालढांग क्षेत्र से एक बस बारातियों को लेकर बीरोंखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कांडा के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम को अंधेरे में घिरोली पुल से आगे सिमडि इंटर कॉलेज के निकट बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने और पुलिस टीम ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर दिया था। क्षेत्रीय विधायक महंत दिलीप रावत ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डीएम, एसएसपी को तत्काल एक्शन लेने को कहा। विधायक रावत ने बताया कि वह स्वयं पूरे मामले में नजर बनाए हुए हैं। बस हादसे में यात्रियों को रेस्क्यू और राहत व बचाव का कार्य किया जा रहा है।





**एसडीआरएफ**, जिला प्रशासन सहित पुलिस टीम मौके पर मौजदू है। लोकल ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य किया जा रहा है। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

### उत्तरकाशी में एवलॉन्च : पर्वतारोहण संस्थान के 29 ट्रेनी बर्फ में फंसे, 10 मरे

**देहरादून** उत्तराखंड के उत्तराकाशी में मंगलवार को एवलांच आया। यह घटना द्रौपदी का डांडा (डीकेडी) नाम की जगह पर हुई, जहां आमतौर पर पर्वतारोहियों को ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग के लिए नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के 29 ट्रेनी गए थे। आठ लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 10 शव बरामद हुए हैं, 11 लोग अभी लापता हैं। राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात कर रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के लिए सेना की मदद मांगी है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के डीआईजी रिद्धिम अग्रवाल ने जानकारी दी कि एसडीआरएफ की टीम कैंप पहुंच चुकी है। एयरफोर्स के एक अधिकारी ने बताया कि रेस्क्यू के लिए आईएएफ के दो चीता हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एवलॉन्च के दौरान 20 ट्रेनी की मौत हो गई। कुछ में कहा जा रहा है कि दो ट्रेनी की मौत हुई है। लेकिन, अभी तक मौतों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

### हरियाणा की एयर क्वालिटी पॉलिसी तैयार

## दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण का होगा परमानेंट सॉल्यूशन

### सीएम बोले, काम में लगें अफसर

**एजेंसी।** चंडीगढ़



**हरियाणा** ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट पॉलिसी तैयार कर ली है। अब दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में होने वाले एयर पॉल्यूशन का परमानेंट सॉल्यूशन होगा। सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि पॉलिसी को जमीनी स्तर पर लागू करके एयर पॉल्यूशन के स्तर में कमी लाई जाएगी। इसके लिए जिन अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है, वह अपने-अपने काम को पूरा करने में लग जाएं।

पॉलिसी के तहत इंडस्ट्री, ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन, सड़कों और ओपन एरिया से डस्ट, सॉलिड वेस्ट और पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। पॉलिसी में थर्मल पावर प्लांट, स्वच्छ ईंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सार्वजनिक परिवहन, रोड ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, डीजल जनरेटर, हरियाली और प्लांटेशन के जरिए से एयर पॉल्यूशन को कम करने के उपायों पर जोर दिया गया है।

### अर्बन डिपार्टमेंट को यह काम करना होगा

**हरियाणा** के अर्बन डिपार्टमेंट का काम तय कर दिया गया है। एमएसडब्ल्यू और लैंडफिल में आग जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण, सी एंड डी परियोजनाओं से डस्ट मैनेजमेंट, प्रभावी धूल नियंत्रण उपायों की निगरानी, सी एंड डी अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा के लिए योजना बनाएगा। साथ ही बुनियादी ढांचे का भी विकास करेगा। सड़कों और ओपन एरिया से डस्ट रोकने, स्वीपिंग और छिड़काव मशीनों की व्यवस्था, खुले क्षेत्रों को हरा-भरा करना होगा।

### इंडस्ट्री डिपार्टमेंट इन पर रखेगा नजर

**इंडस्ट्री** डिपार्टमेंट औद्योगिक कचरा जलाने से रोकने के लिए प्लानिंग करेगा। स्वच्छ ईंधन में परिवर्तन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और जनरेटर सेट का सीमित उपयोग सुनिश्चित कराएगा। एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट द्वारा राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए एक्स सीटू तथा इन-सीटू प्रबंधन सहित समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## डीजी की हत्या का आरोपी नौकर गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज में दिखा था यासिर

**एजेंसी।** श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर के डीजी जेल हेमंत लोहिया की सोमवार देर रात हत्या कर दी गई। इस घटना को लेकर अभी तक दो एंगल सामने आए हैं। पहला टेररिस्ट अटैक का और दूसरा मुख्य आरोपी और नौकर यासिर की मानसिक स्थिति और व्यवहार को लेकर। यासिर सीसीटीवी में भागता हुआ नजर आया था। रातभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ शुरू हो गई है।

## फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को

**स्टॉकहोम।** स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में नोबेल प्राइज वीक 2022 का मंगलवार को दूसरा दिन था। मंगलवार को फिजिक्स का नोबेल तीन वैज्ञानिकों को दिया गया है। ये हैं- एलेन आस्पेक्ट, जॉन एफ क्लॉसर और एंटन जेलिंगर। उन्हें यह पुरस्कार क्वांटम इन्फॉर्मेशन साइंस और फोटोन्स पर रिसर्च के लिए दिया गया है। एलेन आस्पेक्ट फ्रांस से ताल्लुक रखते हैं। वो पेरिस और स्केले यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। जॉन एफ क्लॉसर अमेरिकी रिसर्चर और प्रोफेसर हैं। एंटन जेलिंगर ऑस्ट्रिया की विएना यूनिवर्सिटी में फिजिक्स के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट और रिसर्चर हैं। नोबेल प्राइज वीक 10 अक्टूबर तक चलेगा। सात दिन में कुल 6 प्राइज अनाउंस होंगे। सोमवार को मेडिसिन का नोबेल स्वीडन के सावन्ते पाबो को दिए जाने का ऐलान हुआ था।

# केरल के 873 पुलिस कर्मियों का पीएफआई से लिंक

### एनआईए की रिपोर्ट में खुलासा सभी पर छापेमारी से जुड़ी इंफॉर्मेशन लीक करने का आरोप

**एजेंसी।** तिरुवनन्तपुरम

**केरल** में कम से कम 873 पुलिस कर्मी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने केरल पुलिस चीफ को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है। अब राज्य के सब-इंस्पेक्टर और स्टेशन हेड ऑफिसर रैंक के अधिकारी और सिविल पुलिस कर्मी केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। इन अफसरों के बैंक अकाउंट्स और पैसे के लेन-देन का ब्योरा जुटाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, एनआईए की लिस्ट में स्पेशल ब्रांच, इंटेलिजेंस, लॉ और ऑर्डर विंग से संबंधित कर्मी और केरल पुलिस के अधिकारियों के ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने पुलिस की ओर से की गई छापेमारी सहित कई हम जानकारियां लीक की हैं।



### फरवरी में कई पुलिस कर्मी हुए थे सस्पेंड

**पिछली** फरवरी में, थोडुपुझा में करीमन्नूर पुलिस स्टेशन से जुड़े एक सिविल पुलिस अधिकारी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं की जानकारी पीएफआई को लीक करने के लिए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसी तरह के मामले में मुन्नार थाने में भी एक एसआई समेत तीन पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया था। जांच एजेंसियों ने दो राउंड में ताबड़तोड़ छापे मारे थे, दो दिन में 278 गिरफ्तारियां हुईं। एनआईए, ईडी और राज्यों की पुलिस ने 22 और 27 सितंबर को पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी।

### पीएफआई पर पांच साल का बैन

**सरकार** ने 28 सितंबर को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, यानी पीएफआई को पांच साल के लिए बैन कर दिया। इसके अलावा आठ और संगठनों पर कार्रवाई की गई है। इन सभी के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले हैं। केंद्र सरकार ने यह एक्शन अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट के तहत लिया है। सरकार ने कहा कि पीएफआई और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं।

### 16 साल पहले बना, 23 राज्यों में फैला

**साल** 2006 में मनिथा नीति पसाराई और नेशनल डेवलपमेंट फंड नामक संगठन ने मिलकर पॉपुलर फ्रंट इंडिया का गठन किया था। ये संगठन शुरुआत में दक्षिण भारत के राज्यों में ही सक्रिय था, लेकिन अब बिहार समेत 23 राज्यों में फैल चुका है। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 राज्यों के 93 ठिकानों पर 22 सितंबर को एनआईए-ईडी ने ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत छापेमारी की थी। इस मामले में जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया था। कोझिकोड से गिरफ्तार पीएफआई वर्कर शफीक पायथे के रिमांड नोट में ईडी ने कहा, पटना में 12 जुलाई को प्रधानमंत्री की रैली में हमले की साजिश की गई थी, जिसकी फंडिंग में शफीक पायथे भी शामिल था। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया एक ऐसा संगठन जिस पर बीते सालों में आतंक की कई घटनाओं में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। इस दौरान इसके कई कार्यकर्ता पकड़े गए। इनसे कई दस्तावेज मिले। इसमें लिखा था, 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मना रहा होगा, तब तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है।




पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 05 अक्टूबर, 2022



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- नंगला रोड, भड़ाना चौक पर नेताओं का पुतला दहन : सुबह 10 बजे
- सेक्टर-79 स्थित भगवान कृष्ण चौक के पास दशहरा कार्यक्रम : शाम 5 बजे
- सेक्टर-86 स्थित साईधाम में साईबाबा की पुण्यतिथि व विजयदशी कार्यक्रम : सुबह 10 बजे
- शहरभर में मौजूद दशहरा ग्राउंडों में रावण दहन कार्यक्रम : शाम 5 बजे
- दुर्गा पूजा के पंडालों में मां दुर्गा की विदाई व सिंदुर खेल का आयोजन: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**सिस्टमेटिक** इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए रिटेल निवेशक अधिक से अधिक म्यूचुअल फंड स्कीम्स से जुड़ रहे हैं। इसमें यह सुविधा है कि 500 रुपये मंथली से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। बीते एक साल की बात करें तो कई फंड्स ने निवेशकों का पैसा डबल कर दिया है। यानी, उन्हें 100 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिला।

## यूटीलिटी न्यूज

### वरिष्ठ नागरिकों को दी जानकारी

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर एवं सुकृति सीजीएम डीएलएसए फरीदाबाद के निर्देशानुसार एडवोकेट संजय गुप्ता और अर्चना गोयल ने फरीदाबाद सेक्टर-11 स्तिथ डिमेंशिया केयर होम में वरिष्ठ नागरिकों के बीच में जाकर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्कीम व सुविधाएं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। इसके साथ-साथ बुजुर्गों को आ रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के निदान के लिए डॉक्टर गजराज सिंह उप चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करवाया गया। जिसमें डिमेंशिया केयर होम में एडमिट व अन्य बुजुर्गों की स्वास्थ संबंधी जांच की गई और उन्हें बेहतर उपचार, दवाइयां उपलब्ध कराई गई। अधिवक्ता संजय गुप्ता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद निरंतर शिविर जारी रहेगी।

## क्विक न्यूज

### 15 अक्टूबर तक करें आवेदन

**फरीदाबाद।** भारतीय बाल कल्याण परिषद ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए बहादुर बच्चों के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त विक्रम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों की आयु 6 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उनके द्वारा बहादुरी का कार्य पहली जुलाई, 2021 से 30 सितंबर, 2022 तक किया हुआ हो। ऐसे बहादुर बच्चे एवं संस्थान निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन भारतीय बाल कल्याण परिषद को सभी निर्धारित नियमों सहित भेजना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम ने बताया कि भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा जोखिम परिस्थितियों में बहादुरी का कार्य करने वाले बहादुर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा देशभर में 25 बहादुर बच्चों को चार श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने के उपरांत परिषद द्वारा गठित कमेटी ऐसे बहादुर बच्चों का पुरस्कार के लिए चयन करेगी। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप एक पदक, प्रमाण पत्र तथा नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

# स्मार्ट सिटी : इस बार दशहरा और दिवाली पर अंधेरे में डूबा रहेगा शहर

### तमाम संसाधन मौजूद होने के बावजूद नहीं हो रही स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**एक** तरफ जहां दीपावली से पहले शहर को रोशनी से जगमग करने की तैयारी नगर निगम द्वारा की जाती थी। लेकिन इस बार नगर निगम द्वारा शहर के लोगों को अंधेरे में दशहरा और दीपावली मनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। क्योंकि इस बार निगम के संबंधित अधिकारी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने के नाम पर लगातार ठेका खत्म होने की बात कर रहे हैं।

शहर में करीब 60 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें हैं। इनमें से भारी संख्या में लाइटें खराब हो चुकी हैं। नगर निगम का एप 311 खराब स्ट्रीट लाइटों की शिकायतों से भरा पड़ा है। निगम द्वारा करीब चार साल पहले बिजली की बचत के नाम पर शहर की तमाम हैलोजन लाइटों को उतरवा कर उनकी जगह एलईडी लाइटें लगवाई थीं। लाइटों की पांच साल रख-रखाव की जिम्मेदारी भी उसी कंपनी की है। खराब होने पर कंपनी दोबारा लाइटें उपलब्ध करवाएगी।



सेक्टर 24 की इस व्यस्त सड़क पर नहीं हैं स्ट्रीट लाइटें।



ठीक-ठाक खंबों के पास नए लगा रहे हैं पर स्वीच के पैसे नहीं।

### एलईडी घोटाला भी दब गया

**नगर** निगम ने वर्ष 2018 में हैलोजन स्ट्रीट लाइटों की जगह एलईडी लाइटें लगाने के लिए 12 करोड़ रुपये का टैंडर जारी किया था। ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए निगम ने मरम्मत के तीन ठेके अलग से दिए थे। जबकि पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी एलईडी उपलब्ध करवाने वाली कंपनी की होती है। तत्कालीन निगम आयुक्त मोहम्मद शाइन को एलईडी ठेके में घोटाला किए जाने का संदेह हो गया था। जिसकी उन्होंने आला अधिकारियों से शिकायत भी की थी। मामले की जांच स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक समीरपाल सरो को सौंपी गई थी। उन्होंने एलईडी टेंडर घोटाले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी थी। इस दौरान निगम आयुक्त मोहम्मद शाइन का तबादला हो गया। जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने एलईडी घोटाले को भी दबा दिया। स्थानीय निकाय विभाग के स्तर पर इस मामलें में कहां तक जांच की गई है। यह बात कभी भी उजागर नहीं हो पाई है। यदि एलईडी के लिए जारी टेंडर, सैंशन और कोटेशनों की गहनता से जांच की जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

### मरम्मत के ठेके की जरूरत क्यों

**शहर** में भारी संख्या में एलईडी लाइटें खराब पड़ी हैं। मरम्मत का ठेका खत्म होने के बाद एलईडी लाइटों को बदले का काम भी ठप है। लगातार शिकायतें आने के बाद निगम अधिकारी फिर मरम्मत का ठेका देने के जुगाड़ में जुटे हैं। अधिकारियों ने निगमायुक्त से ठेके का समय बढ़ाने के लिए कहा था कि उन्होंने बिना टैंडर के ठेका देने से इनकार कर दिया, लेकिन सवाल यह है कि जब एलईडी की पांच साल रख-रखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की है तो निगम द्वारा उन्हीं से खराब लाइटों को क्यों नहीं बदलवाया जा रहा है। वहीं नगर निगम के पास खंबों पर लगी एलईडी लाइटों को बदलने के लिए गाड़ियां, अन्य संसाधन और कर्मचारी भी मौजूद हैं। नगर निगम चाहे तो खुद भी शहर में लगी खराब एलईडी लाइटों को बदलने का काम कर सकता है, लेकिन निगम अधिकारी फिर भी मरम्मत का ठेका देने के प्रयास में जुटे हुए हैं। निगम की इस लापरवाही का ठेकेदार को पूरा फायदा मिल रहा है। खराब लाइटों को बदलने का काम बंद होने से ठेकेदार को नई लाइटें नहीं देनी पड़ रही है।



हार्डवेयर चौक पर लगी फैंसी लाइटें।

ऐसे में निगम को सिर्फ लाइटों को बदलना है। जिसके लिए निगम के पास तमाम संसाधन भी मौजूद हैं। लेकिन निगम अधिकारी पूर्व ठेकेदारों का ठेका बढ़ाने का दबाव बनाने के लिए जानबूझ कर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं करवा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक निगमायुक्त ने बिना टैंडर के किसी भी ठेके का समय बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

### शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा

**नगर** निगम के अधिकारियों द्वारा आम जनता के फायदे के लिए कम और निजी स्वार्थ के लिए ज्यादातर काम कराए जाते हैं। इसी कड़ी में निगम द्वारा एलईडी उपलब्ध करवाने वाली कंपनी और अपने फायदे के लिए आवश्यकता न होने पर भी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का ठेका कई सालों से दिया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि ठेका होने के बाद भी स्ट्रीट लाइटें जलाने और बुझाने के लिए खंबों पर स्वीच तक नहीं हैं। वहीं लाखों का भुगतान करने के बाद भी शहर के ज्यादातर हिस्सों में अंधेरा रहता है। शहर के औद्योगिक सेक्टर 24 और 25 की कई सड़कों पर तो स्ट्रीट लाइटें हैं ही नहीं। ऐसे में इन इलाकों में काम पर आने जाने वाले मजदूरों को अंधेरे में अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलना पड़ता है। करीब एक महीने पहले स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का ठेका खत्म हो गया है। जिसके बाद रही सही स्ट्रीट लाइटें भी खराब हो रही हैं। जिससे लगता है कि इस बार लोगों को दशहरा और दीपावली भी अंधेरे में मनानी पड़ेगी।

### त्योहारों में परेशान हैं लोग



**समाजसेवी** अनीशपाल का कहना है कि त्योहारों के सीजन में शहर की ज्यादा स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जिससे लोगों को इन दिनों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एलईडी घोटाले की यदि बारीकी के साथ जांच की गई तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। ठेकेदार द्वारा किस कंपनी की कितनी लाइटें उपलब्ध करवाई और मौके पर कितनी लाइटें आई। प्रत्येक वार्ड में लगी लाइटों की गिनती होनी चाहिए।

# स्लेजहैमर कंपनी में हवन और भंडारे का आयोजन





स्लेजहैमर प्रांगण में आयोजित हवन में भाग लेते कम्पनी के डायरेक्टर केसी मोहंती, अंकुर कौशिक और अन्य। स्लेजहैमर प्रांगण में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** भर में जहां एक तरफ नवरात्रों में मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा - अर्चना की गई। वहीं बीती रात सेक्टर-24 स्थित स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मां भगवती की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के स्टाफ के साथ अन्य उपस्थित अतिथियों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई।

जिसके बाद अगले दिन मंगलवार को कंपनी परिसर में हवन के बाद एक विशाल एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कन्या पूजन के बाद सैकड़ों कर्मचारियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सेक्टर-24 स्थित औद्योगिक संस्थान स्लेजहैमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी माता की चौकी का आयोजन सोमवार रात किया गया।

मंगलवार सुबह को कंपनी परिसर में हुए हवन में स्लेजहैमर समूह के सदस्यों ने अपनी आहूति डाली। हवन में कम्पनी के डायरेक्टर केसी मोहंती और अंकुर कौशिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। हवन के बाद उनके द्वारा कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के डायरेक्टरों ने स्वयं माता की स्वरूप कन्याओं को भोजन परोसा। जिसके बाद भंडारा प्रसाद वितरण शुरू किया गया।

# रामलीला के मंच पर कुम्भकरण और मेघनाथ का वध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री धार्मिक** लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लाक के मंच पर सोमवार रात रामलीला में कुम्भकरण और मेघनाथ का वध हुआ। इस बारे में जानकारी देते हुए निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि सबसे पहले दृश्य में रावण सीता को कहने आता है कि राम व लक्ष्मन मारे गए हैं और वह सीता को राम व लक्ष्मन के कटे हुए सिर भी दिखाता है।

अगले दृश्य में रावण सहायता के लिये कुम्भकरण को जगाता है और फिर कुम्भकरण व राम का भयंकर युद्ध होता है जिसमें कुम्भकरण राम के हाथों मारा जाता है। कुम्भकरण के मारे जाने की सूचना सुनकर रावण घबरा जाता है और वह विश्वास ही नहीं कर पाता कि कुम्भकरण जैसा योद्धा भी मारा जा सकता है। अगले दृश्य में मेघनाथ युद्ध के लिये जाता है।



एनएच पांच स्थित श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के मंच पर लीला मंचन करते कलाकार।

मेघनाथ और लक्ष्मन का युद्ध होता है लेकिन मेघनाथ के सभी शक्तियों से प्राप्त किये बाण लक्ष्मन निष्फल कर देते हैं तो मेघनाथ समझ जाता है कि अब राक्षस जाति का अंत निश्चत है इसलिये वह युद्ध के मैदान से निकलकर रावण को समझाने जाता है कि हम यह युद्ध नहीं जीत सकते इसलिए सीता को लौटाकर राक्षस जाति का अंत होने से बचा लीजिए। तब रावण मेघनाथ को कायर कहकर युद्ध में स्वयं जाने का निर्णय लेता है। उस समय मेघनाथ कहता है कि मैं युद्ध आरम्भ कर चुका हूं और मैं युद्ध के मैदान से भाग नहीं सकता, मैं सिर्फ आपको समझाने आया था और वह रावण का आशीर्वाद लेकर युद्ध करने जाता है और लक्ष्मन के हाथों वीरगति को प्राप्त होता है।

# रावल पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास से मनाया दशहरा पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रावल** पब्लिक स्कूल में नवरात्र और दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने अनेक आकर्षक व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वन्दना व रामायण की प्रसिद्ध चौपाइयों के गायन तथा स्कूल प्रिंसिपल सुश्री राखी वर्मा द्वारा श्रीराम का तिलक कर की गयी। इसके बाद कक्षा नौ की छात्रा सुहानी ने 'विजय दशमी' शीर्षक पर आधारित खूबसूरत भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। इसी श्रृंखला में लघु नाटिका तथा नुक्कड़ नाटक का अद्भुत और शानदार मंचन किया गया।

छात्रा जागृति ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श जीवन चरित्र पर एक ज्ञानवर्धक भाषण दिया।



रावल पब्लिक स्कूल में दशहरा के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कार्यक्रम का अंत श्रीराम स्तुति द्वारा हुआ। प्रिंसिपल राखी वर्मा ने सभी प्रतिभागियों के अभिनय की प्रशंसा की और छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि हालांकि यह उत्सव हर साल मनाया जाता है, लेकिन हर साल यह हमें हमारी मूलभूत शिक्षाएं जैसे सत्य, धर्म और निष्ठा को सुदृढ़ बनाने के लिए हमें प्रेरित करता कि हम कितना भी पश्चिम संस्कृति से प्रभावित हो जाएं, लेकिन हमारी पौराणिक शिक्षाएं जीवन का अंग रही हैं और हमेशा रहेंगी। रावल एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सीबी रावल ने शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

# सेंट कोलंबस में नवरात्र पर डांडिया का आयोजन

### माता रानी के जयकारे लगाते हुए कार्यक्रम का समापन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दयालबाग** स्थित सेंट कोलंबस स्कूल में नवरात्र महोत्सव के दौरान, डांडिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। वैसे तो विद्यालय में प्राण-प्रतिष्ठित देवी की सदैव ही सुबह-शाम पूजा-अर्चना की जाती है, परंतु नवरात्र में इस कार्य और अधिक उत्साह एवं श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से संपन्न किया जाता है।

विद्यालय में आध्यात्मिक वातावरण बनाए के लिए धूप-दीप-नैवैदम से मातारानी की पूजा-अर्चना की गई। ढोल-नगाड़ों की धुन पर विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा मस्ती में झूमकर डांडिया का आनंद लिया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं प्रधानाचार्य लेखा वीएम के नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन से ही संपूर्ण कार्यक्रम सकारात्मकता पूर्वक संभव हो सका।



सेंट कोलबंस स्कूल में नवरात्र के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डांडिया खेलते टीचर और अन्य।

माता रानी के चरणों में आयोजित कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए 'तंबोला खेल' का भी आयोजन किया गया सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने तंबोला का जमकर लुफ्त उठाया और अनेक उपहार जीतकर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के पावन अवसर पर सभी ने मिलकर मातारानी के अनेक भजन भी गाए व गुनगुनाए। विद्यालय परिवार पर माता रानी रिद्धि सिद्धि समृद्धि की सदैव ही वर्षा करती रहें, इसी प्रार्थना के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




लिये फिरते हैं मन में लोग अब गठरी बुराई की
मगर करते मिलेंगे बात दुनिया की भलाई की
ज़रूरी है कि पहले मन के सारे पाप धुल जाएँ
लगे फिर आग पुतले में किसी भी आततायी की

# दुर्गापूजा में महानवमी के हवन में दी लोगों ने आहुति

### आज महादशमी पर श्रद्धालु द्वारा खेला जाएगा सिंदुर, होगा नृत्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**दुर्गा** नवमी के दिन शहर में बंगाली समुदाय के लोगों ने दुर्गापूजा पंडालों में पहुंच कर हवन में आहुति दी। इस मौके पर शहर के ज्यादातर दुर्गापूजा पंडालों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। रविवार को दुर्गापूजा महोत्सव के अंतिम दिन विजयदशमी के अवसर पर पूजा पंडालों सें मां दुर्गा को भाव भीनी विदाई दी जाएगी।

इस मौके पर महिलाओं द्वारा पारम्परिक तरीके से सिंदुर खेलने की रश्म अदा की जाएगी। इसके साथ ही बंगाल का प्रसिद्ध धुनोची नृत्य भी किया जाएगा। बीती शाम सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाडी में अष्टमी पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बीती रात घुनुची डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह नृत्य हर साल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र होता है। इस डांस में श्रद्धालु वाद्य यंत्र ढाक की ताल पर एक साथ कई धुनों लेकर हैरतअंगेज तरीके से नृत्य करते नजर आए। वहीं बाटा-हार्डवेयर रोड स्थित फरीदाबाद दुर्गा बाडी मंदिर में चित्रकला व शंखनाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं व पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें अधिक देर तक शंख बजाने वालों को विजेजा घोषित किया गया। इसके अलावा यहां कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किए। कलाकारों अपने नृत्यों से लोगों का मन मोह लिया। वहीं महानवमी के मौके पर सुबह पुष्पांजलि के बाद हवन में यहां श्रद्धालुओं ने अपनी आहुति दी। रविवार को मां दुर्गा के विसर्जन से पूर्व सभी दुर्गापूजा पंडालों में सिंदूर खेलने की रश्म अदा की जाएगी।



सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में घुनुची डांस करते श्रद्धालु।

**अवैध नशा तस्कर को किया गिरफ्तार:** फरीदाबाद डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपी का नाम सतपाल है जो फरीदाबाद के एसी नगर का रहने वाला है।

**मृतक की शिनाख्त**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 4/10/2022 को समय करीब सुबह नौ बजे पर मेवला फ्लाईओवर कंपनी डी पी डूर, 14/7, मथुरा रोड के सामने बाएं हाथ पर गुदा हुआ नाम उमेश पता नामालुम व्यक्ति की लाश किसी अज्ञातगाड़ी चालक द्वारा टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गई है। जिसकी लाश शिनाख्त के लिए बीके अस्पताल में मोर्चरी में रखी हुई है। अगर किसी को इस समबंध में कोई सूचना मिलती है तो वह प्रबंधक थाना सेक्टर 31 से सम्पर्क करें। जिसका हुलिया इस प्रकार से है। रंग काला, पलता शरीर, बायें हाथ पर निशान चोट नीले, व सफेट कलर की टीशर्ट, काले रंग की लोवर व हरा रंगा का अंडरवेयर महरूम रंग की बनियान।

**थाना सेक्टर 31 - 9582200122 आईओ नं0 - 8506060860**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31/08/2022 को मुदई जयप्रकाश पुत्र रामसिंह सैनी निवासी मकान नंबर ए-69 गली नंबर-4 नियर कादरी मस्जिद दिपावली कॉलोनी फरीदाबाद बाबत अपने लड़के राहुल सैनी उम्र 16 वर्ष का दिनांक 20/08/2022 को बिना बताए घर से चले जाने बारे हाजिर चौकी आकर एक लिखित दरखास्त पेश की जिस पर मु0 नं0 514 दिनांक 01/09/2022 धारा 363 भा0द0स0 थाना पल्ला फरीदाबाद में दर्ज रजिस्टर किया गया जिसकी तलाश जारी है। हुलिया :- रंग सावला, लम्बा चेहरा, दुबला-पतला शरीर, कद 4 फुट 10 इंच उम्र 16 वर्ष, कपड़े- नीले रंग की टी-शर्ट, काले रंग की पैंट नीले रंग की हवाई चप्पल।

**पुलिस चौकी नवीन नगर पल्ला, फरीदाबाद**

# दशहरा को लेकर तैयारियां पूरी, आज रावण दहन

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में कहीं 90 फुट तो कहीं 85 फुट के रावण का दहन होगा। कहीं रावण का पुतला आंखें झपकाएगा तो कहीं आंसू बहाकर पश्चाताप करेगा। इस बार एनआईटी स्थित दशहरा ग्राउंड में जिला प्रशासन द्वारा दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। जिसे देखते हुए दशहरे से एक दिन पहले ही ग्राउंड में रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले लगा दिए गए। इन पुतलों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात हैं। यहां रावण का पुतला इस बार कुछ झुका हुआ है, जिसकी चर्चा शहर में है।

दशहरा ग्राउंड के भीतर व बाहर एक दिन पहले ही मेला लग गया है। यह पर्व आम लोगों के लिए एक त्योहार है। वहीं इस त्योहार के जरिये आज रावण की बिक्री करके कुछ लोग अपना पेट भरने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही नजारा एनआईटी स्थित दशहरा ग्राउंड में देखने को मिला। जहां एक नवयुवक रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले तैयार कर बिक्री का इंतजार कर रहा है।

**व्यवसाय को आए :** एनआईटी स्थित नगर निगम सभागार के सामने रावण के तैयार पुतले बेच रहे एक युवक ने बताया कि वह गाजियाबाद से यहां आया है। उसके दादा, परदादा रावण के पुतले बनाने का काम करते थे। उनके देहांत के बाद उसने यह काम संभाला। उनका परिवार पिछले 60 सालों से यह काम कर रहा है। अगर इस बार कमाई अच्छी हुई तो दौबारा फिर से आएंगे।


दशहरा ग्राउंड में लगे रावण, मेघनाथ और रावण के पुतले।


मेट्रो मोड पर बिक्री के लिए रखे रावण के पुतले।

**फिलहाल पांच फुट :** युवक ने बताया कि चौक पर उसने फिलहाल पांच फुट के पुतले इसलिए रखे हैं, ताकि लोग इन्हें खरीदें। वह रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले पांच फुट से 20 फुट तक के बनाते हैं। यह तीन सौ रुपये से शुरू होकर आठ हजार रुपये तक हैं। इनको तैयार करने में काफी मेहनत व राशि लगती है। उन्होंने बताया कि पांच फुट के पुतलों की कीमत 1500 रुपये है।

**पूरा कुनबा होता है तैयार :** दुकानदार युवक ने बताया कि वह दशानन का पूरा कुनबा तैयार करते हैं। ग्राहक आते हैं मोल-भाव करते हैं और अपनी-अपनी पसंद का पुतला ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि वह बचपन से ही रावण के पुतले बना रहे हैं। इस बार महंगाई के कारण पुतले फिलहाल दो-तीन ही बिके हैं। जबकि अन्य शहरों में लोग रावण को खरीदने के लिए कुछ दिनों पहले ही आ जाते हैं। लेकिन यहां तो काफी समय बीत गया लेकिन तीन ही पुतलों की बिक्री हुई है।

# पुलिस सुरक्षा के बीच शहर में मनाया जाएगा दशहरा का पावन पर्व

## एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी फील्ड में रहेंगे तैनात

## दशहरा ग्राउंड में जेब कतरों से सावधान रहें नागरिक : जिला पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


त्योहार के मद्देनजर चेकिंग करती पुलिस।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने विजयदशमी के शुभ अवसर पर शहरवासियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को हर्षोल्लास के साथ साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की हिदायत दी है। साथ ही उन्होंने दशहरा को लेकर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के लिए कई तरह के दिशा निर्देश दिये हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दशहरा के शुभ अवसर पर शहर में कई स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। फरीदाबाद के तीनों जोन एनआईटी, सेंट्रल तथा बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड व सेक्टर 16 में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जिसमें झांकियां निकालने के पश्चात शाम के समय रावण दहन किया जाता है। रावण दहन में कई प्रकार की आतिशबाजी का प्रयोग किया जाता है। जहां भारी मात्रा में भीड़ एक स्थान पर एकत्रित होती है। ऐसे अवसर पर भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर भगदड़ मचाते हैं और सामाजिक शांति भंग करने की कोशिश करते हैं या किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद फैलाकर तनाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। इससे निपटने के लिए फरीदाबाद पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी और पुलिस सुरक्षा के बीच रावण दहन किया जाएगा।

क्राइम ब्रांच की टीम सादी वर्दी में कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उपद्रवियों पर निगरानी रखेगी। दशहरे के अवसर पर पुलिस की विशेष ड्यूटिया लगाई गई हैं जिसमें एसीपी स्तर के अधिकारी ड्यूटी इंचार्ज रहेंगे। पुलिस आयुक्त द्वारा सभी क्राइम ब्रांच, थाना व ट्रैफिक अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और यदि कोई भी कार्यक्रम में शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दशहरे के अवसर पर शहर में बहुत अधिक संख्या में वाहनों का आवागमन होता है जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसीलिए आमजन से अनुरोध है कि शाम के समय दशहरा कार्यक्रम स्थल के आसपास से जाने से बचें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे रास्ते का चयन करें। इसके साथ ही बहुत अधिक भीड़ होने के कारण जेबकतरे इसका फायदा उठाकर लोगों के पैसे, पर्स या अन्य जरूरी सामान चोरी कर लेते हैं।

# पुलिस कर्मियों ने कन्यापूजन कर ली बालिका रक्षा की शपथ

**फरीदाबाद।** बालिका रक्षा की शपथ के साथ नवरात्र का पर्व फरीदाबाद पुलिस ने मनाया। नवरात्र के नौवे दिन मंगलवार को पर्वतीय कॉलोनी चौकी के पुलिस कर्मियों ने चौकी परिसर में पूजा-अर्चना की व कन्या पूजन किया गया। इस मौके पर भी पुलिस कर्मियों ने बालिका की रक्षा करने की भी शपथ ली।

पर्वतीय कॉलोनी चौकी में आज प्रभारी मनोज कुमार ने नवरात्र के नौवे दिन पूजा-अर्चना की और उसके बाद क्षेत्र की बालिकाओं को बुलवाकर कन्या पूजन किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र की बालिकाओं का पूजन किया। पूजन समाप्त होने पर पूड़ी, सब्जी, काले चने व हलवा आदि वितरित किया तथा उपहार भी भेंट किए।

इसके बाद भी चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ईएसआई राजकुमार, हैड कांस्टेबल सोनू, हैड कांस्टेबल मीनू, लंगरी राजू आदि ने बालिका की रक्षा की शपथ ली। पर्वतीय चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक पुलिस कर्मी का कर्तव्य है कि वह क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करें लेकिन आज रामनवमी पर चौकी के सभी पुलिस कर्मियों ने शपथ लेते हुए कहा क वह क्षेत्र की सभी बालिकाओं की रक्षा करें। दिन और या रात क्षेत्र में बालिका सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। क्षेत्र के स्कूलए कालेज व कम्पनियों में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाएगा। जिसके बाद कन्या पूजन के लिए चौकी पहुंची बालिकाओं के परिजनों को भी प्रसाद वितरित किया।


पर्वतीय कॉलोनी चौकी प्रभारी मनोज कुमार व ईएसआई राजकुमार चौकी परिसर में कन्या पूजन के बाद प्रसाद वितरित करते हुए।

# मां दुर्गा की शक्ति सब पर कृपा करें : नागर


ग्रेटर फरीदाबाद की केएलजे सोसाइटी में आयोजित दुर्गा पंडाल में आरती करते विधायक राजेश नागर।

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर ने कई स्थानों पर जाकर माता का पूजन किया और लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। विधायक राजेश नागर आज केएलजे सोसाइटी में आज दुर्गा पूजा कार्यक्रम में पहुंचे और ज्योति प्रज्वलित की। उन्होंने सामान्य लोगों की तरह पूजा पांडाल में नीचे धरती पर बैठकर मां दुर्गा की आराधना की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि नवरात्रों में पूरा देश देवी मां की पूजा माता रानी का सविधि पूजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मां आद्यशक्ति सभी का कल्याण करती हैं और अपने भक्तों को बच्चों के जैसा ही मानते हैं।

# शांति मार्च निकाल कर किया लोगों को जागरूक

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशबीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा महात्मा गांधी जयंती व अंतर्राष्ट्रीय शांति व अहिंसा दिवस के उपलक्ष में एक शांति मार्च गवर्नमेंट हाई स्कूल आजरौंदा सेक्टर 15 से लेकर सनफ्लैग हॉस्पिटल तक निकाला गया। शांति मार्च को सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर शांति मार्च की अगुवाई की गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी जयंती व अंतरराष्ट्रीय शांति व अहिंसा दिवस प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। अहिंसा दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति स्थापित करना है और सभी देशों के नागरिकों को सत्य व अहिंसा का संदेश देना है।

# पुलिस ने फर्जी ऐप के बारे में किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** पुलिस द्वारा मनाए जा रहे साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत जिला साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम ने सर्वोदय हॉस्पिटल तथा सेक्टर 8 पार्क में आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि एडीजीपी क्राइम हरियाणा के दिशा निर्देश के तहत पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत फरीदाबाद के तीनों जोन में स्थित साइबर पुलिस स्टेशन की टीम प्रतिदिन आमजन को साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है। इसी क्रम में साइबर पुलिस स्टेशन बल्लभगढ़ की टीम ने सर्वोदय अस्पताल पहुंचकर वहां पर मौजूद नागरिकों को फर्जी लोन ऐप से होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने बताया कि आजकल फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपये का लोन सस्ते ब्याज पर देने का दावा करने वाले बहुत सारे फर्जी ऐप मौजूद हैं जो चंद मिनटों में ही बड़ी रकम का लोन देने का झूठा दावा करते हैं। आज के समय में मोबाइल एप्स के माध्यम से पैसे का लेनदेन बेहद आसान हो गया है। सभी लोग मोबाइल के जरिए आसानी से पेमेंट कर लेते हैं। अब इस मोबाइल क्रांति के साथ ही पिछले कुछ सालों में मोबाइल ऐप के माध्यम से फोन पर लोन देने वाले आप भी एक्टिव हो चुके हैं। आजकल फोन पर चंद सेकेंड में लोन प्राप्त करने के विज्ञापन नजर आते हैं।


लोगों को फर्जी ऐप के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

गूगल प्लेस्टोर पर भी इंस्टेंट लोन देने वाले सैकड़ों मोबाइल एप्स मौजूद हैं। कुछ मिनटों में लाखों रुपये का लोन देने का दावा करने वाले यह मोबाइल आपके बैंक अकाउंट, एटीएम व क्रेडिट कार्ड संबंधित जानकारी एकत्रित करते हैं जिसके पश्चात आपके बैंक खातों की सारी जानकारी साइबर ठगों के पास पहुंच जाती है और वह आप को लोन देने की बजाय आपके खाते में पड़े सारे पैसे उड़ा लेते हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के सस्ते लोन या लुभावने ऑफर के लालच में न आएं और यदि आपको लोन की आवश्यकता है तो इसके लिए बैंक से संपर्क करें अन्यथा आपकी सारी मेहनत की कमाई यह साइबर ठग कुछ मिनटों में ही गायब कर सकते हैं।

# मां सिद्धिदात्री के बाद हवन कर खोला व्रत


एक घर में कंजक पूजन करती महिला।


एनएच वन स्थित विजयरामलीला कमेटी के मंच पर रामलीला का मंचन करते।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मंदिरों** में मां के नौवें स्वरूप का सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद मंदिरों में हवन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन करके अपना व्रत खोला। इस अवसर पर घरों में भी नौवीं पूजन के बाद कंजक पुजन करके श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर मां शक्ति का नमन किया।

इस मौके पर शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। इसके अलावा भी रात में कई स्थानों पर मां भगवती का जागरण किया गया। वहीं तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ वैष्णों देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना के बाद हवन किया। इस हवन में उद्योगपति व मंदिर के गणमान्य लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी आहुति दी। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। पूजा अर्चना के बाद मां के नवरात्रों के व्रत की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने मां से सुख व शांति की मनोकामनाएं मांगी।

## उठ लखन लाल प्रिय भाई कह भर आई राम की अखियां

**फरीदाबाद।** एनएच- एक स्थित विजय रामलीला कमेटी के इतिहासिक मंच पर अति मार्मिक दृश्य लक्ष्मण मूर्छा का दिखाया गया। मेघनाथ (लखन वर्मा) ने बरछी मार कर किया लक्ष्मण (प्रिंस) को मूर्छित। हनुमान (अरुण भाटिया) उन्हें मूर्छित अवस्था में ले गए राम के पास, हनुमान के किरदार में अरुण भाटिया द्वारा लक्ष्मण की इस हालत पर अपनी लापरवाही बता अफसोस व्यक्त करना व डायलॉग डिलीवरी ने सभी का मन मोह लिया! राम का किरदार निभाने वाले सौरभ के विलाप को देख दर्शकों की आंखे हुई नम। इसके बाद हनुमान संजीवनी बूटी लाने दुनागिरी पर्वत पर गए जहां उनका युद्ध कालमयी नामक राक्षस (सुखविंदर सिंह) से हुआ उसका वध कर हनुमान जी बूटी लेकर पोहंचे लंका जहां सुखेन वैद ने लक्ष्मण के प्राण बचाये। संगीत निर्देशक स्वर्गीय श्री विश्व बंधु शर्मा द्वारा रचित गीत दिन कभी ऐसे भी आएंगे ये मालूम न था ने सभी को रोने पर मजबूर कर दिया इसके बाद दिखाया राम और कुम्भकर्ण के बीच घमासान युद्ध और अंत में कुम्भकर्ण मारा गया।

# 14 से 19 अक्टूबर तक होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया जाएगा सम्मानित

**उपायुक्त** विक्रम ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के निर्देशानुसार 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 14 से 19 अक्टूबर तक के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष विक्रम ने बताया कि 14 अक्टूबर को ऑन द स्पॉट नेशनल पेंटिंग कम्पटीशन का भी आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को 14 नवम्बर को बाल भवन फरीदाबाद में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए एनआईटी में स्थित कार्यालय जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन से संपर्क किया जा सकता है।

**यह रहेगा शेड्यूल :** 14 अक्टूबर को आयोजित ग्रुप डांस प्रतियोगिता, छह से आठ मिनट और छह से नौ मिनट का समय सिर्फ ग्रुप चार के लिए, इस प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार के अभद्र गीत या नृत्य को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 15 अक्टूबर को देशभक्ति सोंग प्रतियोगिता, 3 से 5 मिनट और 4 से 6 मिनट का समय सिर्फ ग्रुप 4 के लिए, फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन, समय 1 से 2 मिनट, चित्रकला प्रतियोगिता ऑन द स्पॉट, समय 2 घंटे, जिसमें ग्रुप दो, तीन और चार को किसी का विषय नेता, खिलाड़ी या किसी प्रमुख व्यक्ति का चित्र, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, समय दो घंटे, जिसमें दूसरा ग्रुप केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, जल/पर्यावरण बचाओ, वन्य जीवन, कोविड-19 के दौरान स्वच्छता के मूल्य आदि जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दे पर तीसरा और चौथा ग्रुप केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला जैसे किसी भी सामाजिक मुद्दे पर भ्रूणहत्या, जल बचाओ/पर्यावरण, वन्य जीवन आदि पर पोस्टर बनाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## लिव फॉर नेशन ने जताया सीपी का आभार



**फरीदाबाद।** लिव फॉर नेशन संगठन फरीदाबाद गो रक्षा दल के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में जाकर फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा से मुलाकात की और उनका आभार जताया। लिव फॉर नेशन संगठन के संस्थापक अनिल कौशिक ने कहा कि पुलिस आयुक्त अरोड़ा ने पिछले दिनों जो गो रक्षा में क्राइम ब्रांच टीम लगाई है उन्होंने कुछ इनामी गो तस्करों को पकड़ा और लगातार मेवात के अलावा अन्य जिलों में छापे मारे की। अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में अपराध व अपराधी पर अकुंश लगाने के लिए उन्हें सभी मुलाजिमों को निर्देश दिए हुए हैं। अपराध को समाप्त कर शांति कायम करना ही उनका लक्ष्य है। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने टीम का शुक्रिया किया। अनिल कौशिक, खेमचंद गोयल, बिजेंद्र सैनी, सचिन चौधरी, सुनील पांचाल, अभिषेक गोस्वामी, बलजीत यादव, गौरव अरोड़ा, सुधीर सैन, सुशील पांचाल, कृष्ण लोहिया, आदि गौ भक्त रहे।

## घर से लाखों के जेवरात चुराने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने 5 लाख रुपए के कीमती आभूषण चोरी के मामले में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रणजीत उर्फ जथरा है जो दिल्ली की गड्डा कॉलोनी का रहने वाला है जो दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर के पास स्थित है। आरोपी ने अपने साथी आरोपी नीरज के साथ मिलकर 10 सितंबर की रात विनयनगर एरिया में स्थित एक मकान चोरी की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल आरोपी नीरज को 19 सितंबर को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन व एटीएम कार्ड बरामद किए गए थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी नीरज ने अपने साथी आरोपी रणजीत के बारे में पुलिस को जानकारी दी जिसके पश्चात आरोपी की निशानदेही पर 23 सितंबर को आरोपी रणजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित अंतर्महाविद्यालय राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। एनएसएस दिवस व गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बाजी मारी। प्रथम स्थान पर ज्योति कश्यप (बीकॉम प्रथम वर्ष), जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, दूसरे स्थान पर संयुक्त रुप से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्राएं प्रेमलता (एमए हिंदी अंतिम वर्ष) और छमा मित्तल(बी.ए. तृतीय वर्ष), तीसरे स्थान पर हर्षप्रीत कौर (बीकॉम द्वितीय वर्ष) देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला और सांत्वना पुरस्कार नेहा (बीकॉम अंतिम वर्ष) राजकीय कन्या महाविद्यालय मानेसर गुरुग्राम ने प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विजयी छात्राओं को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने युवती के साथ बार-बार बलात्कार करने तथा उसकी अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अमन है जो फरीदाबाद के एनआईटी 2 एरिया का रहने वाला है। 26 अगस्त 2022 को महिला थाना एनआईटी में आरोपी के खिलाफ शिकायत मिली थी जिसमें पीड़ित लड़की ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी माता के साथ रहती है। 25 फरवरी 2022 को लड़की के पिता की तबीयत खराब होने की वजह से वह अस्पताल में भर्ती थे और लड़की की मां उनके पास देखभाल के लिए गई हुई थी। आरोपी लड़की के पिता का हालचाल जानने के बहाने से उसके घर पर आया और युवती के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और फोन में उसकी अश्लील फोटो खींच ली। आरोपी उसे होटल में ले गया और उसके साथ फिर से बलात्कार किया। इसके पश्चात आरोपी लड़की को बार-बार होटल में बुलाने की जिद करने लगा। आरोपी द्वारा बार-बार तंग करने पर लड़की महिला थाने में केस दर्ज करवा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**बल्लबगढ़।** सुभाष कलोनी एसडीएम हिन्दू हाई स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अतिरिक्त न्यायाधीश राकेश कुमार रोहतक से आमंत्रित थे। विद्यालय के प्रिंसिपल ओम प्रकाश चौहान ने सैनिक स्कूल व नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यालय के छात्रों को राकेश कुमार द्वारा सम्मानित कराया। जिन विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया। ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र बल्हारा ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से रमेश खट्टर, मदन लाल अरोड़ा, कृष्ण बटेजा को समाज में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राकेश कुमार न्यायधीश ने अपने विद्यार्थी जीवन में आई कठिनाइयों को साझा किया। ओम प्रकाश चौहान ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

## मांगों को लेकर निगम कर्मियों ने किया झाडू प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** नगर निगम कर्मचारियों ने आज भोजन अवकाश के समय नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित होकर एक विशाल सभा का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बोहत की अध्यक्षता में किया किया। सभा का संचालन जिला सचिव नानक चंद खेरालिया ने किया। सभा के बाद कर्मचारियों ने बीके चौक से नीलम चौक तक हाथों में झाडू काले झंडे लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने निगम आयुक्त की पीए रवि वासुदेवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चंडालिया, वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवी चरण, इलेक्ट्रिशियन यूनियन के प्रधान मनोज शर्मा, कार्यालय यूनियन के प्रधान रणजीत शुक्ला, संघ के जिला कोषाध्यक्ष अनिल चंडालिया आदि ने किया। मौके पर नरेश शास्त्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पालिका परिषदों एवं नगर निगम के समक्ष 11 व 12 अक्टूबर को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी तथा 19 व 20 अक्टूबर को दो दिन की काम छोड़ हड़ताल करेगा यदि सरकार ने 20 अक्टूबर तक मांगों का निवारण नहीं किया तो संघ दो दिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित कर देगा जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

## आधारभूत सुविधा की कमी सबसे बड़ी चुनौती: कुलपति

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन में शिक्षण संस्थानों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं की कमी है यह बात जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने फरीदाबाद पंचनद शोध संस्थान केंद्र द्वारा आयोजित गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कही। गोष्ठी का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में शिक्षण संस्थानों के समक्ष चुनौतियां' था। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 दोनो ही छात्र की अभिरुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने की वकालत करते है लेकिन हमारे शिक्षण संस्थानो में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी इसके सफल कार्यान्वयन में बाधक है। पहला जैसे आप कोई विज्ञान का छात्र म्यूजिक मे रुचि रखता है तो क्या संस्थान उसके टाइम टेबल के अनुसार म्यूजिक कक्षा की व्यवस्था कर पाएगा।

# 27 राज्यों के 250 से अधिक स्टॉल बनेंगे सरस मेले का हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## गुरुग्राम में पहली बार लगने जा रहा है राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला

## लेजरवैली मैदान में 7 से 23 अक्टूबर तक किया जाएगा मेले का आयोजन

**जिला** में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 7 से 23 अक्टूबर तक सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगाया जाएगा, जहां पर देश के 27 राज्यों की कला व संस्कृति के उत्पादों की 250 से अधिक स्टॉल लगाई जाएंगी। सरस आजीविका मेले को लेकर मंगलवार को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह ने यहां पत्रकार वार्ता में मेले को लेकर जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में 3 महिला उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियां भी सांझा की।

चरणजीत सिंह ने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती



सरस मेले को लेकर पत्रकारों से बात करते केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव चरणजीत सिंह।

राज संस्थान द्वारा इस पहल की वर्ष 1999 से शुरुआत की गई थी। राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन अब तक फरीदाबाद, नोएडा व दिल्ली आदि में किया जाता रहा है। श्री सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बेहतर व प्रभावी मार्केटिंग के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय अपना ई-कॉमर्स प्लेटफार्म जल्द ही शुरू करने जा रहा है। अभी तक ये उत्पाद ई-कॉमर्स कंपनियों जैसे एमाजोन, फ्लिपकार्ट तथा अन्य ऑनलाइन साइटों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाए जा रहे थे।

### अलग-2 राज्यों के 30 लाइव फूड स्टॉल

**खाने** पीने के शौकीन लोगों के लिए अलग-2 राज्यों के 30 लाइव फूड स्टॉल अलग से लगाएं जाएंगे। एक प्रकार से इस मेले में आने वाले लोगों को मिनी भारत के दर्शन होंगे, जहां पर अलग-2 राज्यों के लोकप्रिय उत्पादों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वहां की संस्कृति को जानने व समझने का पूरा अवसर मिलेगा। इसके अलावा यहां स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजाना अलग-2 विषयों पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएंगी, ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री करने व मार्केटिंग आदि के स्किल विकसित करके ज्यादा मुनाफा कमा सकें।

मेले में आमजन के लिए प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क रखा गया है। अपर सचिव ने बताया कि मेले में अलग-2 राज्यों से 500 से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए अलग-2 विषयों पर कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन में मंत्रालय के मार्केटिंग हेड हेड चिरंजी लाल कटारिया तथा गुरुग्राम जिला परिषद् की सीईओ अनु श्योकंद ने भी अपने विचार रखे।

# राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं...

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## रामलीला में लंका दहन के बाद रावण-अंगद संवाद

## दोनों ओर से युद्ध का हुआ ऐलान

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला में रावण-अंगद संवाद के बाद युद्ध के ऐलान पर समाप्त हुई। इसके बाद की लीला रावण के महल से शुरु होती है। वे अपनी रानी मंदोदरी के साथ मंत्रणा करते हैं।

मंदोदरी रावण से कहती है कि हे प्राणनाथ-हनुमत जैसे जिनके पायत हैं वे कैसे मारे जाएंगे, तुम लड़के जिन्हें समझते हो वे लड़के तुम्हे हराएंगे। इसलिए मेरी एक बात माने लो और सीता को उन्हें वापस लौटा दो। रावण मंदोदरी से कहते हैं कि कल की घटना से तुम विचलित हो गई हो। और उन्हें तुम तो भगवान समझती हो-भगवान मानकर भी पगली क्यों बातें करती हो हल्की, मेरे कारण वो आया है ये महिमा है मेरे बल की। विभीषण जब रावण को सीता वापस लौटाने का सुझाव देते हैं तो विभीषण को रावण लात मारकर लंका से ही निकाल देते हैं। विभीषण वहां से निकलकर रामा दल में चल जाते हैं। वहां राम कहते हैं कि मेरी शरण में आए हुए को सजा नहीं, प्रेम मिलता है। इसके बाद होती है समुद्र पार करने की तैयारी। समुद्र में पुल बनाने के लिए नल और नील को पत्थर देकर उनके हाथों रखवाए जाते हैं। क्योंकि उनके हाथों से रख गए पत्थर एक श्राप के तहत डूबते नहीं हैं। इसी बीच गीत बजता है-राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन


गुरुग्राम के जैकमपुरा में रामलीला में मंचन करते कलाकार।

पर कृपा राम करके वो पत्थर भी तर जाते हैं।

इस तरह से लंका तक पुल बनाकर वानर सेना कूच कर जाती है। समुद्र पार करने के बाद एक बार शांतिदूत अंगद को रावण के दरबार में भेजा जाता है। वहां रावण-अंगद का संवाद होता है। रावण से अंगद कहते हैं कि वे श्री राम से क्षमा मांगकर सीता जी को लौटा दें। इसके बाद अंगद ने रावण के दरबार में अपना पांव जमा दिया। जब रावण अंगद का पांव उठाने लगे तो अंगद ने पांव पीछे खींचकर कहा कि मेरे नहीं जाकर श्री राम के पैर पकड़ो। बात न बनती देख अंगद की ओर से युद्ध का ऐलान कर दिया गया, जवाब में रावण ने भी यह ऐलान कर दिया। युद्ध में मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग लक्ष्मण पर करते हैं और वे मूर्छित हो जाते हैं।

हनुमान जी लक्ष्मण को उठाकर श्री राम के पास ले जाते हैं। उन्हें सारा हाल बताते हैं। छोटे भाई को इस तरह से जमीन पर पड़ा देख राम विलाप करते हैं। हनुमान जी सुषेण वैद्य राज के बताने पर संजीवनी बूटी वाला पहाड़ उठा लाते हैं। द्रोणगिरी पर्वत से वैद्य राज ने संजीवनी बूटी लक्ष्मण को सुंघाई और उनकी मूर्छा टूट गई। उठते ही लक्ष्मण ने अपने दुश्मन को ललकारा। राम ने उन्हें गले लगाकर विलाप किया।

## हेरोइन की खपत मामले में देश के शीर्ष 290 जिलों में हरियाणा के 10 जिले


गुरुग्राम के एसजीटी विवि में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर व्याख्यान देते हरियाणा नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीकांत जाधव।

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय में मंगलवार को हरियाणा नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर एक व्याख्यान दिया। इस दौरान उन्होंने फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित जोश टॉक्स नामक एक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत जाधव ने छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। कार्यक्रम में श्री जाधव ने छात्रों को विभिन्न आंकड़े दिखाए और बताया कि कैसे संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत दक्षिण एशिया में हेरोइन का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में प्रति वर्ष ड्रग्स का 20 लाख करोड़ का कारोबार है। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे हेरोइन की खपत के मामले में भारत के शीर्ष 290 जिलों में हरियाणा के 10 जिले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम चलाकर राज्य को नशा मुक्त करने की ठानी है। उन्होंने कहा इस मुहिम में युवाओं का विशेषकर कॉलेज और स्कूल के छात्रों का अहम योगदान रहेगा। इस अवसर पर श्री जाधव ने छात्रों व अध्यापकों को नशा न करने की शपथ दिलाई तथा कुछ छात्रों और अध्यापकों को इस के लिए सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। श्री जाधव ने विश्वविद्यालय के एनसीसी के छात्रों को भी बैज देकर प्रोत्साहित किया।

# रामलीला में दर्शकों, कलाकारों को बांटे कपड़े के थैले


द्रोणाचार्य रामलीला में पर्यावरण में सुधार के लिए कपड़े के थैले वितरित करते बाली पंडित।

**गुरुग्राम।** सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित यहां गुड़गांव गांव स्थित द्रोणाचार्य रामलीला क्लब की ओर से की जा रही रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। यहां उन्होंने कलाकारों द्वारा बेहतर कला के लिए बधाई दी। उनके साथ मुकुल हुड्डा, अमित कुमार भी मौजूद रहे।

रामलीला में पहुंचे लोगों व कलाकारों को बाली पंडित ने पर्यावरण बचाने का भी संदेश दिया। यहां उन्होंने सभी को कपड़े के थैले वितरित करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करके पर्यावरण को सुधारने में सहयोग करें। बाली पंडित ने आगे कहा कि रामलीला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है। रामलीला का हर किरदार, हर पात्र हमें नई सीख देता है। हमें किस पात्र का जीवन चरित्र अपने जीवन में ढालना चाहिए। सभी पात्र हमें सिखाते हैं कि हमें किस तरह से अपना जीवन बचाना चाहिए। भगवान श्री राम और भरत जैसे त्यागी भाई भी भाईचारे को मजबूत करने की सीख देते हैं। लक्ष्मण जैसा भाई अपने भाई की सेवा की सीख देता है। माता सीता की जीवन हर स्त्री के लिए प्रेरणादायी है। राजा दशरथ का जीवन हमें सीख देता है कि हमें जुबान के पक्के रहना चाहिए। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन ना जायी कहावत उनके जीवन पर बनी है। बाली पंडित ने कहा कि रामलीला के माध्यम से हम अपने धर्म का भी प्रचार-प्रसार करते हैं।

# 1810 एकड़ जमीन के मुद्दे पर महिलाओं ने विधायक जरावता को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** क्षेत्र में 1810 एकड़ जमीन को लेकर आंदोलनरत किसानों की तरफ से मंगलवार को काफी संख्या में महिलाओं ने पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता से मुलाकात की। विधायक ने इत्मीनान से उनकी बात को सुना। उनसे मांग पत्र लिया। आश्वासन दिया कि पहले की तरह वे अब भी किसानों की पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष पैरवी करेंगे। मंगलवार को कासन गांव की अनेक महिलाएं मानेसर स्थित पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के आवास पर पहुंचीं। महिलाओं ने विधायक के समक्ष 1810 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर अपनी बात रखी।

विधायक ने सभी महिलाओं की बातों को सुना। महिलाओं ने विधायक को सौंपे गए मांग पत्र में कहा कि 1810 एकड़ जमीन को छुड़वाया जाए। उचित मुआवजा दिलाया जाए और जहां पर रिहायशी मकान बने हुए हैं, उस जमीन को छुड़वाया। मांग पत्र लेने के बाद


मानेसर क्षेत्र में 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण के मामले में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को ज्ञापन देने पहुंची कासन की महिलाएं।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि किसानों ने अब से पहले भी उनसे मुलाकात की थी। उन्हें मांग पत्र सौंपा था।

वे स्वयं किसानों को मुख्यमंत्री के पास लेकर गए थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी स्पष्ट कहा था कि सरकार किसानों के हित में काम करेगी। किसानों को किसी तरह का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब फिर से वे कासन गांव की जमीन को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक किसानों की बात पहुंचाएंगे। यह ज्ञापन उन तक पहुंचाकर किसानों की बात को पुरजोर तरीके से रखेंगे। विधायक ने कहा कि वे इस मांग को विधानसभा के सत्र में भी उठा चुके हैं। अब फिर से इस मांग को वे पूरी पैरवी सरकार के समक्ष करेंगे।

उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि सरकार किसानों का किसी भी तरह से अहित नहीं करना चाहिए। किसानों को सरकार ने सदा लाभ पहुंचाया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं किसानों के हित में लागू की गई हैं। किसानों के खातों में पैसा पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में सरकार की मंशा पर किसी तरह का सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## जीयू के इंजीनियरिंग कोर्सेज में 12 को होगी ओपन कॉउंसलिंग

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए विवि में ओपन कॉउंसलिंग की प्रक्रिया 12 अक्टूबर को होगी।

गुरुग्राम विवि के प्रवक्ता ने बताया कि जीयू द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कोर्सेस में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए विवि परिसर में 12 अक्टूबर को ओपन कॉउंसलिंग की जाएगी। काउंसलिंग सुबह 9 बजे से शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि किसी कारण से दाखिले से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए राहत की बात होगी कि वह इस ओपन काउंसलिंग में भाग ले सकते है। हाल ही में जीयू के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के सभी पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हुई है। जिसके कारण से 10 अक्टूबर तक इंजीनियरिंग विभाग के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी पंचकूला द्वारा दिया जाएगा।

# सभी अधिकारीगण ग्रैप की स्टेज के हिसाब से एक्शन लें : निशांत यादव

## दिल्ली के एक्यूआई के आधार पर एनसीआर में लागू होगा ग्रैप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वायु** प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली तथा एनसीआर के लिए ग्रेडिड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) तैयार किया है, जिसकी वायु की गुणवत्ता अर्थात एक्यूआई के आधार पर चार स्टेज बनाई गई हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को जिला के संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर उन्हें एक्यूआई के आधार पर ग्रैप की स्टेज के हिसाब से अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य करने की हिदायत दी।

गुरुग्राम सहित एनसीआर में ग्रैप की कौन सी स्टेज लागू होगी, यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु की गुणवत्ता अर्थात एक्यूआई पर निर्भर करेगा। दिल्ली की एक्यूआई 201 से


गुरुग्राम में ग्रैप को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

300 के बीच होगी तो स्टेज-1, 301 से 400 के बीच रहने पर स्टेज-2, 400 से ऊपर रहने पर स्टेज-3 तथा 450 से ऊपर जाने पर स्टेज-4 लागू होगी। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि जैसे-जैसे वायु की गुणवत्ता खराब होती जाएगी, वैसे-वैसे ग्रैप की स्टेज लागू होंगी और हर स्टेज के साथ हिदायतें और सख्त होती जाएंगी तथा पाबंदियां बढ़ती जाएंगी। वर्तमान में दिल्ली की एक्यूआई 200 से कम है, इसलिए ग्रैप की कोई भी स्टेज एनसीआर और गुरुग्राम में लागू नहीं है। उपायुक्त श्री यादव ने बताया कि दिल्ली के एक्यूआई के बारे में तीन दिन पहले पता चल जाएगा और सीएक्यूएम उसी अनुसार तीन दिन पहले ही आदेश जारी कर देगा, जो दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में लागू होंगे। उन्होंने ग्रैप की अलग-अलग स्टेज के हिसाब से किस विभाग को क्या एक्शन लेना है, इसके बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि गुरुग्राम जिला में 41 सरकारी विभागों के कार्यालयों को अपने यहां इस कार्य के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करके उसकी सूचना हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के पास भेजनी है। ग्रैप को लागू करने में इन नोडल अधिकारियों की विशेष भूमिका रहेगी।

## गार्ड की मुस्तैदी से एटीएम चोर मोबाइल फोन व बैग छोड़ कर भागे

**सोहना।** शहर में कोटक महिन्द्रा बैंक पर तैनात गार्ड की सतर्कता से एटीएम तोड़ने के इरादे से आए बदमाश भाग गए। बदमाशों का मोबाइल फोन व बैग वहीं पर छूट गया। पुलिस ने बैंक प्रबंधक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सामान्य बस स्टैंड के सामने कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रबंधक निर्भय सिंह ने शहर थाना पुलिस को बताया कि सोमवार की सायं सवा 7 बजे के लगभग दो बदमाश शाखा के साथ लगे उनके एटीएम को उखाड़ने के इरादे से आए थे। गार्ड वहीं पर तैनात था। जिसने बदमाशों द्वारा शटर बंद कर एटीएम के साथ छेड़छाड़ करने की आवाजें सुनी। गार्ड ने शटर बाहर से उठाया तो बदमाश एक साथ बाहर निकल भागने में कामयाब हो गए। लेकिन भागते समय अपना एक मोबाइल फोन और काले रंग का बैग मौके पर ही छोड़ गए। बैंक शाखा प्रबंधक ने बदमाशों का फोन व बैग पुलिस को सौंप दिया।

# फोनपे ने सिंगापुर से भारत में शिफ्ट किया पूरा कारोबार

PhonePe

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी FinTech कंपनी (फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी) फोनपे ने सोमवार को जरूरी जानकारी दी है। कंपनी ने ऐलान किया है कि फोनपे ने भारत में डोमिसाइल की दिशा में तीन महत्वपूर्ण चरण पूरे कर लिए हैं। इन चरणों में शामिल हैं।

सबसे पहले, पिछले कुछ सालों से, फोनपे के सिंगापुर से अपना कारोबार और सहायक कंपनियों को, फोनपे प्राइवेट लिमिटेड-इंडिया में शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें कंपनी की इंश्योरेंस ब्रोकिंग सर्विस और वेल्थ ब्रोकिंग सर्विस जैसी सेवाएं भी शामिल हैं। दूसरे चरण में, फोनपे बोर्ड ने हाल ही में नए ESOP योजना (एंप्लॉयी स्टॉक ओनरशिप प्लान) को मंजूरी दी है। इसके तहत, फोनपे के 3000+ कर्मचारियों के तबादले की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

इन कर्मचारियों को मौजूदा ESOP की जगह पर, फोनपे इंडिया के नए ESOP योजना में शामिल किया जाएगा। आखिरी चरण में, नए और ज्यादा उदार ऑटोमैटिक ओडीआई नियमों के तहत, फोनपे ने हाल ही में अधिग्रहित की गई IndusOS Appstore (OSLabs Pte Ltd) का मालिकाना हक भी सिंगापुर से भारत शिफ्ट कर दिया है। इन तीनों चरणों के बाद, फोनपे ग्रुप के सभी कारोबार और कंपनियां अब पूरी तरह से फोनपे प्राइवेट लिमिटेड-इंडिया के अंतर्गत आती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम के नाम पर होगा सड़क का नामकरण


गुरुग्राम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व उनकी पत्नी ऐश्वर्या शर्मा का स्वागत और सम्मान करते ब्राह्मण समाज के सदस्य।

**गुरुग्राम।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ऐश्वर्या शर्मा का ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन गुरुग्राम द्वारा भगवान परशुराम जी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अनेक सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष मौजूद थे। संस्था की तरफ से एक मांग पत्र राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को सौंपा गया। जिसमें गुड़गांव के एक रोड का नाम भगवान परशुराम मार्ग करने की मांग की गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि अति शीघ्र भगवान परशुराम जी के नाम से रोड का नामकरण किया जाएगा। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी प्रशंसा की है। उन्होंने सभी सदस्यों का हालचाल पूछा और सभी से व्यक्तिगत परिचय भी किया। इस अवसर पर ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, सुनील भारद्वाज भोंडसी, श्री शीतला माता श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य ब्रह्म प्रकाश कौशिक, राम सजन सिंह, ब्राह्मण सभा झाड़सा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गगनदीप सिंह चौहान, कादीपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, उद्योगपति उमाशंकर भारद्वाज, उमेश शर्मा, जिला बार एसोसिएशन गुड़गांव के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया, श्री शीतला माता सेवा दल से ललित कटारिया, समाजसेवी अनिल वशिष्ठ सिकंदरपुर, डॉ. सुषमा पवार, गुड़गांव विकास मंच की कार्यकारी अधिकारी अनु अहीर, सीमा चौहान, सुषमा कौशिक, विरेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण शर्मा दौलताबाद, दीपक चौहान, वरिष्ठ पत्रकार अनिल आर्य, वरिष्ठ पत्रकार राज वर्मा, हरिओम भारद्वाज ओमप्रकाश सोनी, सुरेंद्र यादव, चंद्रवेश, नरेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा उत्सव में धनुची डांस कर श्रद्धालुओं ने मचाई धूम



**गुरुग्राम।** सभी पूजा अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना, खरीदारी करना, एक साथ भोग लगाना आदि। हर साल क्लब-5 में डीएलएफ सोसाइटी में यह उत्सव बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूरे शहर से श्रद्धालु आते हैं और इस बार, दो साल के कोविड महामारी द्वारा प्रतिबंधित समारोहों के बाद यह उत्सव अपने पूरे गौरव के साथ लौटा है। दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर डीएलएफक्लब-5 में आयोजित धानुची नृत्य और सांस्कृतिक प्रदर्शन देखने लायक था।

### विवाहिता संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** शहर की सरदार कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता संदिग्ध हालत में लापता हो गई। पुलिस ने पति की शिकायत पर महिला के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है। मध्यप्रदेश के जिला पन्ना मूल निवासी सुत्तन ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। 26 सितम्बर को वह रोजाना की तरफ से अपनी मजदूरी पर चला गया। शाम को वह वापस लौटा तो उसकी पत्नी आरती घर पर नहीं मिली। आरती उसे बिना कुछ बताएं घर से बाहर चली गई है।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर निकाल रैली



सोहना नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा मांगों को लेकर निकाली गई रैली।

**सोहना।** अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सड़क पर उतरते हुए सफाई कर्मियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मंगलवार को नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने सब यूनिट प्रधान विक्रम की अध्यक्षता में रैली निकाली। रैली में 40 से 50 सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया। रैली को नगर परिषद कार्यालय से शुरू करते हुए शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से नागरिक अस्पताल मार्ग होते हुए एसडीएम कार्यालय में पहुंचे। जहां पर एसडीएम को प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को तुरन्त पक्का करने, कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा देने, सफाई कर्मियों को समय पर वेतन देना, साबून, तेल, सफाई उपकरण, और सुरक्षा उपकरण दिए जाने की मांग की। यूनिट प्रधान विक्रम ने बताया कि सफाई कर्मियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का वायदा कई बार कर चुकी है। लेकिन कर्मचारियों का पक्का नहीं कर रही है। जबकि कच्चे कर्मचारियों से स्थाई कर्मियों से अधिक काम लिया जा रहा है। अवकाश वाले दिन भी कर्मचारियों को सफाई के कार्य पर बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को राज्य सरकार जल्द पूरा नहीं करती है। प्रदेश सरकार के खिलाफराज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### बाजरे की खरीद में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**सोहना।** अनाज मंडी बाजरे की सरकारी खरीद का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम ने मार्केट कमेटी अधिकारियों को अतिक्रमण और सफाई न होने पर फटकार लगाई। किसानों की फसल का एक-एक दाना नियमानुसार खरीद करने के आदेश जारी किए हैं। एक अक्टूबर से स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। स्थानीय मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद की जिम्मेदारी हैफेड को दी गई है। लेकिन बीते तीन दिन में एजेंसी ने किसानों की फसल का एक भी दाना नहीं खरीदा। जिसका कारण एजेंसी के पास खरीद के लिए पूरी तैयारियां न होना बताया गया है। सबसे बड़ी कमी बाजरा भरने के लिए बारदाना नहीं है। एजेंसी के स्थानीय अधिकारी ओमप्रकाश मेहता को तुरन्त प्रभाव से बारदाने की सुविधा करने को कहा है। मंडी का औचक निरीक्षण के दौरान जगह-जगह फड़ों के ऊपर खड़े वाहन से अवैध पार्किंग बनी होने से एसडीएम ने तुरन्त प्रभाव से वाहनों को हटाए जाने को कहा है। इसके अलावा मंडी परिसर में लगे गंदगी के ढेरों के समय पर उठाव को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए उठाने के आदेश दिए है।

# पुलिस ने शिकारपुर और पचगांव में दो आरोपियों के मकान ध्वस्त किए




पचगांव में आरोपी के मकान पर तोड़फोड़ करती जेसीबी, कार्रवाई से पहले मकान से निकाल गए सामान के साथ गमगीन परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नूंह** जिला पुलिस व प्रशासन ने मंगलवार को पचगांव और शिकारपुर में भारी दलबल की मौजूदगी में चोरी, गो तस्करी, डकैती, नशा तस्करी आदि मामलों में संलिप्त दो आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। वहीं पचगांव में आरोपी के परिजनों ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई करने से पहले पुलिस व जिला प्रशासन की तरफ से कोई नोटिस नहीं दिया गया था।

जिला पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को

### बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा मौजूद

### पचगांव में आरोपी पक्ष का दावा नहीं दिया नोटिस

नूंह पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिला प्रशासन के सहयोग से पचगांव में जुबेर पुत्र रहीम बक्स द्वारा अवैध तरीके से काली कमाई कर दो सौ गज भूमि में बनाए गए मकान को ध्वस्त कर किया गया। जुबेर विभिन्न थानों दर्ज एक दर्जन चोरी, नशा तस्करी, पुलिस टीम पर हमला, गो तस्करी, डकैती, पत्थर चोरी सहित आदि प्रकार के मामलों में संलिप्त था। इसी प्रकार गांव शिकारपुर निवासी आरोपी मुस्ताक पुत्र वकील मोहम्मद पर भी आधा दर्जन चोरी सहित विभिन्न संगीन वारदातों के मामले दर्ज हैं।

गांव शिकारपुर में मंगलवार को उनके मकान के तीन कमरे, चार दिवारी को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट तावडू नायब तहसीलदार रणबीर सिंह, डीएसपी ममता खरब, तावडू, सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार, शहर थाना प्रभारी बीजेंद्र सिंह, जिला नगर योजनाकार बीनेश कुमार सहित आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मंगलवार को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से पहले परिजनों को जरूरी घरेलू सामान हटाने के लिए भी समय दिया गया।

इस दौरान आरोपी की छोटे बच्चे बिलखते रहे जिन्होंने पुलिस से कार्रवाई नहीं करने की भी गुहार लगाई। आरोपी पक्ष के परिजनों ने दावा किया कि कार्रवाई करने से जिला पुलिस और प्रशासन की ओर से उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया। दोनों ही गांवों में पुलिस कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खनन माफिया ने पुरानी रंजिश में एक युवक की कुचलकर जान ली

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**नूंह** जिले के पुनहाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐंचवाडी गांव में खनन माफिया पर पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति को ट्रैक्टर से कुचलकर जान लेने का मामला सामने आया है। इस घटना में मुबीन पुत्र फिरोज खान निवासी ऐंचवाडी उम्र 40 साल की दर्दनाक मौत हो चुकी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में भिजवा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुबीन पुत्र फिरोज खान निवासी ऐंचवाडी का खनन माफिया से पुराना विवाद चल रहा था। समसुद्दीन वगैरह से अवैध खनन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। उनका कहना है कि मुबीन ने तेज रफ्तार से चलने वाले अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर चालक से कम स्पीड में ट्रैक्टर निकालने की बात कही थी। जिसे लेकर ट्रैक्टर चालक ने उसकी कुचलकर जान ले ली। घटना मंगलवार दोपहर के समय की बताई जा रही है। पीड़ित परिजनों के मुताबिक मुबीन की जान अवैध खनन माफिया ने पुरानी रंजिश की वजह से ली, जबकि पुलिस का कहना है कि उन्हें जानकारी मिली की सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। एडिशनल एसपी उषा कुंडू ने पत्रकारों को बताया कि अभी पीड़ित परिवार ने लिखित शिकायत नहीं दी है। जैसे ही पुलिस के पास लिखित शिकायत परिजनों की तरफ से आएगी। उसी के हिसाब से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कुल मिलाकर मुकदमा किन धाराओं में किन-किन लोगों के खिलाफ दर्ज किया जाता है, इसका तो कुछ घंटे बाद पूरी तरह से खुलासा हो जाएगा। लेकिन अवैध खनन के कारोबार की वजह से अब ऐंचवाडी गांव का मुबीन हमेशा के लिए दुनिया को अलविदा कह चुका है और पुनहाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला एक ही गांव का होने की वजह से गांव में तनाव का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### केसीएम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि व दशहरा पर्व



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सातवीं कक्षा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य पारुल भारद्वाज जी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सातवीं कक्षा के छात्र गौरव द्वारा सुंदर विचार के साथ की गई। सातवीं कक्षा की छात्रा वर्षा के द्वारा त्योहार से संबंधित कुछ संस्कृत श्लोक बहुत ही खूबसूरत तरीके से प्रस्तुत किए गए। तन्वी व ज्योति द्वारा नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में अपने-अपने विचार व कविता प्रस्तुत की गई। इसके साथ-साथ अन्य छात्रों चिराग शर्मा, प्रज्ञा व जतिन ने भी दशहरा उत्सव से संबंधित प्रश्नों द्वारा सभी का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर नर्सरी से दूसरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने भी अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही यह नन्हे बच्चे पर्व से संबंधित पौराणिक वेशभूषा में आए तथा अपने अभिनय से सबकी सराहना बटोरी। संगीत प्रशिक्षक राजन मलिक के निर्देशन में सातवीं कक्षा के छात्र निपुण ने इस पर्व की महिमा कागान करते हुए सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक मनीष के निर्देशन में सातवीं कक्षा के छात्रों ने नवरात्रि व दशहरा पर्व पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन सातवीं कक्षा की छात्रा संजना व प्रियांशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका नम्रता कुंडू व गतिविधि प्रभारी दीपशिखा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने नवमी व दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई दी तथा छात्रों को बुराई को त्याग कर अच्छे संस्कार ग्रहण करने की सीख दी।

### डीसीटीएम ने आयोजित किया ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**पलवल।** देहली कॉलेज आफ टेक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट ने प्रथम वर्ष के इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और डिप्लोमा के छात्रों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। पूरे देश से आये छात्रों एवं अभिभावकों ने बहुत उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया। नवरात्रि के शुभ मुहूर्त पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से समारोह की शुरुआत हुई। इस समारोह में प्रांजल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास भटिया मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। सिड्रल रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के एच आर मैनेजर वेदवर्त दलाल एवं अजित सिंह गेस्ट आफ आनर के तौर पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने छात्रों को स्वयं को उद्योग जगत के अनुरूप बनाने और अपनी आंतरिक क्षमताओं को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छात्र चाहें तो अपने मूल्यों, एकाग्रता एवं जीवन के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। दलाल ने बताया कि छात्र अपने दृढ़ निश्चय से अपने जीवन को परिवर्तित कर सकते हैं। डीसीटीएम के फाउंडर चेयरमैन डॉ. प्रदीप कुमार ने छात्रों को डीसीटीएम से जुड़ने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। वाईस चेयरमैन राज कुमार कालरा ने छात्रों को शैक्षिक कार्यक्रम की विशेषताओं से रूबरू करवाया।

### मेवात के सलमान ने सेना को रोविंग स्पर्धा में दिलाया स्वर्ण पदक



**तावडू।** नूंह जिले के तावडू निवासी सैनिक सलमान खान ने गुजरात के अहमदाबाद गांधीनगर मैदान पर हो रही 36वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता 2022 में सेना को रोविंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जिताने में अहम भूमिका निभाई है। इससे पूरे मेवात क्षेत्र में खुशी है। जिलेवासियों ने थल सेना जवान सलमान पर गर्व महसूस करते हुए उन्हें बधाई देना शुरू कर दी है। सलमान और उनके स्थानीय कोच हाकम ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक गुजरात गांधीनगर मैदान में आयोजित 36वीं नेशनल गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता 2022 में उन्होंने सेना की ओर से अपने चार साथी एथलीटों के साथ दो किलोमीटर मीटर पुरुष चौगुनी रोविंग स्पर्धा (एक प्रकार की नोकायन) में भाग लिया था। सलमान खान ने बताया कि प्रतियोगिता में मुकाबले में उनके साथ दो और टीमें भी थी। लेकिन उनकी टीम 5 मिनट 49 सेकंड के समय में अपनी रेस पूरी कर सेना को स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने बताया कि उनके साथ सेना के साथी जवान दुष्यंत चौहान, मंजीत कुमार, सुखमीत सिंह भी शामिल थे।

# टीजीटी अध्यापकों में रोष डीसी से मिलने पहुंचे नूंह



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** के सबसे पिछड़े नूंह जिला में अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग ने मेवात विकास अभिकरण के अंतर्गत एनजीओ के माध्यम से लगाए गए टीजीटी अध्यापक इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी की वजह स्कूल अलॉट नहीं करना है। स्कूल अलॉट नहीं होने के चलते टीजीटी अध्यापक आला अधिकारियों व एनजीओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। नाराज टीजीटी अध्यापकों ने लघु सचिवालय नूंह में मंगलवार को उपायुक्त अजय कुमार को मिलकर ज्ञापन सौंपा।

एनजीओ के माध्यम से जिले में 500 पीआरटी तथा 500 टीजीटी अध्यापकों की नियुक्ति होनी थी, लेकिन 500 टीजीटी अध्यापकों में से महज 114 टीजीटी अध्यापक ही मापदंडों पर खरा उतर पाए। इनमें से भी अभी तक सिर्फ 12 टीजीटी अध्यापकों को स्कूल अलाट किए गए हैं। तकरीबन 102 टीजीटी अध्यापक स्कूल अलॉट होने का इंतजार कर रहे हैं। सितंबर माह में इन अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दे दिए गए थे, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी स्कूल अलॉट नहीं हो पाए हैं। टीजीटी अध्यापकों ने कहा है कि उन्हें जल्द से जल्द स्कूल अलॉट किए जाएं ताकि उनको काम मिल सके और बच्चों को भी शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि टीजीटी अध्यापक के रूप में नियुक्ति होने के बाद उन्होंने उन निजी स्कूलों से भी इस्तीफा दे दिया है, जहां पर वह पहले बच्चों को पढ़ाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहे थे। कुल मिलाकर टीजीटी अध्यापक अधर में लटके हुए हैं ना तो वह अपने पहले निजी स्कूलों में जा पा रहे हैं और ना ही उन्हें सरकारी स्कूल अलॉट किए गए हैं, साथ ही उनकी मांग है कि जब से उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया है। उसी समय से उन्हें वेतनमान दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक स्थिति का संकट झेलना न पड़े। कई घंटे बीत जाने के बाद भी टीजीटी अध्यापक उपायुक्त अजय कुमार नूंह के इंतजार में उनके कार्यालय के बाहर बैठे रहे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनकी मुलाकात उपायुक्त अजय कुमार से नहीं हो सकी। ध्यान रहे कि उनके साथ लगाए जाने वाले पीआरटी अध्यापकों को तकरीबन दो माह पहले ही स्कूल अलॉट कर दिए गए थे और उनको एक महीने का वेतन भी दिया जा चुका है। सबसे खास बात यह है कि पीआरटी टीचरों की नियुक्ति से स्कूलों की शिक्षा प्रणाली में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

# कबड्डी प्रतियोगिता प्रथम 71 हजार रुपये का नकद इनाम

**सोहना।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर खंड के गांव अभयपुर में हुई दो दिवसीय हरियाणा ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता प्रथम इनाम 71 हजार रुपये जिला रोहतक के गांव बहुअकबरपुर ने जीता। प्रतियोगिता के दूसरे नंबर पर भी इसी गांव की दूसरी टीम बहुअकबरपुर फौजी ने 51 हजार रुपये जीता। प्रतियोगिता में 46 टीमों ने भाग लिया था। खंड के गांव अभयपुर में हुई हरियाणा ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में पहली बार 46 टीमों ने भाग लिया। जिसमें क्षेत्रीय टीमों का ग्रुप अलग से बनाया था। जिसमें बेरका की टीम प्रथम स्थान पर रही थी। ऑपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में बहुअकबरपुर टीम ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए 71 हजार रुपये का इनाम जीता। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर और कैचर को भी 11-11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया।

# नौ देवी के रूप में कराया कन्याओं को भोजन

ललित गर्ग। पुन्हाना



कन्याओं को भोजन कराते हुए।

**नवरात्र** के समापन पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के नौ देवी के रूप में कंजिकाओं का पूजन किया गया। अधिकतर लोगों द्वारा दुर्गाष्टमी व नवमी पर्व आज ही पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के मंदिरों में माता के जयकारों के साथ लोगों ने माता के दर्शन करके अपने उपवास खोलकर कंजिकाओं को श्रद्धा भाव से भोजन कराया। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार जिन घरों में नवदुर्गा का पूजन होता है उन घरों में अष्टमी और नवमी के दिन कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। उनको श्रद्धा भाव से भोजन कराकर उपहार व यथासंभव दक्षिणा दी जाती है। ऐसा करने से मां दुर्गा श्रद्धालुओं के कष्टों को दूर करती है तथा उनकी मनोकामना पूरी करती है। नवरात्र के आखिरी दिन होने पर सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं व पुरुषों की भारी भीड़ रही। इधर नूंह के बड़ौजी गांव स्थित माता मनसा मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बताते हैं कि इस मंदिर में मत्था टेकने वालों की मुरादें पूरी होने के कारण अधिक मान्यता है। इसके अलावा जमालगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी मन्दिर व मां काली मंदिर में विशेष साज सज्जा के साथ मां दुर्गा की सुबह शाम पूजा अर्चना होती है। जिसमें पुन्हाना सहित आस-पास के गांवों व शहरों के काफी संख्या में श्रद्धालुगण भाग लेते हैं।

जमालगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी मंदिर, काली मां मंदिर, सीताराम बगीची, लक्ष्मीनारायण मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, नथिया देवी मंदिर, कीर्तन भवन सहित सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों व फूलों से सजे हुए हैं और प्रात: के समय मंदिरों में हवन भी किया गया। नवरात्र में घरों में देवी प्रतिमा घट स्थापना की जाती है, घर-घर में उत्साह का माहौल रहता है। नौ दिन तक अलग अलग देवी के रूप में घरों में पूजा की जाती है। जिसमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व मां दुर्गा का नौंवा रूप सिद्धीदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों की देने वाली हैं। नवरात्र के नवम तिथि के इनकी उपासना की जाती है। नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा पूजा के नौवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं।

# डॉ. अशोक खेमका ने किया नूंह जिले की अनाज मंडियों का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



मंडी कार्यालय में फसल खरीद को लेकर अधिकारियों व मंडी में किसानों से रूबरू होते हुए मुख्य अतिरिक्त सचिव अशोक खेमका

**मंगलवार** को प्रदेश में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व मुख्य अतिरिक्त सचिव अशोक खेमका ने नूंह जिले की तावडू, पुन्हाना व नूंह अनाज मंडियों का दौरा किया। इस दौरान वह किसानों से रूबरू हुए। जिन्होंने बाजरे की फसल नहीं खरीद होने की विभिन्न शिकायतें उनके सामने रखी तो वहीं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने संबंधित खरीद एजेंसी व जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की मीटिंग कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बता दें कि हरियाणा सरकार बीते एक अक्टूबर से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू होने के बावजूद तावडू मंडी में फसल की सरकारी खरीद नहीं की जा रही थी। जिसके चलते सोमवार को क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने मंडी के बाहर रोड जाम कर आक्रोश जाहिर किया। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने पर मंगलवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अशोक खेमका ने जिले की मंडियों का दौरा किया जिसकी शुरुआत तावडू अनाज मंडी से की गई।

तावडू मंडी पहुंचे अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अशोक खेमका ने खरीद एजेंसी सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर बाजरे खरीद को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही अधिकारियों को फसल खरीद को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव के आने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विभिन्न किसान मंडी में पहुंच गए जिन्होंने फसल खरीद से संबंधित अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसके बाद वह किसानों के साथ आढ़तो पर निरीक्षण करने पहुंच गए जहां पर उन्होंने खरीद प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। इस दौरान एसीएस की उपस्थिति में ही दो किसानों की बाजरे की ढेरियों को सरकारी खरीद के लिए उपयुक्त पाया गया। अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए डॉ. अशोक खेमका ने फसल खरीद में पूरी पारदर्शिता बरते जाने के निर्देश दिए और कहा कि बेवजह किसी किसान के फसल उत्पाद को खरीदने में आनाकानी न करें।

इसके अलावा उन्होंने नूंह में खरीफ फसल खरीद का निरीक्षण के दौरान टीजीटी अध्यापकों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अशोक खेमका से मुलाकात की वहीं अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका ने टीजीटी अध्यापकों को आश्वासन दिया है कि शिकायत को सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा।

पायनियर क्लासीफाइड

**PUBLIC NOTICE**
*(In case there is no will)*

Property No. SCE 171 and parking no. PE1047/PE1048 in DLF SKY COURT SECTOR 86 GURGAON was allotted in the name of MR. SWINDER SINGH son of Mr. JAGIR SINGH & Mr. GURPREET SINGH S/o Mr. SWINDER SINGH both residents of 491, Saraswati Vihar, Chakkarpur, Gurgaon, Haryana India. Mr. SWINDER SINGH expired on 31/10/2019. Accordingly, the name of Mr. GURPREET SINGH is being noted in DLF's records in respect of the captioned Property.
If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ DLF Ltd or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

ADVOCATE MANUL MITTRA
MS 236, MEGA MALL, DLF1,
GURGAON, HARYANA.

### धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने पर किसानों को दी जाएगी एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि : डीसी

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान फसल अवशेष प्रबन्धन स्कीम के तहत बेलर द्वारा गांठ बनाकर खेत में ही मशीनों की सहायता से धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने पर किसानों को एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। डीसी अजय कुमार ने बताया की फसल अवशेष प्रबन्धन स्कीम के तहत एक ओर जहां किसानों को गांठ बेचकर अतिरिक्त आमदनी होगी, वहीं दूसरी ओर किसान द्वारा धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। किसान हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ, जीरो ड्रिल, रोटावेटर एवं हैरों की सहायता से धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर प्रोत्साहन राशि को प्राप्त कर सकते हैं। उक्त प्रोत्साहन राशि को प्राप्त करने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

**PUBLIC NOTICE**
*(In case there is no will)*

Property No. T11-202 situated at second floor of tower 11 in GLOBAL HEIGHTS, SECTOR 33, SOHNA, GURUGRAM, HARYANA was allotted in the name of Mr. SWINDER SINGH son of Mr. JAGIR SINGH resident of 491, SARASWATI VIHAR, CHAKKARPUR, GURGAON, HARYANA INDIA.
Mr. SWINDER SINGH expired on 31/10/2019. Accordingly, the name of Mr. GURPREET SINGH is being noted in BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS P. LTD.' records in respect of the captioned Property.
If anybody has any objection to this, he or she may approach Ms/ BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS P LTD. or the undersigned within 21 days of publication of this notice.


ADVOCATE MANUL MITTRA
MS 236, MEGA MALL, DLF1,
GURGAON, HARYANA.

• बेदखली •

मैं मुकेश पुत्र श्री रामकिशन निवासी गांव महलाना तहसील व जिला सोनीपत का रहने वाला हूं और ब्यान करता हूं कि विक्की मेरा सगा लड़का है जोकि शादीशुदा है और मेरी पुत्रवधू का नाम आरती है। मेरा लड़का विक्की एवं पुत्रवधू आरती दोनों ही मेरे व मेरे परिवार / रिश्तेदारों के कहे सुनने से बाहर हैं। मैंने अब दोनों को अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद अगर कोई व्यक्ति इन दोनों से कोई लेन-देन करता है तो उसके लिए यह खुद जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

# पंप ऑपरेटरों ने ली जल संरक्षण की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



पंप आपरेटरों को प्रशिक्षण देते हुए जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज।

**विश्वकर्मा** कौशल विश्व विद्यालय व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों में कार्यरत पंप ऑपरेटरों के लिए आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया।

समापन कार्यक्रम में पंप ऑपरेटरों ने शपथ ली कि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल को संरक्षित करने में भरपूर योगदान देंगे और हर घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। जिन घरों में लोग पानी व्यर्थ बहा रहे हैं उन्हें बार-बार पानी बचाने की अपील भी करेंगे। इतना ही नहीं वे सभी फिल्ड में जाकर अन्य पंप ऑपरेटरों व विभाग के कर्मचारियों को भी इस बारे में प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में नूंह जिले के 30 पंप ऑपरेटरों ने भाग लिया और छह दिन तक लगातार प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व पंचायत विभाग के अंतर्गत गांवों में पेयजल प्रणाली को सुचारु रूप से चलने वाले सभी पंप आपरेटरों को नूंह के मालब गांव के पोलटेकनिक के सेमिनार हाल में छह दिन तक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में नगीना नूंह इंडरी ब्लॉक के गांवों के पंप आपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंप ऑपरेटरों को पानी की शुद्धता, पानी की सही सप्लाई, पंप व मोटर का रखरखाव वॉल्ट मीटर के रखरखाव और मौजूदा जल स्त्रोत आवश्यक घटक ट्यूबेलपंप आपरेटरों की जिम्मेदारियां जल की सप्लाई का उचित रिकार्ड रखना मशीनरी का समय-समय पर रखरखाव व ग्राम जल व सीवरेज समिति के सदस्यों की जल संरक्षण और लोगों की जल की व्यवस्था के बारे में जानकारी देना आदि विषयों के बारे में गंभीरता से जानकारी दी गई। ट्यूबवेल में जल की गहराई को मापना, पंप और मोटर जलापूर्ति की जानकारी रखना, टैंकों और चेंबरों की समय-समय पर सफाई, फेरूल लगाकर कनेक्शन करने की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने पेयजल प्रणाली में आने वाली बाधाओं से निपटने के गुर भी सीखे। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षक वीरेंद्र गौड़ तथा सचिन अग्रवाल ने सभी पंप ऑपरेटरों को अपने अपने विषय की अधिकांश जानकारियां देकर प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम के समापन की अध्यक्षता पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल रईस खान ने की और प्रतिभागियों को भविष्य के लिए प्रेरित भी किया।

# कामधेनु गोशाला में हुई गोमाता की पूजा और गो माता आरती



**गुरुग्राम।** कार्टरपुरी की कामधेनु गोशाला में गऊ माता की पूजा और गो आरती का आयोजन हुआ। विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ हुई गो पूजा में उपस्थित लोगों ने गाय की रक्षा का संकल्प लिया। यहां आरती में हिस्सा लेने पहुंचे हरियाणा गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरन यादव ने भी गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास करते संकल्प लिया और उपस्थित गो भक्तों से अपील की कि वे भी इस अभियान में हरियाणा गोसेवा आयोग के साथ जुड़ें।

पूरन यादव ने कहा कि गऊ माता हमारी संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा है। गाय के बिना सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने गाय से प्राप्त उत्पादों को न केवल हमारे दैनिक समाजिक जीवन के लिए जरूरी बताया बल्कि अनेक रोगों से मुक्ति की औषधि बताया। पूरन यादव ने कहा कि गाय शांति का संदेश देती है और इसमें सभी देवता वास करते हैं, इसलिए हर सनातनी गाय को माता के रूप में पूजता है। उन्होंने कहा कि कामधेनु गोशाला में जिस तरह से गोपूजा का आयोजन किया गया, वैसे ही सभी गोशालाओं में ये आयोजन होते रहने चाहिए ताकि वर्तमान पीढ़ी को गायों के महत्व को समझाया जा सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बड़बोले केजरीवाल

## चुनाव पूर्वानुमान

**अरविंद** केजरीवाल ने कहा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' में उनके गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। यदि कोई पार्टी लगातार 'विस्फोटक' दावे करती रहे तो कुछ समय बाद लोग उसके बयानों से आहत अनुभव करते हैं। ऐसा खासकर तब होता है जब दावे विरले ही वास्तविक यथार्थ से मेल खाते हों। इसलिए यदि केजरीवाल ने अनुमान लगाया होगा कि 'इंटेलीजेंस ब्यूरो रिपोर्ट' के आधार दिए उनके बयान से यमुना में आग लग जाएगी तो उनको नकारात्मक परिणाम आने से निराशा नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने दावा किया कि इस रिपोर्ट में आज चुनाव होने पर उनकी पार्टी का गुजरात विधानसभा चुनाव में विजय का पूर्वानुमान लगाया गया है। शायद वे यह मामूली बात नहीं बताना चाहते हैं कि उनको रिपोर्ट के बारे में पता कैसे चला। आखिरकार आईबी एक खुफिया एजेंसी है, कोई मंत्रालय या विभाग नहीं जो अपने दस्तावेज वेबसाइट पर डालते हैं। अत्यन्त चिन्ताजनक बात है कि केजरीवाल ने राजनीतिक लाभ पाने के लिए आईबी की कथित रिपोर्ट का हवाला दिया। यदि किसी मुख्यमंत्री ने वास्तव में देखा हो तो भी उसके द्वारा खुफिया रिपोर्ट का हवाला देना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कथित 'आपरेशन लोटस' की निन्दा करते हुए उन्होंने दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केन्द्र की हालिया कार्रवाई से गुजरात में आप का वोटों में हिस्सा 4 प्रतिशत बढ़ने का दावा किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो यह वृद्धि 6 प्रतिशत होगी। कोई नहीं जानता कि केजरीवाल को ये आंकड़े कहां से मिलते हैं, कोई चुनाव सर्वेक्षण होता है या उनकी पार्टी सर्वे करती है, लेकिन वे इसके बारे में कुछ नहीं कहते। मीडिया भी पूरी आज्ञाकारिता के साथ उनके बयानों की खबरें दे देती है।



भले ही ऐसे बड़बोले कथनों से केजरीवाल की गरिमा न बढ़ती हो, पर ये उनके तथा उनकी पार्टी के लिए काफी लाभदायक हैं। दिल्ली की सत्ता में आने के पहले उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के राजनीतिक क्षेत्र को कांग्रेस नेताओं तथा कुछ बड़े उद्योगपतियों के खिलाफ आरोपों से भर दिया था क्योंकि उस समय कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी। उनका मनपसंद निशाना दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री शीला दीक्षित थीं जिनका 2019 में निधन हो गया था। उन्होंने चुने जाने पर सभी भ्रष्ट लोगों को जेल के सीखचों के पीछे भेजने का वादा किया था। वे चुने गए, लेकिन उन्होंने उन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिनको वे भ्रष्ट कहते थे। यदि एक स्वतंत्र नागरिक सुब्रमण्यम स्वामी शक्तिशाली लोगों के खिलाफ अभियोजन चला कर उनको जेल तक भेज सकते हैं तो केजरीवाल ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? दुर्भाग्य से केजरीवाल ऐसे नेताओं में अकेले नहीं हैं जो नापसंद लोगों के खिलाफ भयानक आरोप लगाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता भी राबर्ट वाड्रा के खिलाफ अनेक बाते करते रहते हैं, लेकिन यदि उन्होंने कुछ गलत किया हो तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतीत में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ बहुत कुछ कहा था, लेकिन आज वे सहयोगी बन गए हैं। इसका प्रमुख कारण राजनेताओं का यह विश्वास है कि उनको उनके बयानों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाएगा। इसलिए वे अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए अपनी इच्छानुसार कुछ भी बोलते रहते हैं। लेकिन उनको समझ लेना चाहिए कि धीरे-धीरे उनके बड़बोले बयानों का असर कम होने लगता है।

# साबरमती और यमुना की कथा

### साबरमती नदी की कथा अब भी प्रगति कर रही है और उसकी तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है, जबकि दिल्ली में यमुना मृतप्राय है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



वर्ष 2005 तक धोबी अहमदाबाद में साबरमती नदी के तट पर इस बड़े शहर के कपड़े धोते और सुखाते रहते थे तथा इसके जलग्रहण क्षेत्र में अनेक मलिन बस्तियां थीं। इस कारण गुजरात की राजधानी में आने वाले पर्यटकों को कचरे की सड़ांध का सामना करना पड़ता था। साबरमती नदी के किनारे से गुजरते समय लोग रूमाल से अपनी नाक बंद कर लेते थे। शहर में यह नदी उसी तरह मृत थी जैसे आज राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी मृत है। अहमदाबाद में लोगों को लंबे समय तक ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था क्योंकि सड़कें भीड़ से भरी थीं। इसका कारण नदी के जलग्रहण क्षेत्र तथा उससे जुड़ी सार्वजनिक जमीन पर व्यापक अवैध कब्जा था। यह पूरा परिदृश्य अत्यन्त निराशा पैदा करता था। लेकिन उस समय नरेन्द्र मोदी ने साबरमती रिवरफ्रंट विकसित करने की योजना बना ली थी। इस परियोजना पर कुछ 1,200 करोड़ रुपये खर्च होने थे। यह परियोजना शहर स्तर का हस्तक्षेप था जिसकी अवधारणा व क्रियान्वयन अनेक लाभ देने वाली परियोजना के रूप में बनाए गए थे।

इसमें उस समय तक अनदेखी का शिकार रही साबरमती नदी को एक जीवन्त शहरी 'स्पेस' में बदलना था जिससे शहर में ऐतिहासिक परिवर्तनों के द्वार खुलते थे। इसमें मुख्य केन्द्र इस बात पर था कि नदी को वापस अहमदाबाद के नागरिकों को वापस किया जाए और इस प्रक्रिया में शहर को बड़ा लाभ सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर की ढांचागत संरचना व जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो। इसका उद्देश्य नदी को पुनर्जीवित करना था जो वास्तव में सीवेज प्रवाह तथा कचरा निस्तारण का माध्यम बन गई थी। परियोजना ने सुनिश्चित किया कि यह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर हो, पर्यावरण में सुधार करे तथा सांस्कृतिक व सामाजिक टिकाऊपन से मौसमी नदी की स्थिति बेहतर हो। अब गुजरात थोड़े ही समय की नोटिस पर 36वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कर रहा है जिसमें साबरमती रिवरफ्रंट पर स्थित पाल्दी स्पोर्टस काम्प्लेक्स की प्रमुख भूमिका है। यह बड़े खेलों के आयोजन का प्रमुख स्थल है। इतने व्यापक स्तर पर परिवर्तन की तुलना केवल सिंगापुर से की जा सकती है। पूर्वी एशियाई शहर-राज्य बड़ा पर्यटक केन्द्र है। नगर नियोजकों ने सिंगापुर को इस तरह तैयार किया है कि इसमें हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह अनोखे व खोजी ढंग से कुछ ऐसा प्रस्तुतीकरण करता है जिससे पर्यटकों को यहां बार-बार आने की इच्छा होती है। इससे कई दशकों से सिंगापुर माडल बना हुआ है। शहर प्रशासक यहां एक एम्यूज़मेंट पार्क व अन्य आकर्षण विकसित करने जा रहे हैं। साबरमती रिवरफ्रंट भी इसी पैटर्न पर विकसित हो रहा है। पर्यटकों को यहां जीवन्त शहर की तरह हमेशा कुछ न कुछ नया दिखता है। यह हरियाली भरे क्षेत्र तथा साबरमती नदी के किनारे 14.30 हेक्टर क्षेत्र में मियावाकी प्लांटेशन से स्पष्ट है। यहां कुछ 12.45 हेक्टर क्षेत्र में चार सार्वजनिक पार्कों में 23,000 पेड़ लगाए गए हैं। इसके साथ ही आठ हेक्टर क्षेत्र में जैव-विविधता पार्क विकसित किया गया है।

पिछले महीने 100 से अधिक मेयरों व उप नगरप्रमुखों ने साबरमती रिवरफ्रंट का दौरा किया और वे इस स्थान के विकास से आश्चर्यचकित रह गए। शहरी प्रशासक देश की प्रगति का अगला इंजन होंगे जिसमें मेयर निगमों का नेतृत्व कर ऐसे खोजी समाधान निकालेंगे जिनसे देश के शहरों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटा जा सके। स्थानीय निकायों के प्रमुखों को अटल ब्रिज से गुजरते हुए बहुत प्रसन्नता हुई जिसका उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 27 अगस्त को किया था। अब यह पुल एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन गया है और लोग इस दर्शनीय स्थल पर आधा घंटा समय बिताने के लिए लाइन में लग कर टिकट लेते हैं। इससे न केवल अहमदाबाद व गुजरात में पर्यटन संभावनाओं का विकास हुआ है, बल्कि यह स्थानीय नगर निगमों का खजाना भरने का भी काम कर रहा है। इससे विकास कार्य होंगे जिससे साबरमती रिवरफ्रंट का आकर्षण और बढ़ेगा। यह कथा का अंत न होकर उसका आरम्भ है। साबरमती रिवरफ्रंट विकास के अगले चरणों से अहमदाबाद की जनता के जीवन में नए पंख लगेंगे।

'रिवरफ्रंट फेज़ 2' के मास्टरप्लान से विकास और प्रकृति में सामंजस्य बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें उच्च, मध्यम व कम घनत्व वाले क्षेत्रों के मिश्रण से सावधानीपूर्वक हरित व खुले क्षेत्रों के बीच संतुलन बनाया जाएगा। इसके साथ ही मास्टरप्लान में सक्षम व समन्वित आवागमन नेटवर्क को बढ़ावा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि समग्र विकास को संवेदनशील, टिकाऊ तथा शहरवासियों की बेहतरी व बेहतर सोच को प्रोत्साहन देने वाला होना चाहिए। अगले पांच साल में जब लोग अहमदाबाद व साबरमती रिवरफ्रंट जाएंगे तो वे देखेंगे कि वहां एक नया सिंगापुर उभर रहा है जो लोगों की समान या अधिक ऊर्जा के साथ सामने आ रहा है। इससे शहर व गुजरात की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी, जबकि जीवन व प्रकृति में पूर्ण सामंजस्य होगा तथा विकास पूरी तरह टिकाऊ होगा। यह शहरी पुनर्जीवन व विकास का एक उदाहरण बनेगा जिसका अनुसरण देश में अन्य स्थानों पर भी किया जा सकेगा।

भारत में शहर युगों से नदियों के किनारे विकसित हुए हैं। अत: नदी के किनारों का विकास शहरों के पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है। इससे पता चलता है कि दिल्ली क्यों पीछे हट रहा है और शहर क्यों मर रहा है। यहां के लोग निराश क्यों हैं। दिल्ली की जनसंख्या राष्ट्रीय राजधानी में रहने पर गर्व का अनुभव करने के बजाय स्वयं को माचिस के डिब्बों जैसी संरचनाओं में बंद पाती है जहां सांस लेने और टहलने के लिए उसे संघर्ष करना पड़ता है। दिल्ली में लोग न ठीक से सांस ले पाते हैं और न टहल पाते हैं। उनको हर साल स्वास्थ्य पर ज्यादा से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यमुना दिल्ली को जीवन देती है, पर वह स्वयं एक नाले में बदल गई है। राष्ट्रीय राजधानी के नेताओं ने जनता को यमुना नदी के पुनर्जीवन के बारे में मूर्ख बनाया है, जबकि असलियत में उन्होंने पैसा लूट कर केवल अपनी जेबें भरी हैं। अब लोग इसे अपनी किस्मत मान चुके हैं कि उनके जीवन में बेहतरी की कोई संभावना नहीं है। पहले शीला दीक्षित 2003 से 2015 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं और उन्होंने यमुना स्वच्छ करने के बारे में झूठे वादे किए। उनके बाद अरविंद केजरीवाल ने लोगों को इतनी अधिक आशंकाओं से भर दिया कि अब किसी को शाम को यमुना नदी के किनारे उस तरह से टहलने की उम्मीद नहीं बची है जिस प्रकार वे साबरमती रिवरफ्रंट पर घूमते हैं। 2015 में केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को सपना दिखाया था कि वे यमुना को लंदन की टेम्स नदी बना देंगे। 2020 में उन्होंने दिल्ली विधानसभा में एक 10 बिंदु वाला गारंटी कार्ड पेश कर कहा था कि यमुना इतनी स्वच्छ बना दी जाएगी कि लोग उसके पानी में तैरने लगेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया था कि वे 2023 तक यमुना के प्रदूषण में 90 प्रतिशत तक कमी कर देंगे।

इस समयसीमा में अब केवल दो महीने बाकी बचे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना में रसायनों का झाग तैर रहा है। केन्द्र ने भी इसके लिए 2,419 करोड़ रुपये की धनराशि दी है। लेकिन शहर की सरकार के पास कोई इच्छाशक्ति नहीं है। लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिए शहर प्रशासकों का समुचित दृष्टिकोण होना चाहिए, जबकि केजरीवाल नीत आम आदमी सरकार खैरात की राजनीति कर जल्दी से जल्दी राजनीतिक लाभ प्राप्त करना चाहती है। इस प्रकार यमुना दिल्ली में मृतप्राय है, जबकि अहमदाबाद में बहने वाली साबरमती युवा ऊर्जा से भरी है। अब दिल्ली एक और जाड़े का सामना करने जा रही है। लोग एक बार फिर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होंगे, जबकि कार्बन और प्रदूषण को सोखने का कोई 'कार्बन सिंक' नहीं है। यदि समुचित दृष्टिकोण तथा लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए परिवर्तन की इच्छाशक्ति हो तो यमुना रिवरफ्रंट भी समुचित स्वरूप प्राप्त कर सकता है।

# आरबीआई पर सरकार के नियंत्रण की सीमाएं

> "वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है।"

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक ने 17 अगस्त, 2022 को भुगतान प्रणाली में शुल्क पर एक चर्चा पत्र जारी किया। डिजिटल भुगतान सेवाओं की एक श्रृंखला के लिए शुल्क संरचना पर प्रतिक्रिया मांगने वाला आरबीआई पेपर 3 अक्टूबर तक टिप्पणियों के लिए खुला है। यह माना गया था कि आरबीआई द्वारा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के लिए शुल्क लगाने की संभावना है जो अभी मुफ्त है। यह स्पष्ट नहीं है कि आरबीआई ने इस पर जनता की राय क्यों मांगी है, क्योंकि अब तक आरबीआई ने एनईएफटी या आरटीजीएस लेनदेन पर या विभिन्न बैंकों द्वारा लगाए गए विभिन्न सेवा शुल्कों पर कोई जनमत नहीं मांगी है। तुरंत, सरकार ने स्पष्ट किया कि यूपीआई सेवाओं पर कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार के साथ ऐसा कोई कदम नहीं है। एक ट्वीट में, वित्त मंत्रालय ने कहा, "यूपीआई अर्थव्यवस्था के लिए सार्वजनिक उत्पादकता लाभ के लिए अत्यधिक सुविधा के साथ एक डिजिटल सार्वजनिक वस्तु है।" यूपीआई सेवाओं के लिए कोई शुल्क लगाने के लिए सरकार में कोई विचार नहीं है।

लागत वसूली के लिए सेवा प्रदाताओं की चिंताओं को अन्य माध्यमों से पूरा करना होगा। ऐसा लगता है कि इस मुद्दे पर सरकार और आरबीआई के बीच मतभेद है और यह सार्वजनिक हो गया है। आरबीआई ने 18 अगस्त, 2022 को 'सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण : एक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' शीर्षक से एक अध्ययन पत्र भी जारी किया है। जैसा कि शीर्षक से ही पता चलता है कि यह एक 'वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य' है। इसका मतलब है कि यह मौजूदा परिप्रेक्ष्य के विपरीत है। सरकार ने कई बार विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से और अधिकारियों के माध्यम से सूचित किया कि वे सरकारी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं। कभी वे कहते हैं कि वे सभी बैंकों का निजीकरण करना चाहते हैं और कभी कहते हैं कि वे किसी दो या तीन का निजीकरण करना चाहते हैं। जब बैंक यूनियनों ने सरकार से स्पष्ट आश्वासन मांगा कि सरकारी बैंकों का निजीकरण नहीं किया जाएगा, तो इसे स्वीकार नहीं किया गया और बैंक यूनियनों ने अपना आंदोलन जारी रखा जिसमें हड़ताल की कार्रवाई शामिल है। समापन भाग में निम्नलिखित दावे शामिल हैं "इन बैंकों के निजीकरण का एक बड़ा धमाका दृष्टिकोण अच्छे से अधिक नुकसान कर सकता है।" "यह लेख साक्ष्य के साथ एक वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रदान करता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पूरी तरह से केवल लाभ अधिकतमकरण लक्ष्य द्वारा निर्देशित नहीं हैं और उन्होंने पीवीबी के विपरीत अपने उद्देश्य कार्य में वांछनीय वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को एकीकृत किया है" और "कमजोर बैलेंस शीट की आलोचना के बावजूद, डेटा सुझाव देता है कि उन्होंने कोविड -19 महामारी के झटके को अच्छी तरह से झेला।" ऐसी संभावना है कि उपरोक्त दावे सरकार के लिए सुविधाजनक न हों। जब सामग्री पर व्यापक रूप से चर्चा हुई, तो आरबीआई ने तुरंत एक स्पष्टीकरण के साथ कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और भारतीय रिजर्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आरबीआई यहीं नहीं रुका। इसने रिपोर्ट के निष्कर्ष से कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जो यह दिखाने के लिए हो सकता है कि सेंट्रल बैंक सरकार के विचारों के अनुरूप है। यदि रिपोर्ट आरबीआई के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है, तो उन्हें उस पर विस्तार से क्यों बताना चाहिए?



यहां फिर से, ऐसा लगता है कि आरबीआई ने कुछ क्षति-नियंत्रण अभ्यास का प्रयास किया है। वित्तीय मध्यस्थता और वित्तीय बाजारों के व्यवस्थित संचालन के लिए आरबीआई की स्वायत्तता महत्वपूर्ण है, वित्तीय नियामकों की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 7 के रूप में केंद्र सरकार सर्वोच्च है, "प्रबंधन - (1) केंद्र सरकार समय-समय पर बैंक को ऐसे निर्देश दे सकती है, मगर ऐसा वह परामर्श के बाद कर सकती है। यदि बैंक के गवर्नर जनहित में आवश्यक समझें।"

लेकिन यह भी सच है कि, जैसा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 28 अगस्त, 2018 के अपने आदेश में प्रावधान किया है, "हालांकि, केंद्र सरकार से धारा 7(1) के तहत किसी भी निर्देश को अंधाधुंध या बेतरतीब ढंग से जारी करने की उम्मीद नहीं है। इस तरह के निर्देश तभी संभव हैं जब समर्थन में पर्याप्त सामग्री मौजूद हो।"

## आप की बात

### प्रदूषण की समस्या

**प्रदूषण** महानगरों की एक बड़ी समस्या है। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण किसी आफत से कम नहीं है। सरकार एवं नगर निगम होने के बावजूद भी प्रदूषण से निपटना आसान नहीं है इसका सबसे बड़ा कारण है दिल्ली के ग्रामीण, जे जे क्लस्टर एवं अनाधिकृत कॉलोनियों की सड़कों एवम गलियों में टूट-फूट और ट्रैफिक जाम के कारण धूल भरा माहौल बना हुआ है इसके अलावा दिल्ली में पराली एक बड़ी समस्या है हरियाणा पंजाब और यूपी में पराली जलाई जाती है और दिल्ली में प्रदूषण विकराल रूप धारण कर लेता है जिसके कारण सांस की बीमारी से बच्चों एवम वृद्धों को भारी समस्या का समस्याओं का सामना करना पड़ता है दिल्ली की सड़कों एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण भी प्रदूषण का एक बड़ा कारण है फुटपाथ अवैध व्यापार के कब्जे में है, मजबूरन पैदल यात्री सड़क पर चलते हैं इसलिए ट्रैफिक जाम होता है केवल दिल्ली में 19 लाख वाहन बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के सड़कों पर हैं सरकार इन पर भारी जुर्माना लगाए और वाहन जब्त करे। ऐसा नहीं है कि सरकारों के द्वारा प्रदूषण पर रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए हैं बावजूद इसके इस समस्या का कोई समाधान होता दिखाई नहीं देता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### दर्दनाक हादसा

**कानपुर** हादसे में 26 लोगों के जान गंवाने और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद लोगो की रूह कांप उठी। एक ही परिवार के 6 लोगो की मौत के बाद पूरा परिवार समाप्त हो गया। हमारे देश में कई सैकड़ा लोग हादसे में अपनी जान गवाते है। अगर सही मायनों में देखा जाए हम लोग यातायात नियमों को दरकिनार करके यात्रा करते है जो किसी भी सूरतेहाल में सही न है। कानपुर हादसे में लोग देवी दर्शन करके वापस लौट रहे थे उनको क्या पता था कि यह उनकी अंतिम यात्रा होगी। ट्रैक्टर ट्राली कृषि उपयोग के लिए होती हैं लेकिन इसको लोगों ने आवागमन का साधन बना रखा है अक्सर गांव में मेला हो या किसी देवी दर्शन के लिए जाना हो लोग आवागमन के लिए ट्रैक्टर ट्राली का ही प्रयोग करते हैं। लेकिन उनके द्वारा लिया गया यह निर्णय किसी जानलेवा खतरे से कम नहीं होता है। ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा करना किसी भी सूरते हाल में सही ना है कानपुर हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यातायात पुलिस विभाग लगातार अभियान चलाता रहता है। एक निश्चित समय तक लोगों को जागरूक किया जाता है,बावजूद इसके लोग मानते नहीं हैं।

– **योगेंद्र गौतम**, ललऊ खेड़ा, उन्नाव

### चीन को करारा झटका

**चीन** की फ़ितरतो व पेत्रेबाजी का करारा झटका उसको अपनी व्यापार नीति मे मिला है. चीन की भारत के प्रति दोहरी मापदंड नीतियों से चीन को मुंह की और खानी पड़ती है! बाजार की त्योहारी रौनक मे इस बार चीनी चमक धुंधली या गायब ही हो गई! विगत वर्षो कोरोना के बाद दो साल बाद बाजारों मे चीनी उत्पाद की चमक धमक लुप्त प्राय सी हो गई! गणेश उत्सव से अब तक चीनी मुर्तिया और सजावटी सामान का आयात लगभग बंद सा हो गया है। चीन की भारत के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता व विरोधी नीतियों को देखते हुए! चीन से आये सामान को लेकर ज्यादातर लोगो की बेरुखी के चलते अधिकांश आयातको ने सामान मंगवाना बंद कर दिया! बिल्कुल सही भी है मुख मे राम बगल मे छुरी वाले चीन को करारा झटका जरुरी है! समाचार पत्र के समाचार के आधार पर प्रतिवर्ष चीन से 25 करोड़ का सामान आता था ! इस बार नहीं आया! भारत मे चीन की व्यापार नीति को ध्वस्त करना जरुरी हो गया है!

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**हम** उन देशों में एक हैं जिनके पास अपनी रक्षा के लिए व्यापक विकल्प उपलब्ध हैं।
– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**अर्थव्यवस्था** को गति देने व ब्रिटेन को आगे बढ़ाने के लिए हमें तत्काल कार्रवाई करनी होगी।
– **लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**पहली** बार हमारे किसानों को नियमित, अबाध एवं अतिरिक्त जल मिला है।
– **भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री"

# आधार कार्ड व पीपीपी से सिस्टम में आई पारदर्शिता, फर्जीवाड़े पर लगी रोक

## सात अक्टूबर को गोहाना स्थित चौधरी देवीलाल स्टेडियम में आयोजित होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## लोगों को सरकार की योजनाओं व नीतियों से भी जोड़ रहे कलाकार


जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली गांवों लोगों को जागरूक करते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में गोहाना स्थित चौधरी देवीलाल स्टेडियम में सात अक्टूबर को होने वाले राज्य स्तरीय राजकीय भगवान वाल्मीकि प्रकट महोत्सव के लिए लोगों को निमंत्रण देने के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मण्डली प्रतिदिन जिला के गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

इसी कड़ी में भजन मंडली द्वारा गांव कालूपुर तथा लहराड़ा में ग्रामवासियों को राज्य स्तरीय राजकीय भगवान वाल्मीकि प्रकट महोत्सव का निमंत्रण देने के साथ-साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याकारी नीतियों के प्रति भी जागरूक किया। इस दौरान लीडर भजन पार्टी कपूर सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित प्रदेश के कई सांसद, मंत्री व विधायक भाग लेंगे।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल व उपायुक्त ललित सिवाच के मार्गदर्शन में विभागीय स्तर पर जिला में प्रचार अभियान के तहत लोगों को सरकार की जनहितकारी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष प्रचार कार्यक्रम के तहत भजन पार्टी कलाकारों द्वारा गावों में जाकर लोकप्रिय धुनों पर आधारित विशेष लोकगीत, भजनों व रागनियों के जरिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में लोक शैली में जागरूक किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लीडर भजन पार्टी कपूर सिंह, भजन पार्टी सदस्य कृष्ण कुमार जुआं, मनोज कुमार तथा कृष्ण भावड़ गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। भजन पार्टी कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह, जल संरक्षण, लंपी स्किन बीमारी से बचाव, जल शक्ति अभियान सहित हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, परिवार पहचान पत्र, जल शक्ति अभियान, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, सीएम विंडो, ई-रजिस्ट्रेशन, ई-स्टांप, ई-टेंडरिंग, जमाबंदी-इंतकाल, कॉमन सर्विस सेंटर आदि के बारे में सरल भाषा में जागरूक एवं रूबरू कराया जा रहा है।


जादूगर सम्राट शंकर को सम्मानित करते स्कूल के प्रधानाचार्य बीडी गाबा।

# नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया दहशरा उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नवयुग** सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर में दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यापिका स्नेह ने बच्चों को दशहरे के महत्व को बताया और संक्षेप में रावण दहन का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को अहंकार न करने की सलाह दी और असत्य पर सत्य की जीत का महत्व बताया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा रावण दहन किया गया।

सभी बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। दहन के पश्चात प्रधानाचार्य ने ब'चों को संबोधित किया और उन्हें दशहरे की शुभकामनाएं दीं और ब'चों को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने की सलाह दी। उन्होंने ब'चों को रामायण के हर पात्र से प्रेरणा लेने को कहा। जैसे रामजी से पितृभक्ति तत्पश्चात जादूगर जूनियर सम्राट शंकर द्वारा बच्चों को मैजिक शो दिखाया गया, जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। जादूगर ने बच्चों को मैजिक ट्रिक्स भी सिखाई।

उन्होंने वाटर आफ इंडिया, तस्वीर में से कबूतर का उड़ना तथा खाली टोपी में से फूलो की माला निकालना आदि जादू दिखाए। उन्होंने बच्चों को पानी का महत्व बताते हुए उसे व्यर्थ न करने की भी सलाह दी। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा जादूगर सम्राट शंकर को सरस्वती माता की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने सम्राट शंकर का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### डिस्पेंसरी की 19वीं वर्षगांठ पर लगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर


कैंप में नेत्र जांच करवाने के लिए पहुंचे मरीज।

**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी कुरुक्षेत्र के द्वारा डिस्पेंसरी के 19 वर्ष पूरे होने पर क'चा घेर स्थित डिस्पेंसरी में मंगलवार को आंखों का फ्री चेकअप कैंप कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ सतयुग दर्शन ट्रस्ट के ट्रस्टी एचसी मुंजाल ने किया। कैंप में 107 लोगों की आंखों की जांच की गई व 25 लोगों को मुफ्त चश्में दिए गए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीश कुकरेजा ने मरीजों की आंखों की जांच की। नेत्र चिकित्सक डॉ. मनीश कुकरेजा ने कहा कि आंखें, हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। ये बहुत नाजुक होती हैं, इसलिए उनकी पूरी देखभाल करें, थोड़ी सी भी परेशानी हो तो उसे नजरअंदाज न करें। अगर आंखों से संबंधित समस्याओं को आप लंबे समय तक नजरअंदाज करेंगे तो दृष्टि प्रभावित हो सकती है या हमेशा के लिए आंखों की रोशनी छिन सकती है। इसलिए समस्या मामूली भी हो तो खुद से आंखों का इलाज न करें, डॉक्टर से संपर्क करें। ट्रस्टी एचसी मुंजाल ने बताया कि सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी 19 वर्षों से निरंतर मरीजों की सेवा में तत्पर है। डिस्पेंसरी के 19 वर्ष पूरे होने पर सभी स्टाफ और मेंबर बधाई के पात्र हैं। यह डिस्पेंसरी आगे भी इसी तरह सेवा करती रहेगी। इन 19 वर्षों में डिस्पेंसरी में बहुत ही आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाया गया है, जिससे कि मरीजों को अधिक से अधिक लाभ मिले। आने वाले समय में बहुत ही और सुविधाओं को इसमें जोड़ा जाएगा।यहां आने वाले हर मरीज का चैरिटेबल रेट पर इलाज किया जाता है। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी रहलन, डॉ. महावीर शर्मा, डॉ. नैंसी, डॉ. विजेंद्र, जितेंद्र अरोड़ा, कर्मचंद, हैप्पी, हेमंत, अंकिता, शिखा, निशांत, मीना आदि मौजूद रहे।

### घुम्मन कॉलेज में बीएड का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सरदार चनन सिंह घुम्मन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को बीएड द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित किया। जिसमें सरदार चनन सिंह घुम्मन कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। डॉ. आरएस घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज की छात्रा दीक्षा आनंद ने 77.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नितिका पुण्डीर ने 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नवनीत कौर तथा तनवी आनंद ने 77.06 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं सभी अध्यापकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज प्रधान संतोष कौर घुम्मन, उपप्रधान पूर्ण चंद शर्मा, मनिन्दर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, मुकेश दुआ, दिप्ती, शुष्मा सैनी, नीतू कपूर, वनीता, रजत, राजविन्द्र कौर और असीम साहनी मौजूद रहे।

# पुनीत सागर अभियान के तहत चलाया स्वच्छता अभियान


पुनीत सागर अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**आर्य** कन्या महाविद्यालय के एनसीसी यूनिट द्वारा मारकंडा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहान ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि नदियों के जल को स्वच्छ रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स मारकंडा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। अभियान के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहान ने बताया कि मंगलवार को मारकंडा नदी में चलाए गए अभियान में वन हरियाणा गर्ल्स बटालियन अंबाला कैंट का अहम योगदान रहा है और इस अभियान को पुनीत सागर स्वच्छता अभियान नाम दिया गया है। महाविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टि. डॉ. ज्योति शर्मा ने कैडेट्स को बताया कि वैदिक काल से ही भारत में नदियों की पूजा अर्चना की जाती है एवं नदियों को स्वच्छ रखना हम सब का कर्तव्य है ताकि हम नदियों को प्रदूषण से बचा सके।

वही वन हरियाणा गर्ल्स बटालियन के नायब सूबेदार सकल देव सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को नदियों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नदियों के आसपास गंदगी न फैलाने दें और नदियों के प्रवाह को रुकने नहीं देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनीत सागर कार्यक्रम पूरे देश भर में चलाया हुआ है जिसमें एनसीसी कैडेट्स को इस कार्य के लिए चुना गया है। इस मौके पर हवलदार बीरपाल सिंह और एनसीसी कैडेट्स सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विजय दशमी का पर्व मनाया

**कुरुक्षेत्र।** दशहरा भारत के प्रमुख पर्वों में से एक प्रसिद्ध हिन्दू पर्व है। यह त्यौहार आश्विन माह की शुक्ल पक्ष की दशमी के दिन मनाया जाता है। इस पर्व को विजयदशमी भी कहा जाता है। इस दौरान छात्र छात्राएं भगवान राम, सीता और हनुमान और रावण की वेशभूषा में सभी का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय द्वारा गांव में भगवान राम की भव्य झांकी निकाल कर दशहरा पर्व के महत्व को दर्शाया गया।

विद्यालय प्रबंधक निदेशक सोहन लाल सैनी ने छात्रों व उनके अभिभावकों को इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने त्योहार का महत्व समझाते हुए कहा कि यह त्योहार हमें न सिर्फ अपने इतिहास से जोड़ता है, बल्कि आपसी प्रेम और सामाजिकता का संदेश भी देता है। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने बच्चों को बताया गया कि दशहरे के दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था। इस पर्व को असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति की वीरता का पूजक व शौर्य का उपासक है। इस अवसर पर विद्यालय में रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन भी किया गया।

# कॉलेज में छात्र प्रेरण कार्यक्रम का किया आयोजन

## छात्रों को कॉलेज की गतिविधियों में भाग लेनों को कहा

पायनियर समाचार सेवा ।कुरुक्षेत्र



**भगवान** परशुराम कॉलेज में छात्र प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. हीरा लाल शर्मा ने सबसे पहले नए छात्रों का स्वागत किया तथा उन्होंने कॉलेज के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों का परिचय दिया।

छात्र प्रेरण कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने सबसे पहले कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया तथा उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि कॉलेज के हर छात्र को अपने छात्र-जीवन मे कॉलेज द्वारा करवाई जाने वाली गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, शारीरिक शिक्षा, संस्कृति कार्यक्रम, योग और मेडिटेशन, महिला सेल, रोजगार विभाग आदि के प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों के बारे में कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्रों को बताया तथा साथ ही साथ छात्रों को प्रोत्साहित किया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. हीरा लाल शर्मा, डॉ. रमा शर्मा, प्रो. वासव दत्ता, डॉ. एमआर बंसल, डॉ. सुभाष शर्मा, डॉ. सरिता राय, डॉ. प्रवीन शर्मा, प्रो. अनिल कौशिक, डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. भारती आदि विभिन्न गतिविधियों के प्रभारी उपस्थित थे।

# हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा


हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा ।कुरुक्षेत्र

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन कर प्रदेश की कला और संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में रामनवमी पर हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके हरियाणवी संस्कृति का परिचय दिया।

हिमाशुं व साथी कलाकारों ने जहां अलग-अलग गीतों तथा भजनों के माध्यम से समां बांधा वहीं सुमन व दल ने हरियाणवी नृत्यों से सांस्कृतिक छटा बिखेरी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में डॉ. देशराज विज उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या राजबाला शर्मा ने की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मनीषा तथा पराग ने अपनी गायकी के माध्यम से राम स्तुति करते हुए माहौल को भक्तिमय बनाया। इसके अलावा सुमन, निकिता, स्वाति, चेतना आदि कलाकारों ने हरियाणवी नृत्य हरियाणा एक हरियाणवी एक की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। कार्यक्रम इतना शानदार रहा कि दर्शकों ने करतल ध्वनि से कलाकारों का हौंसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि ने कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर प्राची शर्मा, मांगेराम, विकास, सलिंद्र, श्रवण इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## स्कूल में शस्त्र पूजन कर किया रावण दहन



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** श्रीकृष्णा विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शस्त्र पूजन और रावण दहन का भव्य कार्यक्रम किया गया। विद्यालय प्रबंधन मदन गोपाल पूरी ने शास्त्रों के साथ-साथ शस्त्रों के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय आत्मरक्षा हेतु शस्त्रों का ज्ञान जरूरी है। प्रधानाचार्य प्रतिभा पूरी ने छात्रों को श्री राम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उन जैसे आदर्श स्थापित करने का आह्वान किया। शैक्षिक निर्देशक पंकज शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष रावण दहन का अर्थ यही है कि हम सभी अपने अंदर की बुराइयों और अवगुणों का भी दहन करें। प्रतीक रूप में रावण दहन यही शिक्षा देता है कि ज्ञानी होने पर भी अभिमान नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने रावण के पुतले को अग्नि दी और बुराई के प्रतीक के अंत पर खुशियां मनाई। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, समस्त स्टाफ ओर छात्र उपस्थित रहे।

# गोल्डी सोलर ने 2025 तक क्षमता विस्तार के साथ एचजेटी टेक्नलॉजी में प्रवेश का किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

**गोल्डी** सोलर ने अपने बिजनेस के विस्तार से जुड़ी योजनाओं के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम के निवेश से जुड़े प्लान का ऐलान किया है। गोल्डी सोलर भारत में क्वालिटी को लेकर सबसे सजग क्वालिटी ब्रांड है। इसके साथ-ही-साथ कंपनी ने अपने नए और फ्लैगशिप प्रोडक्ट एचई एलओसीप्लस पर से पर्दा हटाया है। हेट्रोजंक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस प्रोडक्ट में कार्बन मॉड्यूल सीरीज का कम इस्तेमाल किया गया है और इसकी दक्षता (एफिशिएंसी) काफी अधिक है।

गोल्डी सोलर का लक्ष्य मॉड्यूल, सेल और कच्चे माल निर्माण क्षमताओं के साथ एंड-टू-एंड और वर्टीकल इंटीग्रेटेड कंपनी बनना है। इस प्लान के अनुरूप कंपनी गुजरात में सेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना है। इसके बाद कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाकर पांच गीगावाट करेगी। इसके साथ-ही-साथ कंपनी की विभिन्न पदों पर 4,500 से ज्यादा लोगों की




नियुक्ति करने की योजना है।

इन महत्वपूर्ण डेवलपमेंट्स को लेकर गोल्डी सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने कहा, बिल्कुल जमीनी स्तर (ग्रास रूट लेवल) पर रोजगार पैदा करने के लिए गोल्डी सोलर की प्रस्तावित विनिर्माण इकाई (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी) के आसपास के जनजातीय इलाकों से 25 प्रतिशत वर्कफोर्स की भर्ती की योजना है। रिन्यूएबल्स में करियर बनाने को लेकर नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए गोल्डी सोलर एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर में तीन महीने का सर्टिफिकेशन कोर्स चलाएगी। गोल्डी सोलर कंपनी के डायरेक्टर भरत भूत ने कहा, गोल्डी सोलर ने निरंतरता के साथ क्वालिटी मॉड्यूल बनाए हैं और डिलीवर किए हैं। हमारा मंत्र बेहतर और ज्यादा दक्ष उत्पाद बनाना है। क्वालिटी को लेकर अपनी प्राथमिकता की वजह से हम डेवलपमेंट और आरएंडडी के लिए एक समर्पित टीम बनाना चाहते हैं जो अधिक दक्ष मॉड्यूल्स के निर्माण को और रफ्तार देगा। गोल्डी नवीनतम एचजेटी तकनीक पर आधारित 710 2p मॉड्यूल की घोषणा करने वाला पहला भारतीय निर्माता है हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि हमारा नया प्रोडक्ट HELOC Plus इंडस्ट्री में बड़े बदलाव लाने वाला साबित होगा। गोल्डी सोलर के प्रेसिडेंट और ग्लोबल हेड (सेल्स और मार्केटिंग) हरदीप सिंह ने कहा, हमारा 'घर घर गोल्डी, हर घर गोल्डी' का मूलमंत्र गोल्डी सोलर को भारत के जन-जन का ब्रांड बनाने के हमारे लक्ष्य को दिखाता है। वर्तमान में हम आईपीपी, सीएंडआई, ईपीसी, एक्सपोर्ट और मैन्यूफैक्चरिंग में ऑपरेट करते हैं।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोआपरेटिव फार्म पिहोवा में 70 से यादा बच्चों, मिड डे मील वर्कर्स, सफाई कर्मचारियों और आंगनबाड़ी वर्कर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुख्य शिक्षक सुरेश कुमार ने की। ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मितल ने बताया कि ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, स्वास्थ्य और करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर हैं।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060117541718 **सोहन लाल (ऋणी)**, प्रकाशो देवी (सह-ऋणी), हरप्रीत कौर (सह-ऋणी) | 14 सितम्बर 2022 ₹ 498311/- रु. चार लाख अठानवे हजार तीन सौ ग्यारह मात्र दिनांक 13 सितम्बर 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत खेवात नं. 20, खातौनी नं. 37, ग्राम मदूदा कुरूक्षेत्र शाहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 150 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060118805900 **सुरेश कुमार (ऋणी)**, संजू बाला (सह-ऋणी) | 14 सितम्बर 2022 ₹ 232120/- रु. दो लाख बत्तीस हजार एक सौ बीस मात्र दिनांक 12 सितम्बर 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत वाक्या मौजा 12, अघोरा हिसार, हरियाणा **क्षेत्रफल 29.33 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060125589710 **कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी (ऋणी)**, लक्ष्मण सिंह (सह-ऋणी), बैशाली लक्ष्मण (सह-ऋणी) | 14 सितम्बर 2022 ₹ 1259286/- रु. बारह लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी मात्र दिनांक 12 सितम्बर 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत - पुराना बस स्टैण्ड डूंगरा अहिर महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 3564 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060100464121 **निशान सिंह (ऋणी)**, श्रीमती सुनीता देवी (सह-ऋणी), मेजर सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती कुसुम देवी (सह-ऋणी) | 07 सितम्बर 2022 ₹ 784881/- रु. सात लाख चौरासी हजार आठ सौ इक्यासी मात्र दिनांक 06 सितम्बर 2022 तक | सम्पत्ति बिंइग 1 कनाल कम्प्राइज खेवात/खातौनी नं. 42 मिन/69 मिन, खसरा नं. 6//21/2(4-4), किता 2, रकबा 5 कनाल 18 मारला व इसका 20/118 हिस्सा क्षेत्रफल 1 कनाल स्थित थरवा, हडबस्ट नं. 2, उप तह. मुलाना, अम्बाला, हरियाणा, पूर्व - रोड, पश्चिम-कृषि भूमि, उत्तर - मालिक की सम्पत्ति, दक्षिण- निशान सिंह की सम्पत्ति **क्षेत्रफल 610 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060100464241 **संजीव कुमार (ऋणी)**, ममतेश रानी (सह-ऋणी), सीता राम (सह-ऋणी) | 07 सितम्बर 2022 ₹ 955544/- रु. नौ लाख पचपन हजार पॉच सौ चव्वालिस मात्र दिनांक 06 सितम्बर 2022 तक | सम्पत्ति स्थित 3 दुकान आटा चक्की के पास, रायपुर रानी, पंचकुला हरियाणा **क्षेत्रफल 821 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060716890428 **श्री कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी (ऋणी)**, हरीश कुमार (सह-ऋणी), रवि गर्ग (सह-ऋणी), रोशनी देवी (सह-ऋणी) | 07 सितम्बर 2022 ₹ 3388835/- रु. तैंतीस लाख अठासी हजार आठ सौ पैंतीस मात्र दिनांक 06 सितम्बर 2022 तक | (1) सम्पत्ति स्थित नगर निगम 100 ए हिसार हरियाणा **क्षेत्रफल 133.33 वर्ग गज** (2) सम्पत्ति स्थित 13 राजगढ़ **सादुलपुर चुरु राजस्थान क्षेत्रफल 117.33 वर्ग गज** |

स्थान : हरियाणा   दिनांक: 04-10-2022   प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060119388499 **कृष्ण कुमार ( ऋणी ),** रमेश कुमार ( सह-ऋणी ), केसर देवी ( सह-ऋणी ) | 12 जुलाई 2022 ₹ 380948/- अक्षरे तीन लाख अस्सी हजार नौ सौ अडतालिस मात्र दिनांक 12 जुलाई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत ग्राम रिसालिया खेरा 22/1193 आवासीय सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 533 वर्ग गज** | 30 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061124249160 **कृष्ण कुमार ( ऋणी ),** रमेश कुमार ( सह-ऋणी ), केसर देवी ( सह-ऋणी ) | 12 जुलाई 2022 ₹ 108840/- अक्षरे एक लाख आठ हजार आठ सौ चालीस मात्र दिनांक 12 जुलाई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित रिसालिया खेरा सिरसा हरियाणा 125103 **क्षेत्रफल 533 वर्ग गज** | 30 सितम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।
स्थान: हरियाणा   दिनांक: 04-अक्टूबर-2022   प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# डवलपमेंट ऑफ कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट सिरे चढ़ने की ओर अग्रसर

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल


नक्शा देखते नगर निगम अधिकारी और कर्मचारी।

**क्लॉक** टावर स्थित नगर निगम के पुराने कार्यालय स्थल पर डव्लपमेंट ऑफ कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट सिरे चढ़ने जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अजय सिंह तोमर ने स्पेस के चारों ओर मौजूद दुकानदारों के एक शिष्ट मंडल के साथ मीटिंग कर उन्हें प्रोजेक्ट का नक्शा दिखाया और इसमें क्या-क्या करने जा रहे हैं, उसकी जानकारी दी।

शिष्ट मंडल में उक्त दुकानदारों की 12 सदस्यीय कमेटी के मेम्बर थे। मीटिंग में प्रोजेक्ट को लेकर दुकानदारों ने विचार-विमर्श किया और उनमें सकारात्मकता का भाव था। स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय की ओर से इस प्रोजेक्ट के पेपर तैयार कर लिए गए हैं, जो नक्शे के साथ अवलोकन के लिए सरकार के पास जाएंगे। मीटिंग में नक्शा और उसमें दर्शाई गई दुकानों पर नगर निगम और दुकानदारों के बीच काफी देर तक मंथन किया गया।

अंतत: निगमायुक्त के निर्देश पर फैसला हुआ कि एक फॉर्मेट तैयार कर लिया जाए, जिस पर सभी दुकानदार हस्ताक्षर कर अपनी सहमति देंगे। सरकार से ओके होने के बाद नगर निगम इसका टैंडर लगाएगा और कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू होगा। निर्माण पर खर्च होने वाली धनराशि भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से दी जाएगी।

**नया भवन बहुत ही उम्दा होगा**

निगमायुक्त ने जानकारी दी कि नगर निगम की ओल्ड बिल्डिंग पर 3142 वर्ग मीटर का खाली स्पेस मौजूद है। नए प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने के बाद मौजूदा दुकानदारों को उनकी वर्तमान दुकानों के साईज के अनुसार ही लगभग साइज की दुकाने दी जाएंगी, जो अच्छे स्वरूप में होंगी। उन्होंने बताया कि डिजाइन के हिसाब से नया भवन बहुत ही उम्दा होगा और इससे शहर की खूबसूरती बढ़ेगी। ले-आउट प्लान के अनुसार बिल्डिंग के बेसमेंट में कार पार्किंग रखी गई हैं। भूतल पर 121 दुकानें होंगी और प्रथम तल पर भी इतनी ही दुकानों का निर्माण किया जाएगा।

### द्वितीय तल पर कार पार्किंग का प्रावधान

**द्वितीय** तल पर भी कार पार्किंग का प्रावधान रहेगा, जबकि तृतीय तल पर फूडकार्ट, रेस्टॉरेंट और सीटिंग एरिया होगा, जिसमें दुकानदार या ग्राहक सुकून से बैठकर भोजन, स्नैक्स इत्यादि ले सकेंगे। एनर्जी सेविंग के लिए सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा। ऊपर हरियाली के लिए प्लान्टेशन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेसमेंट और द्वितीय तल पर करीब 172 कारें, समान स्पेस में पार्क हो सकेंगी। दुपहिया वाहनों को पार्किंग के लिए बाहर की ओर स्पेस मिलेगा। बेसमेंट में जाने के लिए रैम्प होगा, जबकि ऊपर के तलों पर जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा दी जाएगी। इनमें दो लिफ्ट कारों के लिए और दो पैसंजर्स के लिए रहेंगी। समूचे भवन में मुकम्मल तौर पर वैंटीलेशन रहेगा।



# कुष्ठ रोग एक सामान्य त्वचा रोग: डॉ. सिम्मी कपूर

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**गांधी** जयंती के उपलक्ष्य में जिला कुष्ठ रोग विभाग करनाल की ओर से इन्द्रा चक्रवर्ती ग्राम, कुष्ठ आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप में उप सिविल सर्जन (कुष्ठ रोग) डॉ. सिम्मी कपूर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन वैद व पीएमडब्ल्यू वन्दना आर्य तथा आश्रम के सदस्य उपस्थित रहे।

उप सिविल सर्जन (कुष्ठ रोग) ने बताया कि कुष्ठ रोग एक सामान्य त्वचा रोग है जोकि कुष्ठ रोगी के खांसने व छींकने से कीटाणु स्वस्थ व्यक्ति में प्रवेश करने से होता है। शरीर पर लाल, तांबिया दाग, हाथ पैरों का सुन्नपन्न, नसों में दर्द व शरीर पर गांठे कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। कुष्ठ रोग की जांच व ईलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त में किया जाता है। इन्द्रा चक्रवर्ती ग्राम, कुष्ठ आश्रम में वर्तमान में कुष्ठ रोग से पीड़ित 53 विकलांग व्यक्ति रहते हैं। इस समय जिला करनाल मे 13 कुष्ठ रोगियों का ईलाज चल रहा है। आश्रम के सदस्यों को उनकी आवश्यकता के अनुसार बैसाखी, चश्मे तथा खाना वितरित किया गया। इस समय करनाल में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा विशेष पखवाड़ा लैप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन के रूप में आयोजित किया जा रहा है जोकि छह अक्टूबर से 19 तक चलेगा। इस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द डायग्रोज करके इलाज पर डालना है ताकि मरीजों को विकलांगता से बचाया जा सके। आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरन्त जिले के किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र में अथवा जिला नागरिक अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ के पास जांच करवाएं तथा कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें।

## संक्षिप्त-समाचार

### दशहरे उपलक्ष्य पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता


प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत स्कूल स्टाफ।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** अल्पाइन पब्लिक स्कूल में दशहरे उपलक्ष्य पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्री नर्सरी से पांचवीं तक के सभी विद्यार्थी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राम, सीता, रावण, पुलिस, परी, अध्यापिका, फूल, डॉक्टर, ट्रैफिक लाइट, इत्यादि आकर्षक वेशभूषा में अपना किरदार निभाया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अध्यापिका शैली ने किया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक सिंघल ने विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की और कहा कि त्योहार हमें हमारी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ कर रखते हैं। उन्होंने कहा कि हम त्योहारों को आधार बनाकर अपने सफल जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके स्कूल का शिक्षिक और गैर शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

### धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व


दशहरा पर्व मनाते स्कूल विद्यार्थी अलग-अलग रूप में।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात में दशहरा पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान राम और रावण का किरदार निभाते हुए रामलीला का मंचन किया। विद्यालय में रावण का दहन कर विद्यार्थियों ने दशहरा पर्व की खुशियां मनाई। विद्यार्थियों को अपनी भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और अपने त्यौहारों से परिचित कराने के लिये दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात आरम्भ ही से प्रयास करता रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करते हुये दयाल सिंह स्कूल में दशहरे के अवकाश से पूर्व दशहरा पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रभु राम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण, भरत और हनुमान की वेश-भूषा को धारण किया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने लघु राम लीला का मंचन भी किया। जिसमें श्रीराम बनवास का बड़ा ही मार्मिक मंचन किया गया। साथ ही राम रावण युद्ध के पश्चात रावण के पुतले का भी दहन किया गया। प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने भगवान राम और रावण के चरित्र के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि विजयदशमी पर्व भारतीय संस्कृति में वीरता और शौर्य का प्रतीक है। विद्यालय के मुख्य अध्यापिका मधु ग्रोवर ने भी दशहरा पर्व की सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए दशहरा पर्व को अन्याय पर न्याय की जीत और अत्याचार पर सदाचार की जीत बताया। विद्यालय में आयोजित इस दशहरा पर्व का खासतौर पर विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद थे।

# दवा पैकेजिंग की फैक्ट्री में लगी आग, दो कर्मचारी झुलसे

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**सैक्टर-3** स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक दवा पैकेजिंग की फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में आग लगने से दो कर्मचारी झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग इतनी भयंकर थी कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की दस गाड़ियों को तीन घंटे लगे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल फैक्ट्री में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आग लगने के कारणों को पता लगाने में जुटी है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फैक्ट्री में आग लगने के बाद आसपास के क्षेत्र में भगदड़ मच गई। वहीं आग की चपेट में आने से दो कर्मचारी भी घायल हो गए। जिनको एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल में लाया गया। फैक्ट्री के प्रथम फ्लोर पर आग लगी थी, जिस समय फैक्ट्री में आग लगी, तो प्रथम फ्लोर पर करीब 100 कर्मचारी काम कर रहे थे।

अन्य 50 के करीब कर्मचारी फैक्ट्री में ही दूसरी जगहों पर काम रहे थे। जैसे ही फैक्ट्री मेंलगी सभी कर्मचारी अपने बचाव को लेकर फैक्ट्री से बाहर निकल गए।

सिटी थाना प्रभारी कमलदीप ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण आग का अंदेशा है। आग इतनी भयंकर थी कि करीब तीन घंटे की कड़ी मश्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। फैक्ट्री में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। फिलहाल फैक्ट्री मालिक ने नुकसान की शिकायत पुलिस को नहीं दी है।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया विजयदशमी पर्व

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डिवाइन पब्लिक स्कूल में नौ दिन देवी मां की पूजा अर्जना के बाद विजयदशमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के अधिकांश अध्यापक और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया। कक्षा पहली से

आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अनेक रंगा रंग कार्यक्रमों के द्वारा सबका मन मोह लिया। सातवी कक्षा के विद्यार्थियों ने डांडिया प्रस्तुति द्वारा सबके समक्ष गुजराती संस्कृत को बिखेर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य राजेंद्र खुब्बर ने विजयदशमी पर्व के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उप-प्राचार्य मनीष मलिक ने विद्यार्थियों को इस पर्व की बधाई दी।

# बच्चे कौशल विकास के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण लेकर होंगे सक्षम और आत्मनिर्भर

**पायनियर समाचार सेवा।** असंध



**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद, जिला शाखा, करनाल बच्चों में छिपी प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है और इसी क्रम में उन्हें अपने हुनर के प्रदर्शन का अवसर देने हेतु जिला बाल कल्याण परिषद् करनाल द्वारा मंगलवार को उप-मंडल स्तर पर लघु बाल भवन असंध में एक राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें सरकारी, प्राइवेट एवं पब्लिक स्कूलों के लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बतौर मुख्या अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का अवलोकन किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने नवस्थापित कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कौशल विकास के अंतर्गत कम्प्यूटर प्रशिक्षण लेकर वे खुद भी सक्षम और आत्मनिर्भर बनेंगे और दूसरों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करवाने में सहायक होंगे, तभी सही मायनों में सबका विकास होगा और अंत्योदय परिवारों का उत्थान होगा।

उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहे, सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर नपा सचिव रविन्द्र सिंह, सुशील गर्ग, रमेश बत्रा, कार्यक्रम अधिकारी सुमन, हरेन्द्र सिंह, सुषमा, सुदेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

# आठ को लगेगा महालक्ष्मी वरदान महाकुंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


प्रेसवार्ता के दौरान कुंडली धाम के पदाधिकारी।

**दिल्ली** एनसीआर कुंडली बॉर्डर पर बन रहे ऋण मुक्ति स्वर्ण शक्तिपीठ महालक्ष्मी वरदान श्रीअग्रसेन धाम के पवित्र प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष में महालक्ष्मीजी की विराट पूजा एवं महा अभिषेक हेतु मां लक्ष्मी वरदान महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान महाकुंभ की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री हरियाणा के पूर्व मीडिया संयोजक राजीव जैन के सानिध्य में श्रीअग्रसेन धाम कुंडली के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने यह जानकारी दी। इस महाकुंभ में संपूर्ण अग्रवंश की कुलदेवी मां लक्ष्मी जी के साथ-साथ कुटुंब कुल देवियों के दरबार भी पूरी श्रद्धा से सजाए जा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से कुलदेवी माता, बनभौरी वाली, कुलदेवी मां भीमेश्वरी बेरी वाली, कुलदेवी माता पहाड़ी वाली, कुलदेवी मां देवसर वाली, कुलदेवी मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर वाली, कुलदेवी मां शाकुंभरी का दरबार भी सजाया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी बन्धुओं से अपील की है कि सभी बंधु सपरिवार इस पूजा उत्सव में शामिल होकर समारोह की सफलता के साक्षी बने।

जिसमें दिल्ली के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर से हजारों की संख्या में भक्त कुलदेवी मां को नारियल चुनरी अरदास चढ़ाकर मन्नत मांगेंगे। समारोह के दौरान मौजूद भक्तों के लिए माता महालक्ष्मी जी की सिद्ध की हुई चांदी की प्रतिमाएं सौभाग्यशाली ड्रा के द्वारा वितरित की जाएंगी। अग्रवाल ने बताया कि महालक्ष्मी वरदान कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठा अद्भुत व बहुत ही अलौकिक आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि संस्था की पूरी आयोजक टीम इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरजोर से जुटी हुई है। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस भव्य आयोजन में सभी भक्त मिलकर अपनी कुलदेवी मां को अनेक भेंट अर्पण करेंगे।

जिसमें मुख्य रूप से 108 मीटर की चुनरी, 108 मीटर का गजरा, 108 मेहंदी के थाल, 108 श्रृंगार के थाल, 108 प्रसाद के थाल व मां को अर्पण की जाएंगी नारियल चुनरी की भेंट। महिला भक्तों के द्वारा डांडिया का कार्यक्रम एवं श्रीबालाजी महाराज के भक्त रमन बंसल के मुख्य सानिध्य में महाशिव योगी तरुण तपस्वी महामंडलेश्वर स्वामी यमुना पुरी महाराज माता महालक्ष्मी जी की पूजा करने के लिए हरिद्वार से पधारेंगे।

## एक लाख 42 हजार 50 मीट्रिक टन धान की हुई आवक: डीसी

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य गत एक अक्टूबर से शुरू हो चुका है। गत दिनों तक जिले की मंडियों में करीब एक लाख 42 हजार 50 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। एजेंसियों को खरीदी गई धान का उठान में तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक करीब एक लाख 42 हजार 50 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिससे सरकारी खरीद एजेंयिों द्वारा खरीदा गया। इसमें से 80003.9 मीट्रिक टन धान खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा, 36912 मीट्रिक टन हैफेड द्वारा तथा 25134 मीट्रिक टन हरियाणा वेयर हाऊसिंग द्वारा खरीदा गया। धान का खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल को सूखाकर मंडियों में लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई परेशानी न आए।

# जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की एनएसएस इकाई ने किया दुर्गा स्क्वॉयड का गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


छात्राओं को मिक्स मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देते हुए।

**छात्राओं** को हर प्रकार चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में दुर्गा स्क्वॉयड का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से छात्राओं को मिक्स मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने दुर्गा स्क्वॉयड के गठन की बधाई देते हुए कहा कि हर छात्रा को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हासिल करना चाहिए।

जीवीएम की एनएसएस इकाई की प्रभारी रूचिका विरमानी ने बताया कि दुर्गा स्क्वॉयड के संचालन की जिम्मेदारी मार्शल आर्ट की विशेषज्ञ रोहिणी को सौंपी गई है। दुर्गा स्कवायड के गठन के साथ ही 30 छात्राओं ने प्रशिक्षण लेने के लिए पंजीकरण भी करवा लिया है। पंजीकृत छात्राओं को रोहिणी ने मिक्स मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। छात्राओं को यह प्रशिक्षण नि:शुल्क रूप से प्रदान किया जा रहा है, जिसका उन्हें पूरा लाभ उठाना चाहिए।

एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी ने कहा कि आज के दौर में छात्राओं को विभिन्न स्थानों पर कई बार विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर मनचलों की छेड़खानी से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए। इसके लिए उन्हें आत्म रक्षा का प्रशिक्षण लेना चाहिए। यह प्रशिक्षण उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूती प्रदान करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास की भी बढ़ोतरी होती है कि वे हर प्रकार की चुनौतियों का सामना कर सकती है। मार्शल आर्ट विशेषज्ञ रोहिणी कहती हैं कि छात्राओं में आत्म रक्षा का प्रशिक्षण लेने के लिए उत्साह है। यह बहुत जरूरी है। असामाजिक तत्वों से खुद की रक्षा करने के लिए यह प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से

**करनाल।** महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में कुलपति प्रो. समर सिंह के दिशा निर्देशानुसार 11 से 15 अक्टूबर तक उच्च मूल्य के फलों व फूलों की संरक्षित खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्क्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एमएचयू के कुलसचिव डॉ. अजय सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में फलों की उन्नत खेती से जुड़े विषयों पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसान भाईयों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए फलदार वृक्षों की प्लांटेशन से लेकर फलों व फूलों की तुड़ाई से लेकर रखरखाव तक के सभी विषयों को शामिल किया है, इसके अलावा फलों, फूलों एवं फलदार वृक्षों से जुड़ी साल भर होने वाली बागवानी क्रियाओं पर आधारित संपूर्ण चार्ट किसानों को दिया जाएगा। जिससे किसान भाई अपने अपने बागों का रखरखाव ठीक प्रकार से कर सके। क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में कराए जा रहे हैं।


## एरियल खुशियों के रंग के साथ बढ़ाएं अपने त्योहार का उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम




**वॉशिंग** मशीन निर्माताओं द्वारा रेकमेन्डिड दुनिया का नंबर-1 ब्रांड एरियल ने पेश किया खुशियों का रंग - त्योहार के लिए आपके ऑउटफिट को तैयार रखने का एक वादा। आपका सच्चा साथी एरियल रखता है, आपके फेस्टिव ऑउटफिट को चमकीला और दाग मुक्त रखता है। यह आपके कपड़ों के रंगों को रखता है सुरक्षित।

हम साल मे इस समय के दौरान अपने त्योहारों में नये कपड़े पहनते हैं। इसलिए उन्हें दाग मुक्त रखना और उनकी चमक बरकरार रखना जरूरी है। त्योहार और कपड़ों के रंग मूड को ऊपर ले जाते हैं। इसलिए कपड़ों की चमक और रंग दोनों का ख्याल रखना और उनहें दाग मुक्त रखना अनिवार्य है। आपके कपड़ों के रंग और चमक बरकरार और सुरक्षित रखेगा एरियल का नया मैटिक लिक्विड। एरियल का नया मैटिक लिक्विड सुनिश्चित करता है की आप बेझिझक त्यौहार मनाये और अपने कपड़ों की चिंता हम पर छोड़ दे। आपका स्टाइल जो भी हो बंधनी, चुनिया चोली, शरारा, मिररवर्क, कढ़ाई वाले कपड़े या साड़ी, एरियल खुशियों के रंग के साथ त्योहार मनाने में आपका साथी बनने पर गर्व है। त्योहार आपको पसीना, घी, तेल जैसे 100 से ऊपर दाग की चिंता करने की जरूरत नही है क्यूकि एरियल मैटिक लिक्विड वाशिंग मशीन मे ही निकालता है। सौ से अधिक जिद्दी दाग और वो भी सिर्फ एक धुलाई में और ये सब रंगों का ख्याल रखते हुए।

इससे कपड़ों के न सिर्फ दाग निकलते है पर वो चमकीले और नए जैसे रहते है धुलाईयों के बाद भी। त्योहारों का आनंद लें और एक बार जब यह खत्म हो जाए, तो अपने आउटफिट को एरियल मैट्रिक लिक्विड से साफ करें, उन्हें कॉटन कवर में स्टोर करें और अगले सीजन के लिए तैयार रखें। अपने साथी एरियल मैटिक लिक्विड के साथ अपने आप को रंगों में सजाते हुए त्यौहार के दिनों का आनंद लें। एरियल आपको त्योहार की शुभकामनाए देता है।


# जेपीएस एकेडमी ने धूमधाम से मनाया विजयदशमी महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**जेपीएस** निसिंग के हरित परिसर में दशहरा महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमी प्रबंधक योगेंद्र राणा, अंजू राणा प्रधानाचार्य बलराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। महोत्सव में विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कायक्रम का आरंभ ग्रेड पांचवी यमुना के छात्र-छात्राओं द्वारा गायत्री मंत्र, सीताराम- सीताराम, सीताराम कहिए, जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए भजन से किया गया। ग्रेड बारहवीं कॉमर्स की छात्रा अवनीत कौर और डाली के द्वारा होती है सत्य की जीत असत्य की हार अनमोल विचार, कृति के द्वारा राम का संघर्ष विषय पर आधारित कविता प्रस्तुति व ग्रेड ग्यारहवीं मेडिकल की छात्रा नवरोज कौर ने अपने वक्तव्य में दशहरा पर्व की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। ग्रेड पांचवीं कावेरी की छात्रा तेजस्विनी और आठवीं गेंजेस के छात्र विराट राणा ने गणेश वंदना के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को आत्म विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु ग्रेड छठी सतलुज, सातवीं गेंजेस, आठवीं गेंजेस वह कावेरी, नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के द्वारा रामायण पर आधारित विभिन्न विषयों को लघु कथा के माध्यम से दर्शाया गया।

## ग्रैंड मराठा फाउंडेशन ने गौरवपूर्ण महात्मा पुरस्कार 2022 जीता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**महाराष्ट्र** में एक गैर सरकारी संगठन, द ग्रैंड मराठा फाउंडेशन (जीएमएफ) को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, दिल्ली में अपने प्रोजेक्ट 'स्वधार' किसान विधवा अधिकार प्रदान कार्यक्रम के लिए 'नो पॉवर्टी कैटेगरी' के तहत गौरवपूर्ण 'महात्मा पुरस्कार 2022' से सम्मानित किया गया है। माधवी शेलतकर, ट्रस्टी जीएमएफ ने संगठन की ओर से ये गौरवपूर्ण पुरस्कार प्राप्त किया। यह आयोजन एक अक्टूबर 2022 को आयोजित किया गया था।

महात्मा पुरस्कार मोहनदास करमचंद गांधी के साहस से प्रेरित है, जिन्हें प्यार से महात्मा कहा जाता है। महात्मा पुरस्कार सामाजिक उद्यमी और परोपकारी अमित सचदेवा द्वारा स्थापित और संस्थापित किया गया है, जिन्हें भारत का सीएसआर मैन के रूप में जाना जाता है।

इस मौके पर बोलते हुए माधवी शेलतकर ट्रस्टी जीएमएफ ने कहा कि हम इस तरह के एक प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर खुश हैं। जीएमएफ हमेशा जरूरतमंदों और वंचितों की मदद के लिए सबसे आगे रहा है।हमें इस आदर से सम्मानित करने के लिए हम 'महात्मा पुरस्कार' संगठन को धन्यवाद देते हैं। जीएमएफ किसानों को सशक्त बनाने और लंबे समय तक चलने वाले स्थायी समाधानों के माध्यम से उनकी आजीविका को बढ़ाना जारी रखेगा। 2017 में अपनी स्थापना के बाद से, महात्मा पुरस्कार ने विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रों में 350 से अधिक परिवर्तन करने वाले संगठनों और प्रभावित करने वाले नेताओं को सम्मानित किया है। पिछले कुछ विशेष प्राप्तकर्ताओं में रतन टाटा, टाटा समूह, राजश्री बिड़ला, आदित्य बिड़ला समूह, अजीम प्रेमजी, विप्रो और कई अन्य संगठन और व्यक्ति हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की घोषणा

# जम्मू-कश्मीर में गुर्जर, बरकवाल, पहाड़ी समुदायों को मिलेगा आरक्षण का लाभ

## रैली में शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर का विकास प्रधानमंत्री की प्राथमिकता

एजेंसी। राजौरी

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि न्यायमूर्ति शर्मा आयोग की सिफारिशों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। इस आयोग ने आरक्षण के मुद्दे पर विचार किया था। शाह ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों के (अनुसूचित जाति) आरक्षण में कोई कमी नहीं आएगी और सभी को उनका हिस्सा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने से जम्मू-कश्मीर में समाज के वंचित तबकों को आरक्षण का लाभ मुहैया कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शाह ने कहा, "न्यायमूर्ति शर्मा आयोग ने सिफारिश की है और इसने एसटी आरक्षण के लाभ के लिए पहाड़ी, बकरवाल और गुर्जर को शामिल किया है। ये सिफारिशें मिल हुई हैं और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद, गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने पहाड़ी लोगों को एसटी का दर्जा दिए जाने के नाम पर गुर्जरों और बकरवालों को उकसाने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उनके इरादों को नाकाम कर दिया। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले सिर्फ तीन राजनीतिक परिवार तत्कालीन राज्य पर शासन करते थे, लेकिन अब सत्ता 30,000 लोगों के पास है जो निष्पक्ष चुनाव के जरिए पंचायतों और जिला परिषदों के लिए चुने गए हैं। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, पहले, केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए भेजे जाने वाला सारा पैसा कुछ लोग हड़प लेते थे लेकिन अब एक-एक पाई लोगों के कल्याण पर खर्च की जाती है। उन्होंने कहा, मैं आप लोगों से जम्मू-कश्मीर को इन तीन परिवारों के चंगुल से आजाद कराने और जम्मू-कश्मीर की बेहतरी एवं कल्याण के लिए मोदी के हाथों को मजबूत बनाने की अपील करना चाहता हूं। उन्होंने हालांकि तीन परिवारों का नाम नहीं लिया। शाह ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के कारण जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति पहले से कहीं बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप इस साल जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों की संख्या प्रति वर्ष 1,200 से कम होकर 136 रह गई।



### एलजी के साथ मीटिंग करेंगे गृह मंत्री

**शाह** मंगलवार को शाम श्रीनगर पहुंचे। कई भाजपा नेताओं से मुलाकात की। श्रीनगर में शाह शाम को के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेने का विधान था। बताया जा रहा है कि इस बैठक में पुलिस, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर और केंद्र की खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इधर अगले दिन श्रीनगर के राजभवन में होने वाली बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। श्रीनगर और बारामूला में अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात भी करेंगे।

# गुजरात को मुफ्त बिजली गारंटी खूब पसंद आ रही : केजरीवाल



### विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा भाजपा दिल्ली में इसे रोकना चाहती है

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोगों को आम आदमी पार्टी का मुफ्त बिजली देने का विचार पसंद आया है, जिसे देखते हुए बीजेपी राजधानी में बिजली सब्सिडी योजना रोकना चाहती है।

केजरीवाल ने यह टिप्पणी तब की है, जब दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से बिजली सब्सिडी के भुगतान का क्रियान्वयन कथित रूप से नहीं होने की जांच करने के मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) ने 2018 में सब्सिडी उपभोक्ताओं के खाते में भेजने के आदेश दिए थे। केजरीवाल ने ट्वीट किया, गुजरात को आप की फ्री बिजली गारंटी खूब पसंद आ रही है, इसलिए भाजपा दिल्ली में फ्री बिजली रोकना चाहती है। उन्होंने कहा, दिल्ली के लोगों, भरोसा रखना। मैं आपकी फ्री बिजली किसी हालत में नहीं रुकने दूंगा। कहा, गुजरात के लोगों, आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार बनने पर एक मार्च से आपकी भी बिजली फ्री होगी।

आपने हर चीज पर इतना टैक्स लगा दिया। इतनी ज्यादा महंगाई कर दी और लोगों का खून चूस रहे हो। ऐसे में अगर मैं अपने लोगों को बिजली फ्री करके उन्हें थोड़ी राहत देता हूं, तो वो भी आपसे बर्दाश्त नहीं होता? यह भी आप रोकना चाहते हो? ये मैं किसी हालत में नहीं होने दूंगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### बीडी मिश्रा ने मेघालय के राज्यपाल की शपथ ली

**शिलांग।** बीडी मिश्रा ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में मंगलवार को मेघालय के राज्यपाल पद की शपथ ली। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल मिश्रा को मेघालय के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह 2017 से अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल हैं।भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर मिश्रा ने सत्यपाल मलिक की जगह ली है। मेघालय के राज्यपाल रहे मलिक का कार्यकाल तीन अक्टूबर को पूरा हो गया था। मिश्रा (83) ने ट्वीट किया, मेघालय के राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। मेघालय उच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एचएस थांगखिएव ने राजभवन के दरबार हॉल में मुझे पद की शपथ दिलाई। शपथ समारोह में विधानसभा अध्यक्ष मेतबाह लिंगदोह और वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को दी जमानत

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को कथित धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एनजे जामदार ने यह आदेश सुनाया। इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय को निर्देश दिया था कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता की याचिका पर तेजी से सुनवाई और फैसला करे, क्योंकि यह छह महीने से लंबित है। देशमुख के वकील विक्रम चौधरी और अनिकेत निकम ने दलील दी कि उनकी उम्र (72), स्वास्थ्य और उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं होने के मद्देनजर उन्हें जमानत दी जानी चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने अर्जी का यह कहते हुए विरोध किया कि देशमुख को ऐसी कोई बीमारी नहीं है, जिसका जेल अस्पताल में इलाज नहीं किया जा सकता। ईडी ने देशमुख को नवंबर 2021 में गिरफ्तार किया था और वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने के बाद ईडी ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### अमेरिका यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली देगा

वाशिंगटन। अमेरिका जल्दी ही यूक्रेन को चार और उन्नत रॉकेट प्रणाली मुहैया कराएगा ताकि रूस के साथ युद्ध में वह बढ़त हासिल कर सके। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम मंगलवार को घोषित किए जाने वाले 62.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है।इससे पहले अमेरिका ने जुलाई के अंत तक यूक्रेन को 16 ऐसी रॉकेट प्रणाली दी थी। रूसी हमले को रोकने के लिए यह प्रणाली यूक्रेन की काफी मददगार साबित हुई है। इस प्रणाली से यूक्रेन ने उन पुलों को निशाना बनाया है जिनका उपयोग रूस ने अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए किया है। इसके बाद यूक्रेनी सेना ने उन क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई है जहां रूसी बलों का नियंत्रण हो गया था। नए सहायता पैकेज में यूक्रेन के सैनिकों के लिए अन्य गोला-बारूद और साजोसामान भी शामिल किए जाने की उम्मीद है।

### टीआरएस का नाम भारत राष्ट्र समिति होने की उम्मीद

**हैदराबाद।** तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) किए जाने की संभावना है और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देश भर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि इसे (पार्टी को) राष्ट्रीय ताकत के रूप में उभरने में मदद मिल सके। सत्ताधारी दल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी।टीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बुधवार को विजयादशमी के मौके पर पार्टी के लिए नए नाम की घोषणा करने की उम्मीद है।


# एलएसी पर चीनी गतिविधियों से निपटने को उपयुक्त कदम उठाए : वायु सेना प्रमुख

एजेंसी। नई दिल्ली

**एयर** चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी गतिविधियों से निपटने के लिए तनाव न बढ़ाने वाले उपयुक्त कदम उठाए हैं।

वायु सेना दिवस के मद्देनजर एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर हाल के घटनाक्रम किसी भी चुनौती से निपटने के लिए मजबूत सेना की आवश्यकता को बताते हैं। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायु सेना सबसे खराब स्थिति समेत सभी तरह की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयारी कर रही है और वह किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, हम सक्रिय रूप से तैनात और सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना एलएसी पर चीन की सभी गतिविधियों पर नजर रखती रहेगी। चीन द्वारा एलएसी के समीप लड़ाकू विमान उड़ाने की हाल की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि तनाव ना बढ़े, इसके लिए उपयुक्त कदम उठाए गए हैं और पड़ोसी देश को एक संदेश दिया गया है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्थिति तभी सामान्य मानी जाएगी जब पूर्वी लद्दाख में यथास्थिति बनाई जाएगी और गतिरोध वाले सभी बिन्दुओं से सैनिकों को पूरी तरह से हटा लिया जाएगा। तीनों सेनाओं की महत्वाकांक्षी एकीकरण योजना का जिक्र करते हुए चौधरी ने कहा कि भारतीय वायु सेना भविष्य के युद्धों के लिए सहयोगी सेनाओं के एक साथ मिलकर काम करने की अनिवार्यता को समझती है।



# महाराष्ट्र : बाल ठाकरे के नाम पर खुलेंगे 700 स्वास्थ्य क्लीनिक

### राज्य सरकार प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज भी खोलेगी

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के नाम पर 700 आपला दवाखाना (स्वास्थ्य क्लीनिक) शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट को दोगुना किया जाएगा।

बयान के अनुसार, आपला दवाखाना शुरू करने का मकसद लोगों को उनके घरों के पास स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। राज्य में ऐसे करीब 700 क्लीनिक शुरू किए जाएंगे और सिर्फ मुंबई में ऐसे 227 क्लीनिक होंगे, जिनमें से 50 ने दो अक्टूबर से काम करना शुरू कर दिया है। साथ ही सरकार ने यह फैसला शिवसेना के दो प्रतिस्पर्धी धड़ों की दशहरा रैली (पांच अक्टूबर) से महज एक दिन पहले की है। शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### मुलायम सिंह यादव की हालत चिंताजनक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती यादव के मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक पूर्व रक्षा मंत्री की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है और उन्हें सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में दाखिल किया गया है।

# असम पुलिस ने विवादित सीमा क्षेत्र में झोपड़ियां बनाई

एजेंसी। आइजोल

**मिजोरम** पुलिस ने आरोप लगाया है कि असम पुलिसकर्मियों ने विवादित झोपड़ी इलाके में दो झोपड़ियों का निर्माण किया। दोनों राज्यों के बीच सीमा मुद्दे का सौहार्दपूर्ण समाधान तलाशने के लिए हो रही बातचीत के बीच यह आरोप लगाया गया है।

कोलासिब के पुलिस अधीक्षक वनलालफाका राल्ते ने बताया कि असम पुलिस ने दो अक्टूबर को झोफई इलाके में दो झोपड़ियां बनाईं। जिन स्थान पर ए झोपड़ियां बनाई गई हैं वह मिजोरम के पहले मुख्यमंत्री सी छुंगा के धान के खेत के बिल्कुल सामने हैं। वहीं 2018 में झड़प हुई थी। बहरहाल, असम पुलिस ने खुद सोमवार को झोपड़ियां हटा लीं। असम में प्राधिकारियों से इस पर टिप्पणी नहीं मिल सकी है। इलाके में झोपड़ियों के निर्माण से पैदा हुआ तनाव उन्हें हटाने के बाद खत्म हो गया। यह इलाका असम के हैलाकांडी जिले से सटा हुआ है।



पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को दावा किया कि मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा और गृह मंत्री लालचमलियाना ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा से बात की थी जिसके बाद असम पुलिस ने दोनों झोपड़ियां हटा लीं। राल्ते ने बताया कि असम के अधिकारियों ने पिछले सप्ताह इलाके का सर्वेक्षण किया था। मिजोरम की असम के साथ 164.6 किलोमीटर लंबी सीमा है।

### 2018 में हुआ था झगड़ा

**गौरतलब** है कि मार्च 2018 में इसी इलाके में झड़प हुई थी जब मिजोरम पुलिस के पदाधिकारियों ने वहां लकड़ी का एक मकान बनाने की कोशिश की थी। झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस साल सितंबर में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीमा मुद्दे को लेकर मुलाकात की थी और मंत्री स्तरीय वार्ता जारी रखने पर सहमति जताई थी। अगले दौर की मंत्री स्तरीय वार्ता इसी महीने गुवाहाटी में होनी है।

# वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में भारत की रैंकिंग बेहतर हुई : मुर्मू

एजेंसी। अहमदाबाद

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में भारत की रैंकिंग 81वें स्थान से बेहतर होकर 40वें स्थान पर आ गई है। राष्ट्रपति ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा महिला उद्यमियों के लिए सृजित प्लेटफार्म हरस्टार्ट की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही।

मुर्मू ने कहा, मुझे सूचित किया गया है कि इस विधि के 450 से अधिक स्टार्ट अप हैं। इनमें से 125 से अधिक की प्रमुख महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, हरस्टार्ट प्लेटफार्म की शुरूआत करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह उभरते हुए उद्यमियों के लिए सरकार की योजनाओं एवं निजी कोष के बीच सेतु का काम करेगा। राष्ट्रपति मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गुजरात आई हैं। राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली गुजरात यात्रा है। मुर्मू ने स्टार्ट अप के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हाल ही में वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक 2022 में भारत का 40वां स्थान आया जो पहले 81वां था। उन्होंने कहा कि स्टार्ट अप रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी मदद करेंगे। भारत ने 2015 के वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में 81वां स्थान प्राप्त किया था जो ताजा सूचकांक में बेहतर होकर 40वां हो गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दो दशकों में गुजरात ने काफी विकास किया है। उन्होंने कहा, राज्य का अपना विकास का मॉडल है। अन्य राज्यों का भी अपना विकास का मॉडल है। मुझे विश्वास है कि भारत अमृतकाल में विकसित देश के रूप में उभरेगा।



### 2022 में भारत का 40वां स्थान आया जो पहले 81वें पर था

### पाक पीएम ने इमरान को सबसे बड़ा झूठा बताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्ववर्ती इमरान खान पर देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए उन्हें धरती पर सबसे बड़ा झूठा करार देते हुए कहा कि उन्होंने (खान ने) अप्रैल में सत्ता से हटने के बाद मतदाताओं का खतरनाक ध्रुवीकरण करने के लिए समाज में जहर घोला।

पाकिस्तान में एक साक्षात्कार में शरीफ ने 2018 से इस साल अप्रैल तक खान के शासन के दौरान देश को घरेलू और विदेशी मोर्चे पर हुए नुकसान के बारे में बात की। बढ़ती मुद्रास्फीति, आसमान छूते विदेशी कर्ज और घटते विदेशी मुद्रा भंडार से जूझ रहा पाकिस्तान वर्तमान में एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच में है। पाकिस्तान अभूतपूर्व बाढ़ की भी चपेट में है। पाकिस्तान में बाढ़ से 1,600 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 3.3 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। बाढ़ से देश का करीब एक तिहाई भू-भाग डूब गया और करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है।

# मप्र : गृहमंत्री ने फिल्म निर्माता को कार्रवाई की चेतावनी दी

एजेंसी। भोपाल

**मध्य** प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार को आगामी बॉलीवुड फिल्म आदि पुरुष के निर्माताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि फिल्म से हिंदू धार्मिक हस्तियों को गलत तरीके से दिखाने वाले दृश्यों को हटाया नहीं गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ओम राउत द्वारा निर्देशित इस फिल्म का पहला ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसमें प्रभास भगवान राम की भूमिका में, सैफ अली खान रावण की भूमिका में और कृति सनोन सीता की भूमिका में हैं। यह फिल्म पौराणिक महाकाव्य रामायण पर आधारित है। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने आदि पुरुष का ट्रेलर देखा है। इसमें आपत्तिजनक दृश्य हैं। मिश्रा प्रदेश सरकार के प्रवक्ता भी हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेलर में हिंदू देवी-देवताओं का जो रूप और जो कपड़े दिखाए गए हैं वह स्वीकार्य नहीं हैं। मिश्रा ने कहा फिल्म में हनुमान जी को चमड़ा पहने दिखाया गया है जबकि उनकी वेशभूषा का वर्णन (शास्त्रों में) अलग है। ये ऐसे दृश्य हैं जो धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं। फिल्म से ऐसे सभी दृश्य हटाने के लिए मैं ओम राउत को पत्र लिख रहा हूं। अगर इन्हें नहीं हटाया गया तो हम कानूनी कार्रवाई पर विचार करेंगे।

यह पहली दफा नहीं है जब मप्र के गृह मंत्री ने फिल्म निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस साल जुलाई में उन्होंने राज्य पुलिस को लीना मणिमेकलई के वृत्तचित्र काली के विवादास्पद पोस्टर को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।



### विवादित आदि मूवी पुरुष पर लिया मिश्रा ने संज्ञान

### नवमी पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया कन्या पूजन

**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नवरात्र में नवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ की विशेष पूजा और कन्या पूजन किया।

कन्या पूजन के दौरान मुख्यमंत्री ने छोटी बच्चियों के चरण पखारे, आरती की और उन्हें दक्षिणा तथा उपहार दिए। उसके बाद उन्होंने परम्परानुसार गोरक्षपीठाधीश्वर के तौर पर बटुक पूजा की। आदित्यनाथ ने भगवान शिव का अवतार माने जाने वाले गुरु गोरखनाथ की विशेष पूजा भी की। कन्या पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म में महिलाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष में दो बार देवी दुर्गा की नौ दिनों तक पूजा करने की परम्परा सनातन धर्म में महिलाओं के सम्मान की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, नवरात्र और विजयदशमी हमें सत्य की राह पर चलने की याद दिलाते हैं और यह भी स्मरण कराते हैं कि जीत हमेशा सच और न्याय की होती है।



# पर्यावरण के संरक्षण में सतत विकास महत्वपूर्ण घटक : सुप्रीम कोर्ट

## पीठ ने मुंबई तटीय सड़क परियोजना में आंशिक विकास करने की अनुमति दी

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने ग्रेटर मुंबई नगर निगम को यह देखते हुए, चालू मुंबई तटीय सड़क परियोजना में आंशिक विकास कार्य शुरू करने की अनुमति दी है कि पर्यावरण की सुरक्षा में सतत विकास एक महत्वपूर्ण घटक है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने अपने 2019 के आदेश को संशोधित किया और नगर निकाय को उद्यान, खुला हरित स्थान और पार्क, एक साइकिल पथ और जॉगिंग पथ बनाने, समुद्र के किनारे सैरगाह और मनोरंजन स्थलों का निर्माण करने की अनुमति दी।

पीठ ने कहा, जब तक इस चरण में काम की अनुमति नहीं दी जाती है, सड़क के पूरे हो चुके बड़े हिस्से को भूमिगत कार पार्किंग के लिए खोलना होगा। यह सुविधा जनहित में है। न्यायालय ने कहा, निस्संदेह, पर्यावरण की सुरक्षा में सतत विकास एक महत्वपूर्ण घटक है। इस स्तर पर, प्रथम दृष्टया, भीड़भाड़ वाले महानगर की मुख्य सड़कों पर भीड़ कम करने के प्रयास को बाधित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि तटीय नियामक क्षेत्र (सीआरजेड) की मंजूरी के तहत लगाई गई शर्तों का पूर्ण ईमानदारी से अनुपालन होना चाहिए, जिनमें मछुआरा समुदाय का पुनर्वास भी शामिल है। न्यायालय ने नगर निकाय को एक हलफनामा पेश करने का निर्देश दिया कि नगर निगम 11 मई, 2017 की सीआरजेड मंजूरी में निर्धारित सभी शर्तों का, 18 मई, 2021 को किए गए संशोधन समेत, सख्ती से पालन करेगा। पीठ ने कहा, पुनर्प्राप्त भूमि का उपयोग वर्तमान में या भविष्य में किसी भी समय किसी आवासीय या वाणिज्यिक विकास उद्देश्यों के लिए, नहीं किया जाना चाहिए। इस न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना तटीय सड़क परियोजना के प्रयोजनों के लिए आगे कोई भूमि पुन: प्राप्त नहीं की जानी चाहिए। न्यायालय ने नगर निगम को पूर्व में अपने आदेश तक किसी भी तरह की विकास गतिविधि को अंजाम न देने को कहा था। करीब 12,000 करोड़ रुपए मूल्य की यह तटीय सड़क परियोजना मरीन ड्राइव से वरली तक है।



### परियोजना के मापदंडों पर बदलाव एससी की इजाजद पर ही होगा संभव

**शीर्ष** अदालत ने कहा, यदि परियोजना के मापदंडों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है तो इस अदालत को अग्रिम रूप से उस बारे में अवगत कराया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता आदेश की तारीख से तीन महीने की अवधि के अंदर अपेक्षित योजना दाखिल करेगा। उच्चतम न्यायालय 17 दिसंबर, 2019 के अंतरिम आदेश में संशोधन के लिए ग्रेटर मुंबई नगर निगम द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था, जिससे उसे तटीय सड़क परियोजना से संबंधित कुछ कार्य करने की अनुमति मिल सके।

# राजनीतिक दलों के खोखले चुनावी वादों का दूरगामी प्रभाव होगा : निर्वाचन आयोग

एजेंसी। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने मंगलवार को चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में मतदाताओं को प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने को लेकर राजनीतिक दलों को पत्र लिखा और इस मुद्दे पर उनके विचार जानने चाहे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह चुनावी वादों पर पूर्ण जानकारी ना देने और उसके वित्तीय स्थिरता पर पड़ने वाले अवांछनीय प्रभाव की अनदेखी नहीं कर सकता है क्योंकि खोखले चुनावी वादों के दूरगामी प्रभाव होंगे।

राजनीतिक दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों की घोषणा संबंधी प्रस्तावित प्रारूप में तथ्यों को तुलना योग्य बनाने वाली जानकारी की प्रकृति में मानकीकरण लाने का प्रयास किया गया है। प्रस्तावित प्रारूप में वादों के वित्तीय निहितार्थ और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की घोषणा करना अनिवार्य है। सुधार के प्रस्ताव के जरिए, निर्वाचन आयोग का मकसद मतदाताओं को घोषणापत्र में चुनावी वादों की वित्तीय व्यवहार्यता के बारे में सूचित करने के साथ ही यह भी अवगत कराना कि क्या वे राज्य या केंद्र सरकार की वित्तीय क्षमता के भीतर हैं या नहीं।



# विजयदशमी आज, जगह-जगह होगा रावण दहन

## केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, सांसद और विधायक बनेंगे अतिथि, सभी पुतलों को ईको फ्रेंडली बनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**शहर** में इन दिनों रामलीला मंचन व मेले की खूब रौनक है। शाम होते ही मेले में दर्शकों की भीड़ पहुंचना शुरू हो जाती है, लेकिन अब इस मेले का अंत नजदीक आना शुरू हो गया है।

रावण दहन के बाद भरत मिलाप की लीला के बाद मंचन सम्पन्न हो जाएगा। बुधवार को शहर में जगह-जगह चल रही रामलीलाओ में रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। इसमें सबसे पहले कविनगर रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में रावण दहन किया जाएगा तो सबसे अंत में संजयनगर में रावण दहन होगा।

रावण दहन के दौरान केन्द्रीय मंत्री व सांसद वीके सिंह सहित, राज्यसभा सांसद व विधायक मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने बताया कि कविनगर मैदान में रावण दहन रात आठ बजे किया जाएगा। यहां करीब 70 फुट ऊंचा रावण का पुतला लगाया गया है और 65 फुट कुंभकरण व 60 फुट का मेघनाथ का पुतला यहां दहन किया जाएगा। शुभ मुहुर्त में रावण दहन होगा। रावण दहन प्रतीकात्मक रूप से मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर डीएम आरके सिंह व एसएसपी मुनिराज भी अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। शहर की सबसे पुरानी सुल्लामल रामलीला समिति में रात साढ़े नौ बजे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। राम.रावण महायुद्ध की लीला का मंचन शाम से शुरू कर दिया जाएगा।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह, विशिष्ट अतिथि शहर विधायक अतुल गर्ग द्वारा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। घंटाघर रामलीला में रावण के पुतले की ऊंचाई 75 फुट रखी गई है तो वहीं कुंभकरण की 70 और मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई 65 फुट रखी गई है। श्रीराम द्वारा रावण का वध किए जाने के उपरांत अतिथियों द्वारा रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। श्री रामलीला समिति राजनगर द्वारा राजनगर रामलीला मैदान में रात साढ़े दस बजे रावण दहन किया जाएगा।

यहां मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल व मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी रावण दहन के दौरान मौजूद रहेंगे।

राजनगर रामलीला मैदान में भी पुतले की ऊंचाई करीब 60 फुट रखी गई है, तो वहीं कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों की ऊंचाई 55 से 50 फुट रखी गई है।

श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी सेक्टर-23 संजयनगर में सबसे अंत में रात 12 बजे रावण दहन किया जाएगा। हर वर्ष संजयनगर रामलीला में देर रात रावण दहन किया जाता है। यहां रावण दहन के समय मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यहां भी पुतलों की ऊंचाई 60 फुट के करीब रखी गई है। सभी पुतलों को ईको फ्रेंडली बनाए जाने पर जोर दिया है।

# जीटी रोड पर भी रहेगा डायवर्जन पुलिस ने जारी की एडवाइजरी



पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

### ● घंटाघर रामलीला मैदान जुटेगी भीड़

**दशहरा** पर्व पर बुधवार को घंटाघर रामलीला मैदान के आसपास कोई भी वाहन नहीं जा पाएगा। मूर्ति विसर्जन को लेकर मेरठ रोड पर भारी वाहन प्रतिबंध करने के बाद ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक बुधवार को जीटी रोड पर चौधरी मोड़ से मेरठ तिराहा के बीच भारी वाहन और हापुड़ तिराहा से घंटाघर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

दशहरा पर सबसे बड़ा आयोजन हर बार की तरह घंटाघर रामलीला मैदान में होगा, जहां लाखों की संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है।

एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया इसी कारण जीटी रोड के लिए डायवर्जन प्लान तैयार किया है, जो बुधवार पांच अक्टूबर को दोपहर बाद दो बजे से रात में कार्यक्रम समापन तक लागू रहेगा। जरूरत पड़ने पर चौधरी मोड़ से घंटाघर की ओर भी वाहनों की आवाजाही रोकी जा सकती है। इसीलिए किसी भी तरह की असुविधा व जाम से बचने के लिए लोग वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

जाम में फंसने पर ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9643322904 और इस क्षेत्र के ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष सिंह से इस नंबर 7007847097 पर काल कर सहायता पा सकते हैं। लालकुआं से वाहन घंटाघर की ओर नहीं आएंगे। इन्हें साजन मोड़ से लोहा मंडी, विवेकानंद नगर आरओबी से हापुड चुंगी के रास्ते भेजा जाएगा। मेरठ तिराहा से भी वाहन हापुड़ तिराहा व घंटाघर की ओर वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी वाहन मेरठ तिराहा से घूकना मोड़ व पुराना बस अड्डा व हापुड़ चुंगी या एएलटी चौराहा से हापुड़ चुंगी होकर भेजे जाएंगे। हापुड़ चुंगी से पुराना बस अडडा की ओर भी वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। सभी वाहन उपरोक्त रूट से अपने.अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

गोशाला फ टक से हापुड़ तिराहा की ओर भी वाहन नहीं जा पाएंगे। पुराना बस अडडा से भी हापुड तिराहा की ओर आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगी। यहां से कारें भी नहीं जाएंगी। पटेलनगर औद्योगिक क्षेत्र से ठाकुरद्वारा पुल पर भारी व व्यावसायिक वाहनों के साथ कारों को भी नहीं चढ़ने दिया जाएगा। सभी वाहन हापुड़ तिराहा से पुराना बस अड्डा व अंबेडकर रोड होकर भेजे जाएंगे। यहां से बाइक व स्कूटी भी नहीं जाएगी। बाइक समेत कोई भी वाहन हापुड़ तिराहा से घंटाघर की ओर नहीं जाएगा। भीड़ बढ़ी तो चौधरी मोड़ से भी घंटाघर की ओर पहले कार और फिर बाइक व स्कूटी की आवाजाही रोकी जा सकती है।

# मोरना डिपो से दिवाली स्पेशल बसें 20 से चलेंगी

### ● त्योहार के दौरान डिपो से 24 घंटे बस की सुविधा मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**मोरना** स्थित नोएडा डिपो से 20 अक्टूबर से दीपावली स्पेशल बसें चलेंगी। त्योहार के दौरान डिपो से 24 घंटे बस की सुविधा मिलेगी।

ग्रेटर नोएडा और दिल्ली रूट से हटाकर बस भीड़ वाले रूट पर चलाई जाएंगी। बस के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि दीपावलीए गोवर्धन और भैय्या दूज पर बड़ी संख्या में लोग अपने गृह जनपद जाते हैं। उन्होंने कहा कि 20 अक्तूबर से दस दिन तक यात्रियों को स्पेशल बस और अतिरिक्त फेरे की सुविधा मिलेगी।

इसमें एटा, कासगंज, मेरठ, हापुड़, आगरा समेत अन्य शहरों के लिए बस के अतिरिक्त फेरे की सुविधा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शासन से चालकए परिचालक और डिपो के कर्मचारियों के लिए दस दिन लगातार काम करने पर प्रोत्साहन राशि योजना भी लागू होगी। इसके लिए शासन से आदेश का इंतजार है।

# अवैध पटाखे ले जा रहा मिनी ट्रक पकड़ा

**नोएडा।** कस्बे के तिराहे पर मंगलवार को अवैध पटाखों से भरे मिनी ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया। ये पटाखे दीपावली पर बेचने के लिए मंगाए गए थे। बरामद पटाखों की कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पटाखा व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

दादरी पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे रोड की तरफ से एक पटाखे से भरा मिनी ट्रक कोतवाली के तिराहे की तरफआ रहा है। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने एक मिनी ट्रक को रोककर जांच की तो उसमें करीब 10 कार्टून में पांच लाख रुपये के अवैध पटाखे रखे। पटाखे को व्यापारी विशाल गुप्ता कस्बे में बेचने के लिए लेकर आया था। पुलिस इस बात की पूछताछ कर रही है कि पटाखे कहां से मंगाए गए थे। पुलिस ने आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### गौतमबुद्ध नगर में डांडिया उत्सव महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

गौतमबुद्ध नगर में नवरात्र के पर्व पर जगह-जगह डांडिया उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं और लड़कियां हिस्सा ले रही है। इस मौके पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने वाली कविता त्यागी ने बताया कि महिलाओं के लिए हम अक्सर इस तरीके का कार्यक्रम करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस की गोली से घायल इनामी बदमाश।

### 25 हजार का इनामी बदमाश चीता गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में नौ मई महागुन मजारिया सोसायटी के पास कलेक्शन एजेंट से लूटपाट करने वाले गिरोह का मास्टर मा इंड को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान जतिन उर्फ चीता निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई है। मुठभेड़ थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 117 जंगल में हुई। बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है। 27 मई को पुलिस उपायुक्त ने जतिन पर 25 हजार रुपये का इनामी घोषित किया था। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि इसके गिरोह ने 09 मई 2022 को नोएडा के कलेक्शन एजेन्ट से 06 लाख 88 हजार रुपये की लूट की थी। जिसमें इसके 05 साथियों को 16 मई 2022 को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इसमें दो साथियों मेहुरुद्दीन और मुकुल शर्मा को गोली लगी थी। इन दोनों ने घटना का मास्टर मा इंड चीता को बताया था। तभी से पुलिस जतिन उर्फ चीता को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही थी।

### खुद को बैंक कर्मचारी बताकर युवती से जालसाजी

नोएडा। साइबर अपराधी ने युवती के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। आरोपी ने बैंककर्मी बनकर जालसाजी को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर.39 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में नेहा शुक्ला ने बताया कि वह सेक्टर.40 के ए ब्लॉक में रहती है। उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल की थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड प्वाइंट आए हैं। उसने इन प्वाइंट को रिडीम करने का झांसा देकर नेहा से उनके क्रेडिट कार्ड का ओटीपी नंबर हासिल कर लिया। इसी बीच आरोपी ने कार्ड से 10 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन कर ली। जब पीड़िता के मोबाइल पर मैसेज आया तो ठगी का पता चला। पुलिस को मामले की शिकायत दी। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी से विवाद के बाद जान दी

**नोएडा।** युवक ने पत्नी से विवाद के बाद पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पहचान गेझा गांव में रहने वाले 36 वर्षीय अजय चौहान के रूप हुई है। बताया जा रहा है कि अजय का सोमवार रात को पत्नी के साथ विवाद हो गया था।

### मनोज धामा और रंजीता धामा रालोद में शामिल

**गाजियाबाद।** लोनी की चेयरमैन रंजीता धामा और पूर्व चेयरमैन एवं उनके पति मनोज धामा ने आज भाजपा को जोर का झटका दे दिया। धामा दंपत्ति ने आज भाजपा छोडकर रालोद का दामन थाम लिया। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी और डॉ यशवीर सिंह ने प्रेसवार्ता में दोनों के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। भाजपा छोड़ते ही मनोज धामा ने भाजपा पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे जनसेवा के लिए रालोद में आए हैं जो भाजपा में रहकर संभव नहीं था। भाजपा छोड़कर वे खुद को बंधनमुक्त महसूस कर रहे हैं। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि लोनी चेयरमैन रंजीता धामा प्रतिभावान कर्मठ और जुझारू महिला हैं। उनके पार्टी में आने से रालोद लोनी ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में गांव, किसान, मजदूर, युवा सभी परेशान हैं।

# सील इमारत में हो रहा था निर्माण, मजदूर की गिरकर मौत

### ● नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल, भूलेख विभाग पर उठे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के होशियारपुर में निर्माणधीन इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। चौंकाने वाली बात ये है कि इस इमारत को नोएडा प्राधिकरण ने दो सितंबर को सील किया था। इमारत का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था।

इस घटना ने नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल, भूलेख विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। इमारत का निर्माण खसरा नंबर-483,488, 489 पर अवैध रूप से कराया जा रहा था। सीलिंग टीम ने कार्रवाई के दौरान नोटिस चस्पा कर स्पष्ट किया था कि अवैध निर्माण करने लोगों को सात दिन समय दिया जाता है कि यदि अनधिकृत निर्माण को लेकर कोई उत्तर देना है तो उसे वर्क सर्किल-5 में दिया जाए।

सात दिन में यदि कोई जवाब नहीं दिया जाता तो मान लिया जाएगा कि आप इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहते। ऐसे में प्राधिकरण स्वयं इस स्ट्रक्चर को गिरायेगा। इस पर आने वाले खर्चे को वसूल करेगी। लेकिन इस सीलिंग के बाद अधिकारियों ने निर्माण कंपनी को खुली छूट दे दी। वह सील बिल्डिंग में गुपचुप तरीके से निर्माण करता रहा, जबकि इस मामले पर लगातार अधिकारियों के पास शिकायत जा रही थी, लेकिन निर्माण को नहीं रुकवाया गया। अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1994 में उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर कई खसरा नंबर को स्थगित कर दिया था। उसमें यह खसरा नंबर भी शामिल है। एमपी थ्री रोड स्थित होशियार पुर बाजार में सर्विस रोड किनारे बड़े पैमाने करीब 50 हजार वर्ग मीटर पर अवैध रूप से वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का निर्माण कराया जा रहा था। दो सितंबर को भूलेख विभाग टीम ने भारी भरकम पुलिस के साथ मौके पर पहुंच निर्माणाधीन साइट का काम बंद करा। इमारत से गिरकर जिस मजदूर की मौत हुई उसका नाम शाहिद संभल का रहने वाला है।

# रेरा सें संबंधित बिल्डरों की कुर्क संपत्ति तीन नवंबर को होगी नीलाम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश में पहली बार गौतम बुद्ध नगर जिला प्रशासन रेरा से संबंधित बिल्डरों की कुर्क की गई संपत्ति को ई.नीलाम करने जा रहा है। ये संपत्ति लगभग तीन अरब के करीब हैं।

बताया जा रहा है कि नीलामी 3 नवंबर को की जाएगी। इसकी विस्तृत जानकारी गौतम बुद्ध नगर जिले की अधिकारिक वेबसाइट पर 6 अक्टूबर से उपलब्ध हो सकेगी। इस ई.नीलामी कोई भाग लेकर प्रापर्टी खरीद सकता है। एसडीएम फ इनेंस एंड रिवेन्यू वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश रेरा के तहत रिकवरी सर्टिफिकेट के करीब 1400 करोड़ रुपए विभिन्न बिल्डरों पर बकाया हैं। दादरी और सदर तहसील की टीम अब तक करीब 400 करोड़ रुपए की बिल्डरों की संपत्ति कुर्क कर चुकी है, लेकिन नीलामी नहीं हो पाने के कारण बकाया रकम की वसूली नहीं हो पा रही थी। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर उत्तर प्रदेश सरकार ने ई.नीलामी की मंजूरी दी है। इसके बाद प्रशासन बिल्डरों की कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी करने जा रहा है।

# गाजियाबाद जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों की जांच के लिए टोकन सिस्टम

### ● अलग-अलग प्लेटफार्मों पर तैनात पुलिसकर्मियों को एक रजिस्टर दिया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**आगामी** त्योहारों को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। इसके लिए जीआरपी ने सुरक्षा प्रबंध बढ़ाने के साथ चेकिंग की निगरानी के लिए टोकन प्रणाली लागू की है।

एसएचओ अनुज मलिक ने बताया कि हर ट्रेन के स्क्वायड और सभी स्टेशनों के अलग-अलग प्लेटफ र्मों पर तैनात पुलिसकर्मियों को एक रजिस्टर दिया है।

ट्रेन के पुलिसकर्मी हर प्लेटफ र्म और प्लेटफ र्म के पुलिसकर्मी यहां रुकने वाली हर ट्रेन के रजिस्टर में हस्ताक्षर करेंगे। अनुज मलिक ने बताया कि पुलिस के स्तर से चेकिंग व गस्त में लापरवाही न हो, इसके लिए कई स्तर पर निगरानी कर रहे हैं। ड्यूटी से बचकर फ र्जी हस्ताक्षर करने को लेकर स्पष्ट चेतावनी दी गई है।

इसका सत्यापन करने के लिए रैंडम स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रहे हैं। कुछ पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के समय वीडियो काल भी की जा रही है। इसके अलावा फोन की लोकेशन से भी इसका सत्यापन किया जा रहा है। त्योहारों को लेकर जीआरपी में छुट्टियों पर पहले से ही रोक है। साथ ही कार्यालयी कार्यों में लगे पुलिसकर्मियों से भी चेकिंग कराई जा रही है। हर प्लेटफ र्म पर चार के बजाय 6.8 पुलिसकर्मी लगाए हैं।

शाम से आधी रात तक पांच सदस्यीय टीम सादे कपड़ों में यात्री बनकर निगरानी करती है और तड़के तीन बजे से पांच बजे के बीच तीन पुलिसकर्मी इसी तरह ट्रेनों में गश्त कर रहे हैं। स्टेशन पर आरपीएफऔर जीआरपी साथ में चेकिंग करती हैं।

# पर्यावरण मंजूरी का उल्लघंन, अतिरिक्त मंजिलें बनाने पर बिल्डर को 15 करोड़ रुपये का हर्जाना

### ● एनजीटी ने दिया आदेश, 18 फ्लोर की जगह बनाई थी 19 मंजिले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण मंजूरी (ईसी) शर्त का उल्लंघन कर नोएडा में अतिरिक्त मंजिलें बनाने के लिए एक बिल्डर को 15 करोड़ रुपए का हर्जाना देने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने कहा कि बिल्डर के इस कदम से पर्यावरण पर प्रदूषण का अतिरिक्त भार पड़ा है। अधिकरण एक्सप्रेस बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटिड द्वारा उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर 77 में एक्सप्रेस जेनिथ के निर्माण में ईसी शर्तो के उल्लंघन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह स्थापित किया गया है कि भूतल व 18 मंजिलों के लिए पर्यावरण मंजूरी दी गई थी, जबकि बिल्डर ने पांच टावरों में भूतल व 19 मंजिलों का निर्माण किया।

पीठ में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल और अफरोज अहमद भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मंजिलों के निर्माण ने पर्यावरण पर प्रदूषण का अतिरिक्त भार डाला।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**नोएडा।** कुलेसरा की मधुबन विहार कॉलोनी निवासी विवाहिता की मंगलवार की सुबह संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों की तहरीर पर ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी नेत्रपाल ने अपनी बेटी प्रीति की शादी करीब चार साल पहले सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के नदगडी गांव के रहने वाले कालूराम के साथ की थी। शादी के बाद कालूराम अपनी पत्नी प्रीति के साथ कुलेसरा की मधुबन विहार कॉलोनी में आकर रहने लगा। परिजनों का आरोप है कि कालूराम के परिवार के लोग प्रीति को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उनके द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती थी। मंगलवार सुबह प्रीति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# एनसीआर के 87 गांवों की जमीनों पर निवेश क्षेत्र बसाने की तैयारी

### ● डीएनजीआईआर में लगेंगी तीन हजार इंडस्ट्री
### ● शहरवासियों से आपत्ति और सुझाव मांगे गए हैं
### ● 60 गांव बुलंदशहर व 20 गौतमबुद्ध नगर के शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**नोएडा,** बुलंदशहर और दादरी के 87 गांवों की जमीन पर दिल्ली नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन बसाने की तैयारी है। यहां 3 हजार इंडस्ट्री लगेंगी। इससे करीब 3.7 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। ये शहर 6 लाख की आबादी के हिसाब से बसाया जाएगा।

इसमें 2.5 लाख की आबादी ऑर्गेनिक स्थायी है। करीब 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट प्रवासी होगी। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जा रहा है। इसके लिए मास्टर प्लान 2041 बनाया गया है। इसका 8811 हेक्टेयर एरिया औद्योगिक होगा। इसमें यूपीसीडा को 2 हजार 376 हेक्टेयर, इंडस्ट्रियल एरिया 6248 और मिक्स इंडस्ट्रियल एरिया 186 हेक्टेयर का होगा। पहले फेज में इन इंडस्ट्री से करीब 3.7 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। माना जा रहा है कि इस शहर की कुल आबादी छह लाख में माइग्रेंट यानी प्रावासी की संख्या 3.5 लाख की होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रेजिडेंसिएशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा।

### ● 3.7 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार, 6 लाख होगी शहर की आबादी

सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि मास्टर प्लान में और क्या क्या होना चाहिए इसके लिए शहरवासियों से आपत्ति और सुझाव मांगे गए हैं।

जिनका निस्तारण करने के बाद इसे बोर्ड में रखा जाएगा। वहां से शासन को एप्रूवल के लिए भेजा जाएगा। डीएनजीआईआर का फ इनल ड्राफ्ट पूरा होते ही गौतमबुद्ध नगर व बुलंदशहर के 87 गांव की जमीन लैंडपूल की जाएगी। शासन की तरफसे 80 गांव के नोटिफिकेशन में 60 गांव बुलंदशहर व 20 गौतमबुद्ध नगर के शामिल थे।

एसपीएने जब मास्टर प्लान बनाने के लिए सर्वे शुरू किया तो पाया कि 5 गांव थोड़ा दूर पड़ रहे हैं और 12 गांव नजदीक हैं और शामिल भी किए जा सकते हैं। ऐसे में सात नए गांव और शामिल किए गए।

### 41 प्रतिशत में औद्योगिक निवेश

- 11.5 प्रतिशत आवासीय
- 17 प्रतिशत हरियाली
- 15.5 प्रतिशत में सड़क
- 9 प्रतिशत संस्थागत
- 4.5 प्रतिशत व्यवसायिक



# ...वो दशानन था, जो बड़ा ही दंभी था

अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है दशहरा। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा पर्व। यह पर्व बुधवार (05 अक्टूबर) को मनाया जाएगा। भगवान राम के रावण का वध करने और असत्य पर सत्य की विजय की खुशी में इस पर्व को मनाया जाता है। इस दिन दशानन दहन होता है। कहा जाता है कि रावण के पुतले को जला हर इंसान अपने अंदर के अंहकार, क्रोध का नाश करता है। इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है।

दशमी तिथि प्रारंभ – 4 अक्टूबर, दोपहर 02 बजकर 20 मिनट से
दशमी तिथि समापन –5 अक्टूबर, दोपहर 12 बजे
विजय मुहूर्त : 14.07 से 14.54 तक
अवधि : 47 मिनट
अपराह्न मुहूर्त : 13.20 से 15.41 तक

## राम और रावण बिना दशहरा

बचपन से सुनते आ रहे हैं कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन भगवान राम ने रावण को मारा था। मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे देश के कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां के दशहरे में रावण है न राम।

### 01 मैसूर का दशहरा

यहां यह उत्सव दस दिन तक मनाया जाता है। दशहरे के समय यहां पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सजाया जाता है। इस दिन हाथी के ऊपर सोने के सिंहासन में मां चामुंडेश्वरी का भव्य जुलूस निकाला जाता है। यहां रावण दहन का आयोजन नहीं किया जाता है।

### 02 कोलकाता में होती है सिंदूर की होली

बंगाल में नौ दिन तक मां की उपासना के बाद दसवें दिन सभी स्थानों पर विशेष आयोजन किया जाता है। इस दिन महिलाओं सिंदूर की होली खेलती हैं। मां को अश्रुपूरित विदाई देते हुए विसर्जन किया जाता है। कहते हैं कि इस दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन होना शुभ होता है।

## इस दिन भूलकर भी न करें ये काम

**• बुरा करने से बचें**

विजयदशमी के दिन किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए जाना जाता है। इसलिए इस दिन कोई भी गलत काम करने से बचना चाहिए।

**• पेड़ काटने से बचें**

हमारे अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे बेहद अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में दशहरा के दिन पेड़ काटना शुभ नहीं माना जाता। माना जाता है कि इस दिन पेड़ काटने से व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होता है।

**• हत्या**

दशहरा के दिन अपने शौक के लिए किसी भी जीव-जंतु की हत्या न करें। माना जाता है कि ऐसा करने से आपका सौभाग्य दुर्भाग्य में बदल जाता है।

**• अपमान**

दशहरा के दिन भूलकर भी किसी स्त्री या बड़े-बुर्जुग का अपमान नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी आपसे रुष्ट हो सकती हैं।

**• शराब का सेवन**

दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाया जाता है। यही वजह है कि इस दिन मांस, मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए।

### 04 कुल्लू में ऐसे मनता है दशहरा

यहां के दशहरे में पहाड़ी देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। हिमाचल के लोगों के लिए इस दशहरे का संबंध किसी भी तरह से भगवान राम से नहीं है। बल्कि इस दिन हिमाचल के लोग सज-धज कर ढोल नगाड़ों के साथ अपने ग्रामीण देवता की पूजा करते हैं। पूरे जोश के साथ भगवान की पालकी निकालते हैं और अपने मुख्य देवता भगवान रघुनाथ जी की पूजा करते हैं।

### 05 बस्तर में दंतेश्वरी देवी की होती है पूजा

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरे को मनाने का मुख्य कारण राम की रावण पर विजय को नहीं माना जाता, बल्कि यहां के लोग विजयदशमी को मां दंतेश्वरी की अराधना को समर्पित एक पर्व के रूप में मनाते हैं। दंतेश्वरी माता, बस्तर के लोगों की अराध्य देवी हैं, जो मां दुर्गा का ही रूप हैं और यहां यह पर्व पूरे 75 दिन तक चलता है। इसकी शुरुआत श्रावण मास के अमावस्या से होती है और इसका समापन आश्विन मास के शुल्क पक्ष की त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

## रावण का वध करने से पहले प्रभु राम ने की थी मां शक्ति की पूजा

**ऐसी** मान्यता है कि रावण का वध करने कुछ दिन पहले भगवान राम ने आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा की और फिर उनसे आशीर्वाद मिलने के बाद दशमी को रावण का अंत कर दिया। ऐसी भी मान्यता है कि दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं। इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है। इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है। दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है।

### 03 महाराष्ट्र में होती है सरस्वती मां की आराधना

महाराष्ट्र में नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं और दसवें दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन स्कूल जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में देवी का आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश, और नए घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं।

## शमी पूजन और नीलकंठ के दर्शन का महत्व

**विजयादशमी** का पर्व बुधवार, 5 अक्टूबर को पूरे देशभर में मनाया जाएगा। यह त्योहार असत्य पर सत्य के जीत के प्रतीक के रूप में हर वर्ष अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि पर भगवान राम ने लंका नरेश और महान ज्ञानी रावण को युद्ध में परास्त करके वध किया था। इसके अलावा इसी तिथि पर मां दुर्गा ने महिषासुर नाम के दैत्य का संहार किया था। इसी कारण से विजयादशमी का त्योहार हर वर्ष रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले का दहन करके मनाया जाता है। दशहरे के दिन पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की पूजा का समापन हो जाता है। आइए जानते हैं दशहरे का महत्व और पूजा मुहूर्त।

**दशहरे का पर्व एक अबूझ मुहूर्त :** ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक साल भर में कुछ ऐसे त्योहार आते हैं जिसमें किसी भी तरह का शुभ कार्य बिना मुहूर्त देखें किए जा सकते हैं। दशहरा की तिथि यानी अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को एक अबूझ मुहूर्त माना गया है। अबूझ मुहूर्त में सभी तरह के शुभ कार्य, शुभ खरीदारी और अनुष्ठान किए जा सकते हैं। इस अबूझ मुहूर्त में शुभ कार्य करना बहुत ही फलदायी होता है। इस बार विजयादशमी पर रवि, सुकर्मा और धृति योग भी बन रहे हैं। ज्योतिष में इन योगों का बहुत ही शुभ माना गया है।

**विजयादशमी का महत्व :** जैसे कि इस पर्व के नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह तिथि विजय की मानी गई है। दशहरे का त्योहार असस्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। दशहरे के दिन यानी दशमी तिथि पर भगवान राम ने लंका के युद्ध में रावण का वध करते हुए विजय प्राप्ति की थी इसलिए हर वर्ष दशहरे पर रावण, मेधनाथ और कुंभकर्ण के पुतले का दहन करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन शस्त्र पूजा, शमी पूजा, मां दुर्गा



पूजा और भगवान राम की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इसके अलावा विजयादशमी पर ही 10 दिनों तक चलने वाले युद्ध में मां भगवती ने महिषासुर का वध किया था। इस दिन ही दुर्गा पूजा का समापन मां की प्रतिमाओं का विसर्जित करते हुए किया जाता है।

**शमी वृक्ष पूजन है फलदाई :** पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल में पांडवों ने शमी के पेड़ के ऊपर अपने अस्त्र शस्त्र छिपाए थे, जिसके बाद युद्ध में उन्होंने कौरवों पर जीत हासिल की थी। इस दिन घर की पूर्व दिशा में शमी की टहनी प्रतिष्ठित करके उसका विधिपूर्वक पूजन करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है, महिलाओं को अखंड सौभग्य की प्राप्ति होती है एवं इस वृक्ष की पूजा करने से शनि के अशुभ प्रभावों से मुक्ति मिलती है।

**नीलकंठ के दर्शन है शुभ :** लंकापति रावण पर विजय पाने की कामना से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए थे। नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना करने से जीवन में भाग्योदय, धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**विजय का सूचक है पान :** दशहरा के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद दहन के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की खुशी को व्यक्त करता है। इस दिन हनुमानजी को मीठी बूंदी का भोग लगाने बाद उन्हें पान अर्पित करके उनका आशीर्वाद लेने का महत्त्व है। विजयादशमी पर पान खाना, खिलाना मान-सम्मान, प्रेम एवं विजय का सूचक माना जाता है।

# आईटी चुनें

अत्याधुनिक तकनीकों के आगमन से आईटी सेक्टर त्वरित गति से उभर रहा है। इसलिए अभिषेक अग्रवाल कहते हैं कि यहां युवा एवं बहुआयामी प्रतिभा की आवश्यकता है –



**कृत्रिम** समझदारी, इंटरनेट जैसी चीज और ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के आगमन से आईटी सेक्टर त्वरित गति से उभर रहा है। ऐसी तकनीकों ने असंख्य बिजनेस अभियानों को स्वसंचालित किया है, पारंपरिक बिजनेस परिदृश्य को आधुनिक परिदृश्य में बदला है। आईटी कंपनियां अब ऐसी शिक्षित, बहुआयामी, व युवा आई प्रतिभाओं की आवश्यकता महसूस कर रही हैं जो औद्योगिक आवश्यकता के हर नट और बोल्ट पर ठोस पकड़ बनाए रख सकें और उन्हें अपने मुताबिक गढ़ सकें।

बिजनेस घरानों के लिए, नए ग्राहकों का अर्जन सरल नियुक्ति की आवश्यकता का प्रतीक बनता है। जैसे ही ग्राहक आधार एक कदम विस्तारित होता है, बिजनेस प्रगति को गति देने के लिए प्रतिभा नियुक्ति की इच्छा दुगुनी हो जाती है। हालांकि, आईटी स्टाफ प्रवृत्तियां भी बदल रही हैं, जो एक साथ बने रहने के लिए कंपनियों तथा नौकरी करने वालों दोनों को महत्वपूर्ण बना रही हैं। कंपनियां अब दूरगामी कर्मचारियों को बनाए रखना नहीं चाहती हैं जो तेजी से बदलते परिवेश में अपनी योग्यताएं परिष्कृत करने में अक्षम हैं। जिन योग्यताओं व विशेषज्ञताओं को एक कर्मचारी रखता है, वे अत्याधुनिक विकास से पुरानी पड़ सकती हैं। इसने संविदा आधारित नौकरियों की बढ़ती मांग को तेजी प्रदान की है।

### सोशल नेटवर्किंग

सालों से, यह देखा गया है कि ज्यादातर व्यापार राजस्व उत्पत्ति के लिए अपने मौजूदा ग्राहकों व कर्मचारियों पर भरोसा करते हैं। जैसा कि क्षमतावान रोजगार इच्छुकों का दोहन करना तथा ग्राहक आधार को बढ़ाना एक कठिन काम है, कंपनियों ने अपने व्यापार विकास रणनीति में इसे कम प्राथमिकता देते हैं। बल्कि, वे आधुनिक भूमिकाओं के लिए मौजूदा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना पसंद करते हैं, चाहे इसमें कितना भी निवेश की मांग हो। आदर्शतया, एसएमबी और एमएसएमई को ऐसे योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति पर ध्यान देना होगा जो नवोन्मेशी परियोजनाओं का प्रबंधन करने, ग्राहक आधार को विस्तारित करने और धीरे धीरे बिजनेस प्रगति में तेजी लाने में सक्षम हों। इसके लिए, उन्हें ब्रांड बिल्डिंग व पदोन्नति पर मेहनत करनी होगी ताकि मौजूदा बाजार में ग्राहकों व रोजगार-इच्छुकों , दोनों के लिए महान संभावनाएं सुनिश्चित हों। सोशल मीडिया और पेशेवर मंच ब्रांड प्रबंधन तथा रिक्तियों के विपणन का प्रभावशाली उपकरण साबित हुए हैं। विस्तारित नेटवर्किंग आईटी स्टाफिंग इंडस्ट्री में एक चलन है।

### लचीला स्टाफ

कई कंपनियां पूर्णकालिक कर्मचारियों को निकालने व नियुक्त करने में उलझी रहती हैं। पूर्णकालिक कर्मचारी नियुक्त करना, निसंदेह, हर संगठन के लिए खर्चीला है। लेकिन, खर्चों की सचमुच भरपाई हो जाती है जब नयी प्रतिभा (पूर्णकालिक या अस्थायी)बिजनेस को नयेपन की ओर ले जाती है कंपनी की प्रगति को चार चांद लगा देती है। चूंकि दुनिया अनिश्चितता पर चलती है और विचारना, जिसके पहले कर्मचारी अनुपयुक्त होगा, अव्यवहारिक है, स्टाफ वाली कंपनियां खुले हाथों से लचीले स्टाफ प्रारूप को अपना रही है। व्यवहारिक कर्मचारी रखना संगठनों को वर्कलोड व परियोजनाओं के आधार पर उम्मीदवार रखने में सक्षम बनाता है। इससे नियुक्ति प्रक्रिया की शुरुआत करने की लागतों व समय दोनों मामलों में कंपनी की बचत होती है।

### धैर्यवान उम्मीदवार

सर्वोत्तम आईआी प्रतिभाएं इंडस्ट्री में रोजगार पर हैं। हालांकि असंख्य मात्रा में नियुक्त लोग हैं जो अपनी नौकरियों से संतुष्ट हैं, मगर उनमें से अधिकांश नये व अधिक लाभदायक अवसरों को खोना नहीं चाहेगा। ऐसे उम्मीदवारों को धैर्यवान उम्मीदवार कहा जाता है जो सक्रियता के साथ नए क्षेत्रों की खोज नहीं करते होंगे। आकर्षक मुआवजा धनराशि के साथ धैर्यवान उम्मीदवारों को नियुक्त करना उन्हें अधिक समर्पण के साथ काम करने के लिए उत्साहित करता है। दुर्भाग्य से, सफल आईटी कंपनियों के पास प्रतिभा के भंडार में उतरने और धैर्यवान को पहचानने के लिए पर्याप्त समय का अभाव होता है। हालांकि, धैर्यवान स्टाफ अनेक कंपनियों के लिए पहली पसंद बन रहे हैं जैसा कि अनुभवी बेरोजगारों को नयी कंपनी के साथ कार्य के दौरान प्रशिक्षण देने में कम समय व प्रयास की आवश्यकता होती है।

### चुनौतियां

योग्य एवं समर्पित उम्मीदवारों का अभाव: सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक, जिसका कि आईटी इंडस्ट्री सामना करती है, वो है स्टाफ की कमी और योग्य स्त्रोतों की स्वार्थपरकता। काफी सारा समय, अधिक से अधिक संसाधन लगाने के बावजूद मिलने वाला नतीजा कंपनियों के लिए दुखद रहा है। वे लोग जो योग्यताओं व अनुभव के संदर्भ में कार्य भूमिका के लिए फिट नहीं हैं, कंपनियों द्वारा खुद ही उन्हें निकाल बाहर किया जाता है। वे लोग, जो काम में दक्ष हैं, अक्सर कंपनी के साथ जुड़े रहने में अक्षम पाए जाते हैं। योग्य कार्यबल का स्वार्थपन अक्सर कंपनियों के लिए एक ही पद के लिए बार बार लोगों को रखने का प्रमुख कारण बनता है।

कर्मचारी को टिकाए रखने की रणनीतियां: एक करियरबिल्डर स्टडी और सोलोगिजडाटकाम स्टडी ने इस बात को रेखांकित किया कि कुल लगभग 34 प्रतिशत नियुक्तिकारी कंपनियां छोटी टीम और मौजूदा कर्मचारियों को अपने साथ बनाए रखती हैं। उन्हें मौजूदा कर्मचारियों द्वारा बेहतर करियर अवसरों को हथियाने के लिए उन्हें पायदान के रूप में इस्तेमाल किए जाने से डरती हैं।

यह न केवल टीम के आकार को कम करता है बल्कि काम को बिगाड़ता है। इस प्रकार, कंपनियों को कर्मचारी को टिकाए रखने की प्रभावशाली एवं एक्शन योग्य रणनीतियां बनानी चाहिए। विक्रेता के रूप में एचआर की बदलती भूमिका: सोशल मीडिया की बढ़ती जबरदस्त लोकप्रियता से आईटी कंपनियां तकनीक सक्षम उम्मीदवारों पर कब्जा बनाने के लिए एक प्रतिस्पर्धी वातावरण निर्मित कर रही हैं। पोर्टल्स पर नौकरियां पोस्ट करने के बजाय, नियोक्ताओं को शिक्षित एवं अनुभवी उम्मीदवारों को लुभाने के लिए मार्केटिंग एवं विज्ञापनकारी योग्यताओं में माहिर होना होगा। उन्हें जानना चाहिए कि कैसे लक्षित उम्मीदवारों तक पहुंचें। बाजार में ऊंची और विशिष्ट हैसियत बनाना: वे दिन बीत गये जब नियोक्ताओं के पास उम्मीदवारों के सीवी की भरमा हुआ करती थी और उन्हें अनेक में से एक को चुनना होता था। आज, विशेषाधिकार जानकार उम्मीदवारों की ओर मुड़ गया है। युवा, प्रतिभाशाली व अनुभवी होकर, उम्मीदवारों के पास शानदार रोजगार अवसर हैं। इसे उम्मीदवार आधारित बाजार कहने से, कंपनियों को विशिष्ट कंपनी के रूप में उभरने के लिए जोर लगाना होगा जहां उम्मीदवार काम करना चाहेंगे। इसके लिए, एचआर टीमों को कार्य संस्कृति, कार्यअवसर और कार्यबोझ पर ध्यान देना होगा।

आईटी इंडस्ट्री रोजगार इच्छुकों एवं स्टाक कंपनियों दोनों के लिए असंख्य अवसर रखती है। अपेक्षाएं, विशेषज्ञता और अनुभव, जिसकी दोनों पक्षों को आवश्यकता होती है, में परस्पर प्रगति के लिए अनुकूल मेल होना चाहिए। जहां कंपनियों को क्षमतावान उम्मीदवारों को पहचानना और उन्हें काम पर रखना चाहिए, वहीं उम्मीदवारों को भी एक अच्छा स्त्रोत बनकर कंपनी के प्रति वफादार बने रहना चाहिए। कंपनियों को एक सौहार्द्रपुर्ण कार्य वातावरण के निर्माण के जरिए टिकाऊ रणनीतियां लेकर सामने आना चाहिए, जबकि, कर्मचारियों को कंपनी की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान तथा उस पर ध्यान देना चाहिए।

**( लेखक वैश्विक प्रोफेशनल सर्विसेज कंपनी जज ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट हैं।)**



व्यवसायिक योग्यताओं में बीवोक जैसे कोर्स रोजगार तलाशने वालों के बजाय रोजगार पैदा करने वाले महत्वाकांक्षी उद्यमियों को अधिक सशक्त करते हैं। डा. राजेन्द्र कुमार जोशी कहते हैं कि ये कोर्स व्यापार आरंभ करने और संचालित करने में उनका मार्गदर्शन करते हैं

# अपना व्यापार कैसे शुरू करें

**जयपुर** के मध्य वर्गीय नौजवान, अजय अपना खुद का व्यापार शुरू करने के लिए आवश्यक योग्यताओं में माहिर होने के उद्देश्य से योग्यता विश्वविद्यालय का चुनाव करते समय स्पष्ट थे। लेकिन वह संशय में थे कि उन्हें किस योग्यता पर विचार करना चाहिए और यह भी कि कैसे अपना बिजनेस शुरू करें।

हममें से अनेक का यही सपना होता है, लेकिन उसे पूरा करने के लिए, हम लंबा दृष्टिकोण अपनाते हैं जिसमें कि पहले स्नातक होना है और फिर एमबीए करना है। पढ़ाई के बाद, चयनित विचारों की पड़ताल आरंभ करें, जानकारी एकत्रित बनें, व्यवहारिक रिपोर्ट्स बनाए, और हर संभव रूप में बाजार का विश्लेषण करें, सबकुछ स्वयं के जरिए। सबकुछ करने के बाद, अभी भी हिचक है जो कि उसका पहला पड़ाव है। उद्यमी बनने के महत्वाकांक्षी अधिकांश छात्रों की यही कहानी है। एक मिथ है कि योग्यता कोर्स उन लोगों के लिए होते हैं जो अपनी पसंदीदा योग्यताओं में नौकरी करना चाहते हैं। इच्छुक व्यापार खड़ा करने की अधिक बड़ी संभावना को अनदेखा करते हैं जो अकादमियां, विश्वविद्यालय और सरकार उद्यमिता में बैचलर आफ वोकेशनल एजूकेशन (बीवोक)जैसे कोर्स लाकर सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।

सरकार ने स्टर्ाट-अप्स की अहमियत को महसूस किया है और इसके जैसे नये उद्यमिता संस्थान वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का एकमात्र रास्ता है। भारत हर साल 3100 स्टर्ाट-अप्स का घर है जो 2015 नेस्कॉम रिपोर्ट के अनुसार, रैंकिंग में अमरीका और यूके व इजरायल से पीछे है। यह अनुमानित है कि चीन में 94 मिलियन की तुलना अनुसार, भारत 20-24 आयु समूह में 112 मिलियन नौकरीशुदा आबादी का केन्द्र बन जाएगा। इसलिए अनेक कामकाजी युवा मस्तिष्क निश्चित तौर पर देश की समृद्धि के लिए उद्यमिता परिवेश बनाने में सहायता करेंगे।

### आगे का रास्ता

देश में उद्यमिता के सहयोग पर सरकारी जोर होने से इस क्षेत्र में तीव्र प्रगति की संभावना है। अच्छी आजीविका प्रगति वाले नए विचार और रोजगार अवसर उन लोगों को प्रस्तावित हैं जो इस कोर्स में शामिल होते हैं। सरकार ने 50 से अधिक नयी स्टार्ट-अप योजनाएं प्रस्तुत की हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंट्रप्रयोनोरशिप एंड स्माल बिजनेस डेवलपमेंट, नेशनल इंस्टीट्यूट फार माइक्रो स्माल मीडियम इंटरप्राइजेज, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंटरप्रोन्योरशिप एंड इंटरप्रोन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, सेंटर फार इंटरप्रोन्योरशिप डेवलपमेंट एंड इंस्टीट्यूट आफ इंटरप्रोन्योरशिप डेवलपमेंट जैसे बहुत सारे संस्थान अल्प एवं दीर्घकालिक इंटरप्रोन्योरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित करते आए हैं।

अनेक राज्य स्टेट स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एसएसडीसी) के साथ सामने आए हैं। एसएसडीसी और विभिन्न अन्य संस्थान योग्यता तथा राष्ट्रीय व्यवसायिक मानकों के अनुसार कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। अनेक राज्यों द्वारा योग्यता विश्वविद्यालयों की स्थापना ने रोजगार सृजन के लिए योग्यता शिक्षा की ओर गंभीर झुकाव तथा बेहतर औद्योगिक-अकादमिक इंटरफेस में सहायता के लिए भारत की उच्च शिक्षा के रूपांतरण का संकेत दिया है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने डिग्रियों की सूची में इंटरप्रोन्योरशिप योग्यताओं में बीवोक, एमवोक और पीएचडी प्रस्ताव के लिए निर्देश जारी किए हैं जिन्हें यूजीसी एक्टर की धारा 22 के तहत विश्वविद्यालयों द्वारा अवार्ड किया जा सकता है। हालांकि, देश में 800 से अधिक विश्वविद्यालय अभी भी पारम्पिक डिग्रियां प्रदान कर रही हैं। सभी योग्यता विश्वविद्यालय, नाम लें तो, हरियाणा विश्वकर्मा स्किल युनिवर्सिटी (एचवीएसयू), इंस्टीटयूट आफ लीडरशिप डेवलपमेंट (आईएलडी), सिम्बियोसिस स्किल्स एंड ओपन युनिवर्सिटी(एसएसओयू), टीम लीज स्किल्स युनिवर्सिटी (टीएलएसयू), सेंचुरियन युनिवर्सिटी, सीकॉम स्किल्स युनिवर्सिटी एंड भारतीय स्किल डेवलपमेंट युनिवर्सिटी एक साथ आई हैं और उन्होंने इंडियन स्किल्स युनिवर्सिटीज का एक संगठन निर्मित किया है।

# 2023 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल हुआ जारी

## 10 फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट, 12 को भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

**एजेंसी।** नई दिल्ली

2023 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी हो गया है। आईसीसी ने सोमवार देर रात वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान किया। साउथ अफ्रीका 10 से 26 फरवरी के बीच लिमिटेड ओवर के सबसे बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। उसके तीन शहरों में प्रतियोगिता के मुकाबले खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट की शुरुआत 10 फरवरी को केपटाउन में मेजबान साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के मुकाबले से होगी। भारतीय टीम 12 फरवरी को अपने अभियान का आगाज चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। दोनों के बीच केपटाउन में ही मुकाबला खेला जाएगा। यहीं 26 फरवरी को फाइनल मुकाबला भी होगा। शेड्यूल के अनुसार भारत को ग्रुप-2 में रखा गया है। उनके साथ इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, पाकिस्तान और आयरलैंड को रखा गया है। टीम पाकिस्तान के अलावा 15 फरवरी को वेस्टइंडीज, 18 फरवरी को इंग्लैंड और 20 फरवरी को आयरलैंड का मुकाबला करेगी। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में खेली जाएगी। भारतीय टीम सितंबर माह के अंत में इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीतकर आई है। उसने अंग्रेजों को उनके घर में 3-0 से हराया था।



### एशिया कप खेल रही है टीम इंडिया

**विमेंस** टीम इंडिया इस समय बांग्लादेश में टी-20 विमेंस एशिया कप खेल रही है। उसने लगातार दो मुकाबले भी जीत लिए हैं। उसने पहले मुकाबले में श्रीलंका को 41 रन और दूसरे मुकाबले में मलेशिया को 30 रन से हराया। वर्षा बाधित दूसरे मैच में टॉस गंवाकर खेलने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में मलेशिया ने 5.2 ओवर में दो विकेट खोकर 30 रन बनाए थे। तभी बारिश शुरू हो गई और इसके बाद खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ लुईस नियम के तहत टीम इंडिया को विजेता घोषित किया गया। इस मुकाबले में शेफाली वर्मा और एस. मेघना के बीच 116 रन की पार्टनरशिप हुई। 69 रन बनाने वाली मेघना प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेयरस्टोकी टांग में तीन जगह फ्रैक्चर, टखना भी खिसका

**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने अपनी चोट की गंभीरता का खुलासा किया है जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया में इस महीने होने वाले टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे।एक महीने पहले गोल्फ खेलते समय बेयरस्टो का बाईं टांग टूट गई थी जबकि उनका टखना भी खिसक गया था। इससे कुछ देर पहले ही उन्हें इंग्लैंड की विश्वकप टीम में शामिल किया गया था। वह संतुलन बनाए रखने के प्रयास में गिर गए थे जिसके कारण उन्हें चोटें आई। बेयरस्टो ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरी टांग में तीन जगह फ्रैक्चर हो गया था और मेरा टखना भी खिसक गया था जिसके लिए ऑपरेशन की जरूरत पड़ी। बेयरस्टो का चोटिल होने के एक सप्ताह के बाद ऑपरेशन किया गया और वह अगले साल तक नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने कहा, पहला लक्ष्य दोनों पांव पर खड़ा होना और यह सुनिश्चित करना है कि सब कुछ ठीक है।

### भारत ने मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त दी

**सऊदी अरब।** भारत ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां मालदीव को 5-0 से करारी शिकस्त देकर एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 के क्वालीफायर्स में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की।भारत की तरफ से कप्तान वनलालपेका गुइटे, ललमिंगछुआंगा फनाई, अमन, बॉबी सिंह और फीनिक्स ओइनम ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ने शुरू से ही हावी होकर खेलने की रणनीति अपनाई जिसमें वह सफल भी रही। उसके पास नौवें मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गया। कप्तान गुइटे ने हालांकि जल्द ही भारत की तरफ से पहला गोल दाग दिया। फनाई ने 24वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय कप्तान के पास अपना दूसरा गोल करने का भी मौका था लेकिन मालदीव के पेनल्टी बॉक्स के पास से ली गई उनकी फ्री किक बार से टकरा गई। भारत मध्यांतर तक दो गोल से आगे था। उसने दूसरे हाफ में भी शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और 15 मिनट के बाद अपना तीसरा गोल भी कर दिया। टीम के लिए यह गोल अमन ने किया। भारत को इसके आठ मिनट बाद हुजैफा अहमद दार के फाउल करने से पेनल्टी मिली जिसे बॉबी सिंह ने गोल में बदला। इसके कुछ मिनट बाद ही फीनिक्स ने 25 गज की दूरी से करारा शाट जमाकर भारत की तरफ से पांचवां गोल किया।

### एशिया कप में महिला टीम की हैट्रिक जीत

# जेमिका और दीप्ति के अर्धशतक से भारत ने यूएई को 104 रन से रौंदा

**यूएई की टीम 20 ओवर में चार विकेट 74 रन पर ढेर हो गई**

**एजेंसी।** सिलहट



**जेमिमा** रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक से भारत ने मंगलवार को यहां महिला टी20 एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 104 रन से रौंद दिया। यूएई ने शानदार शुरुआत करते हुए पांच ओवर के भीतर ही भारत का स्कोर तीन विकेट पर 20 रन कर दिया था जिसके बाद जेमिमा (45 गेंद में नाबाद 75) और दीप्ति (49 गेंद में 64 रन) ने 13.3 ओवर में 128 रन जोड़कर भारत को पांच विकेट पर 178 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

भारतीय मूल के 11 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली यूएई की टीम ने कभी इस लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास ही नहीं किया और टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 74 रन ही बना सकी। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और सेमीफाइनल में जगह बनाने का उसका दावा काफी मजबूत है। टीम को हालांकि बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ अभी अपने दो बड़े मैच खेलने हैं। स्मृति मंधाना, एस मेघना और खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा के जल्दी पवेलियन लौटने के बाद जेमिमा और दीप्ति ने 12वें ओवर तक भारतीय पारी को संवारा और फिर आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे आगे यूएई की गेंदबाज बेबस दिखीं। जेमिमा ने अपनी पारी में 11 चौके लगाए जबकि दीप्ति ने पांच चौके और दो छक्के जड़े। यूएई की कप्तान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अंतिम छह ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई के बल्लेबाजों की मानसिकता अति रक्षात्मक थी और दूसरे ओवर में पांच रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद उनका ध्यान विकेट बचाने पर अधिक था। कविशा एगोडागे (54 गेंद में नाबाद 30) और खुशी शर्मा (50 गेंद में 29) ने चौथे विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी की लेकिन इस दौरान उनका लक्ष्य सिर्फ विकेट बचाना था। भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना जीत के बाद बेहद खुश नजर आईं।

स्मृति ने कहा, जेमी (जेमिमा) और दीप्ति ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय साझेदारी करके हमें मैच में वापसी दिलाई। उन्होंने (यूएई) अच्छी बल्लेबाजी की, एक कैच छूट गया लेकिन उन्होंने अपने विकेट नहीं गंवाते हुए अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, हमारे पास अपनी गेंदबाजों के लिए कुछ अभ्यास करने की योजना थी और जो हमने किया उससे खुश हैं।



# हेटमायर वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप टीम से बाहर

**हेटमायर की जगह समर्थ ब्रूक्स को टीम में लिया**

**एजेंसी।** सेंट जोन्स (एंटीगा)

**आक्रामक** बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर को आस्ट्रेलिया में टीम से जुड़ने के लिए निर्धारित उड़ान नहीं पकड़ पाने के कारण वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया है। हेटमायर की जगह समर्थ ब्रूक्स को टीम में लिया गया है।

हेटमायर को शनिवार को गयाना से रवाना होना था लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने उनके पारिवारिक कारणों से उन्हें सोमवार को उड़ान पकड़ने की अनुमति दे दी थी। इसका मतलब था कि वह गोल्ड कोस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को होने वाले टी20 मैच के लिए उपलब्ध नहीं रह पाते। उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को सूचित किया वह अगली निर्धारित उड़ान को भी नहीं पकड़ सकते हैं। इसके बाद चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम से बाहर करने और उनकी जगह ब्रूक्स को लेने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के क्रिकेट निदेशक जिमी एडम्स ने एक बयान में कहा, हमने शिमरोन की उड़ान को उनके पारिवारिक कारणों से शनिवार की वजह सोमवार कर दिया था लेकिन उन्हें स्पष्ट कर दिया गया था कि अगर उड़ान में आगे देरी होगी तो हमारे पास उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को रखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा क्योंकि हम इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए टीम की तैयारियों से समझौता नहीं कर सकते। एडम्स ने कहा कि ब्रूक्स जल्द से जल्द टीम से जुड़ेंगे। ब्रूक्स ने पिछले साल दिसंबर में टी20 में पदार्पण किया था।

# फुटबॉल को अलविदा कहेंगे अर्जेंटीना के स्टार हिगुएन



**एजेंसी।** फोर्ट लॉडरडेल (मियामी)

**अर्जेंटीना** के स्टार फुटबॉलर गोंजालो हिगुएन ने कहा है कि वह इस सत्र में इंटर मियामी की तरफ से मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगे। यह 34 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर 2020 में मियामी से जुड़ा था। उन्होंने लीग के इस सत्र में अब तक 14 गोल किए हैं। मियामी की तरफ से उन्होंने जो कुल 65 मैच खेले हैं उनमें 27 गोल दागे हैं। हिगुएन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में संन्यास की अपनी योजना की घोषणा की।

इस स्टार स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की तरफ से 75 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31 गोल किए। वह 2009 से 2018 तक अर्जेंटीना की टीम के सदस्य रहे। वह विश्व कप 2014 के फाइनल में जर्मनी से हारने वाली अर्जेंटीनी टीम के सदस्य थे। हिगुएन रिवर प्लेट (2005-07), रीयाल मैड्रिड (2007-13), नेपोली (2013-16), युवेंटस (2016-20), एसी मिलान (2018-19) और चेल्सी (2019) के लिए भी खेल चुके हैं।

# भारत की फारवर्ड मुमता खान एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उभरती खिलाड़ी बनीं

**इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में भारत की ओर से दोनों गोल किए**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** की फारवर्ड मुमताज खान को इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में जूनियर विश्व कप में देश के अभियान के दौरान उनकी शानदार भूमिका के लिए एफआईएच की साल की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

लखनऊ की रहने वाली 19 वर्षीय मुमताज ने अप्रैल में पोटचेफस्ट्रूम में भारत के चौथे स्थान पर रहने के दौरान छह मैच में हैट्रिक सहित आठ गोल किए थे। वह विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर रहीं थी। वह पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ नीदरलैंड के खिलाफ एक मैच में गोल करने में विफल रही।मुमताज ने इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में 2-2 की बराबरी के दौरान भारत की ओर से दोनों गोल किए।

भारत को हालांकि शूट आउट में हार के साथ चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। मुमताज ने कहा, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने यह पुरस्कार जीता है। साल भर में हमारी पूरी टीम की मेहनत रंग लाई है और मैं इसे अपनी टीम को समर्पित करती हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह पुरस्कार एक संकेत है कि मैंने पिछले एक साल में प्रशिक्षण के दौरान जो कड़ी मेहनत की है उससे मुझे एक खिलाड़ी के रूप में बहुत सुधार करने में मदद मिली है। लेकिन यह मेरे करियर की शुरुआत है। मैं सीखने की प्रक्रिया जारी रखना चाहती हूं और अपने खेल में सुधार के लिए कड़ी मेहनत जारी रखूंगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 228 रन का लक्ष्य दिया

**रोसेयु ने 48 गेंद में आठ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 1 रन की पारी खेली**

**एजेंसी।** इंदौर

**रिली** रोसेयु के करियर के पहले शतक से दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन विकेट पर 227 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। रोसेयु ने 48 गेंद में आठ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 100 रन की पारी खेलने के अलावा डिकॉक (68) के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 और ट्रिस्टन स्टब्स (23) के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। डेविड मिलर ने अंत में सिर्फ पांच गेंद में नाबाद 19 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने अंतिम आठ ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 108 रन जोड़े। भारत के चारों तेज गेंदबाज दीपक चाहर (चार ओवर में 48 रन पर एक विकेट), मोहम्मद सिराज (चार ओवर में बिना विकेट के 44 रन), हर्षल पटेल (चार ओवर में बिना विकेट के 49 रन) और उमेश यादव (तीन ओवर में 34 रन पर एक विकेट) काफी महंगे साबित हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। डिकॉक शुरुआत से ही लय में दिखे। उन्होंने मोहम्मद सिराज और दीपक चाहर पर छक्के जड़े। बावुमा ने सिराज की गेंद पर एक रन के साथ श्रृंखला में तीसरी पारी में पहला रन बनाया। उनका संघर्ष हालांकि जारी रहा और वह तीन रन बनाने के बाद उमेश यादव की पहली ही गेंद पर रोहित को कैच दे बैठे। रिली रोसेयु ने उमेश पर लगातार दो चौकों के साथ अपनी पारी की शुरुआत की और फिर अश्विन और सिराज पर छक्के भी मारे। दक्षिण अफ्रीका ने पावर प्ले में एक विकेट पर 48 रन बनाए।

### 29वीं बार जीती ईरानी ट्रॉफी

# शेष भारत ने सौराष्ट्र को आठ विकेट से हराया

**टीम इंडिया में जगह बनाने वाले मुकेश कुमार चमके**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**रेस्ट** ऑफ इंडिया ने सौराष्ट्र को आठ विकेट से हराकर 29वीं बार ईरानी ट्रॉफी जीती है। शेष भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम अपनी पहली पारी में मुकेश कुमार (4), कुलदीप सेन (3) और उमरान मलिक (3) की घातक गेंदबाजी के आगे सिर्फ 98 रनों पर ही ढेर हो गई। टीम के लिए धर्मेंद्रसिन जडेजा ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। सौराष्ट्र के सात बल्लेबाज पहली पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

रेस्ट ऑफ इंडिया ने इसके जवाब में अपनी पहली पारी में सरफराज खान के शतक और सौरभ कुमार के अर्धशतक की बदौलत 374 रन बनाए।

सौराष्ट्र के लिए चेतन सकरिया ने पांच विकेट झटके। पहली पारी में 276 रन से पिछड़ने के बाद सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में हिम्मत दिखाई, लेकिन टॉप ऑर्डर ज्यादा कुछ नहीं कर सका। सौराष्ट्र के सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा दोनों पारियों में एक रन के स्कोर पर आउट हुए। दूसरी पारी में सौराष्ट्र की आधी टीम 87 रन पर पवेलियन लौटने के बाद शेल्डन और अर्पित ने छठे विकेट के लिये 117 रन की साझेदारी की। शेल्डन ने 204 रन के टीम स्कोर पर आउट होने से पहले 117 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 71 रन बनाये। अर्पित 11 रन के बाद सौरभ की गेंद पर पगबाधा हो गये। अर्पित ने 127 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन बनाये।

# टी20 विश्व कप के लिए मेनन 16 अंपायरों में

**एजेंसी।** दुबई



**भारत** के नितिन मेनन समेत 16 अंपायर आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। मेनन आईसीसी अंपायरों की एलीट पेनल में अकेले भारतीय हैं और आस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं।

आईसीसी ने टूर्नामेंट के पहले दौर और सुपर 12 चरण के लिए अधिकारियों की घोषणा कर दी। आईसीसी ने एक बयान में कहा, कुल 16 अंपायर टूर्नामेंट में अंपायरिंग करेंगे। रिचर्ड केटलबरो, नितिन मेनन, कुमार धर्मसेना और मराइस इरास्मस ने 2021 फाइनल में अंपायरिंग की थी जब आस्ट्रेलिया ने पहला टी20 विश्व कप जीता था। आईसीसी मैच रैफरियों की पेनल के मुख्य रैफरी रंजन मदुगले भी चार पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों में से हैं जो मैच रैफरी होंगे। इनमें मदुगले के साथ जिम्बाब्वे के एंड्रयू पायक्रॉफ्ट, इंग्लैंड के क्रिस्टोफर ब्रॉड और आस्ट्रेलिया के डेविड बून शामिल हैं। पायक्रॉफ्ट 16 अक्टूबर को श्रीलंका और नामीबिया के बीच पहले दौर के मैच में रैफरी होंगे जबकि जोएल विल्सन और रॉडनी टकर अंपायरिंग करेंगे। आईसीसी ने बताया कि सेमीफाइनल और फाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा बाद में की जाएगी। मैच रैफरी : एंड्रयू पायक्राफ्ट, क्रिस्टोफर ब्रॉड, डेविड बून, रंजन मदुगले।

# जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाने से निराश

### भारतीय टीम कल आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी

**प्रतियोगिता में अपनी टीम का उत्साह बढ़ाते रहेंगे**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** के स्टार तेज गंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण टी20 विश्वकप में नहीं खेल पाने से बेहद निराश हैं लेकिन वह इस प्रतियोगिता के दौरान अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते रहेंगे।

बुमराह ने मंगलवार को ट्वीट किया, बेहद निराश हूं कि मैं इस बार टी20 विश्वकप का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा, लेकिन अपने प्रियजनों से मिली शुभकामनाओं, सहयोग और समर्थन के लिए आभारी हूं। चोट से उबरने के दौरान मैं टीम का उत्साहवर्धन करता रहूंगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा था कि बुमराह आईसीसी टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे जो भारत के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में भारत की संभावनाओं को प्रभावित करेगी क्योंकि डेथ ओवरों की गेंदबाजी अभी टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। यह तेज गेंदबाज राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार करा रहा है और बीसीसीआई को उनकी चिकित्सा रिपोर्ट का इंतजार था लेकिन यह तय था कि वह अगले कई महीनों तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।



बुमराह को पीठ में दर्द के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्तमान टी20 श्रृंखला से बाहर होना पड़ा था। बुमराह पहले भी पीठ दर्द से परेशान रहे हैं। उन्हें 2019 में इसी वजह से तीन महीने तक बाहर रहना पड़ा था लेकिन इस बार उन्हें चार से छह महीने तक बाहर रहना पड़ सकता है। बुमराह ने इस साल भारत की तरफ से तीनों प्रारूपों में समान पांच-पांच मैच जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की तरफ से उन्होंने 14 मैच खेले। बीसीसीआई ने बुमराह की जगह पर अभी तक किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया है।

### चार टीमें सुपर 12 में प्रवेश करेंगी

**स्टैंडबाई** की सूची में रखे गए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यदि कोविड-19 से उबरने के बाद पूरी फिटनेस हासिल कर लेते हैं तो उन्हें टीम में लिया जा सकता है। अगर शमी पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो फिर दीपक चाहर या मोहम्मद सिराज में से किसी को विश्वकप टीम में जगह मिल सकती है। भारतीय टीम गुरुवार को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। विश्वकप 16 अक्टूबर से पहले दौर के मैचों से शुरू होगा जिसमें से चार टीमें सुपर 12 में प्रवेश करेंगी। सुपर 12 के मैच 22 अक्टूबर से खेले जाएंगे।